जबलपुर
बुधवार 19 नवंबर 2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



# 350वां शहीदी दिवस

## श्री गुरु तेग़ बहादुर जी

भाई मती दास जी,
भाई सती दास जी,
भाई दयाला जी

को समर्पित



# नगर कीर्तन एवं समागमों का विवरण

### श्रीनगर से श्री आनंदपुर साहिब (19-22 नवंबर, 2025)

1. श्रीनगर
2. जम्मू
3. पठानकोट
4. दसूहा
5. होशियारपुर
6. माहिलपुर
7. गढ़शंकर
8. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – जम्मू (19 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – पठानकोट (20 नवंबर, 2025)
- दिन 3 – होशियारपुर (21 नवंबर, 2025)

### गुरदासपुर से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1. गुरदासपुर
2. बटाला
3. बाबा बकाला साहिब
4. श्री अमृतसर साहिब
5. तरन तारन
6. गोइंदवाल साहिब
7. कपूरथला
8. करतारपुर
9. जालंधर
10. फ़गवाड़ा
11. बंगा
12. नवांशहर
13. बलाचौर
14. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 - श्री अमृतसर साहिब (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - जालंधर (21 नवंबर, 2025)

### फ़रीदकोट से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1. फ़रीदकोट
2. फ़िरोज़पुर
3. मोगा
4. जगराओं
5. लुधियाना
6. खन्ना
7. सरहिंद
8. फ़तेहगढ़ साहिब
9. मोरिंडा
10. चमकौर साहिब
11. रूपनगर
12. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – लुधियाना (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 – फ़तेहगढ़ साहिब (21 नवंबर, 2025)

### तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो से श्री आनंदपुर साहिब (20-22 नवंबर, 2025)

1. तख्त श्री दमदमा साहिब, तलवंडी साबो
2. बठिंडा
3. बरनाला
4. संगरूर
5. पटियाला
6. राजपुरा
7. बनूड़
8. साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर
9. कुराली
10. रूपनगर
11. श्री आनंदपुर साहिब

पड़ाव
- दिन 1 – संगरूर (20 नवंबर, 2025)
- दिन 2 - साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर (21 नवंबर, 2025)

## श्री आनंदपुर साहिब में होने वाले समागमों का विवरण

### 23 नवंबर, 2025

- आरंभ श्री अखंड पाठ साहिब
- श्री गुरु तेग़ बहादुर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन
- सर्व धर्म सम्मेलन
- विरासत-ए-खालसा, भाई जैता जी मेमोरियल और पंज प्यारा पार्क का गाइडेड टूर
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 24 नवंबर, 2025

- शीश भेंट नगर कीर्तन (कीरतपुर साहिब से श्री आनंदपुर साहिब)
- श्री आनंदपुर साहिब में हैरिटेज वॉक
- श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग़ बहादुर जी को समर्पित विशेष विधानसभा सत्र
- ढाडी, कविशर दरबार
- गुरु साहिब के जीवन एवं शिक्षाओं पर आधारित नाटक/पाठ/कविता
- गतका और अन्य कार्यक्रम
- ड्रोन शो
- कथा एवं कीर्तन दरबार

### 25 नवंबर, 2025

- श्री अखंड पाठ साहिब के भोग की संपूर्णता
- राज्य स्तरीय रक्तदान मुहिम
- 3.50 लाख पौधे लगाने की राज्य स्तरीय मुहिम
- गुरुवाणी कीर्तन
- सरबत दा भला एकत्रता
- ड्रोन शो

धार्मिक स्वतंत्रता और मानव अधिकारों के संरक्षक, करुणा, त्याग और साहस के प्रतीक नौवें पातशाह श्री गुरु तेग़ बहादुर जी आज भी सम्पूर्ण मानवता के लिए एक प्रकाश-स्तंभ बने हुए हैं। आइए, अपने परिवारों सहित इस पवित्र धरती पर श्रद्धा से नतमस्तक होकर इन दिव्य आयोजनों का हिस्सा बनें।

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

सुप्रीम कोर्ट ने कहा यह गंभीर मुद्दा

# देश में हर 8 मिनट में लापता हो रहा एक बच्चा, यह चिंतनीय

## अभी गोद लेने की प्रक्रिया कठोर... यह सरल होनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक समाचार रिपोर्ट पर चिंता जहिर की है। इसमें दावा किया गया था कि देश में हर 8मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। न्यायालय ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मामले में कहा कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है और केंद्र से इस प्रणाली को सरल बनाने को कहा गया। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक रूप से कहा कि मैंने यह अखबार में पढ़ा है है। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। लेकिन यह एक गंभीर मुद्दा है। शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि गोद लेने की प्रक्रिया कठोर होने के कारण इसका उल्लंघन होना स्वाभाविक है और लोग बच्चे पैदा करने के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं।

### केंद्र को दिया 9 दिसंबर तक का वक्त

केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने 6 सप्ताह का समय मांगा। शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह का समय देने से इनकार कर दिया और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से 9 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने को कहा।



### पहले भी केंद्र सरकार को दिया गया था निर्देश

14 अक्टूबर क, पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से संचालित मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशन के लिए उनके नाम और संपर्क विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दे। पीठ ने निर्देश दिया था कि जब भी पोर्टल पर किसी लापता बच्चे के बारे में कोई शिकायत प्राप्त हो, तो जानकारी संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ तुरंत साझा की जानी चाहिए।

### एक विशेष ऑनलाइन पोर्टल बनाने का भी था निर्देश

शीर्ष अदालत ने पहले केंद्र से लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने को कहा था। पीठ ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने के काम में लगे पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित किया था। अदालत ने कहा था कि पोर्टल पर प्रत्येक राज्य से एक समर्पित अधिकारी हो सकता है जो सूचना प्रसारित करने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का प्रभारी भी हो सकता है।

### एनजीओ ने की थी शिकायत

एनजीओ गुरिया स्वयं सेवी संस्थान ने शीर्ष अदालत का रुख किया था और अपहरण या लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों के अलावा भारत सरकार की तरफ से निगरानी किए जाने वाले खोया/पाया पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डाला था। याचिका में पिछले साल उत्तर प्रदेश में दर्ज 5 मामलों के साथ अपनी दलील को स्पष्ट किया गया था, जिनमें नाबालिग लड़कों और लड़कियों का अपहरण किया गया था और बिचौलियों के एक नेटवर्क के माध्यम से झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में उनकी तस्करी की गई थी।

एम्स की चेतावनी

## कड़े कदम उठाइए नहीं तो दिल्ली में हेल्थ इमरजेंसी के हालात होंगे

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉक्टरों का कहना है कि दिल्ली में पलूशन ने हेल्थ इमरजेंसी जैसे हालात पैदा कर दिए हैं। एम्स के पल्मोनरी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. अनंत मोहन ने कहा कि स्वस्थ लोग भी बीमार हो रहे हैं, इसलिए प्रदूषण कम करने के लिए कारगर कदम उठाने पड़ेंगे। जब तक सभी हेल्थ इमरजेंसी नहीं मानेंगे तब तक यह यह समस्या दूर नहीं होगी। डाक्टरों ने कहा कि 2-3सप्ताह से सांस के मरीज 30-40 प्रतिशत बढ़ गए हैं। ब्लड प्रेशर, हार्ट अटैक, स्ट्रोक व मानसिक बीमारी भी होती है। उन्होंने गर्भवती महिलाओं की सेहत पर भी असर पड़ता है।



## खबर संक्षेप

### उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन से मिले धनखड़

**नई दिल्ली।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की है। राधाकृष्णन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद ये दोनों की पहली औपचारिक मुलाकात है। धनखड़ ने 21 जुलाई को स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था।



### बीड में 31 बंधुआ मजदूरों को बचाया

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बंधुआ मजदूरी कर रहे 31 लोगों को बचाया गया है। अधिकारी ने बताया कि बचाए गए सभी लोग जलगांव जिले के रहने वाले हैं और जनजातीय समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इनसे बीड के मजलगांव तालुका में पिछले तीन महीनों से जबरन मजदूरी कराई जा रही थी और धमकाया जा रहा था।



### भट्ट, पत्नी पर 30 करोड़ की धोखाधड़ी का केस

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज फिल्ममेकर विक्रम भट्ट का नाम इस समय विवादों में बना हुआ है।फिल्ममेकर, उनकी वाइफ श्वेतांबरी भट्ट और 8 अन्य लोगों पर आरोप है कि उन्होंने उदयपुर के डॉक्टर से करीब 30 करोड़ की ठगी की। अब भूपालपुरा पुलिस ने सभी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फिल्मों में पैसा लगाने को कहा था।



### रिश्वत मांगने के आरोपी ईडी अधिकारी को बेल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने में ईडी के सहायक निदेशक विशाल दीप को जमानत दे दी। दीप को छात्रवृत्ति निधि में कथित वित्तीय गड़बड़ की जांच के दौरान दो कॉलेज प्रशासकों से रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।



## पीएम ने गुलामी की मानसिकता का जिक्र कर कांग्रेस पर किया हमला

थरूर बोले पीएम अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देंगे

# ऑडियंस में बैठे सुनते रहे थरूर, कुछ अंश साझा कर जमकर तारीफ भी की

*मोदी ने कहा-6 राजनीतिक दल सामाजिक न्याय पर केवल अपने हित साध रहे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम के दौरान गुलामी की मानसिकता का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला किया। रामनाथ गोयंका व्याख्यान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा 6 राजनीतिक दल और नेता सामाजिक न्याय के नाम पर केवल अपने हित साधते हैं। कांग्रेस सरकारों ने 'अर्बन नक्सलियों' को शीर्ष पद दिए। 'मुस्लिमलीगी माओवादी कांग्रेस' अब भी राष्ट्रीय हित को दरकिनार कर रही है। इस कार्यक्रम की ऑडियंस में कांग्रेस के दिग्गज नेता शशि थरूर भी मौजूद थे। उन्होंने पीएम मोदी के भाषण के कुछ अंश साझा करते हुए सोशल मीडिया पर पीएम मोदी की जमकर तारीफ की है। हालांकि भाषा को लेकर उन्होंने इतना जरूर कहा कि उम्मीद है प्रधानमंत्री अंग्रेजी के योगदान पर भी ध्यान देते होंगे।



प्रधानमंत्री से मिलते कांग्रेस सांसद शशि थरूर। फाइल फोटो

### रचनात्मक विकास पर बल दिया

थरूर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गुलामी की मानसिकता से निकलने और रचनात्मक विकास पर बल दिया। पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब केवल एक उभरता हुआ बाजार नहीं बल्कि दुनिया के लिए एक मॉडल है। थरूर ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने भाषण में जिक्र किया कि लोग आरोप लगाते हैं कि वह हमेशा चुनाव के मूड में ही रहते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। लोगों की समस्याओं को लेकर मैं भावनात्मक मूड में रहता हूं।

### समाधान पर फोकस रहा

थरूर ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के लिए भारत की 'रचनात्मक अधीरता' पर जोर दिया है और उन्होंने 'उपनिवेशवाद के बाद वाली मानसिकता' से बाहर निकलने का आह्वान किया है। साथ ही संस्कार पर भी ध्यान देने की बात कही है।

### भारत उभरता हुआ मॉडल

थरूर ने कहा कि पीएम ने जोर दिया कि भारत अब केवल एक 'उभरता हुआ बाज़ार' नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक 'उभरता हुआ मॉडल' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन पर हर समय 'चुनावी मोड' में रहने का आरोप लगाया जाता है, लेकिन वे समस्याओं के समाधान के लिए 'भावनात्मक मोड' में थे।

*पीएम ने अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने की बात कही*

थरूर ने कहा कि इस भाषण का अहम हिस्सा यह था कि पीएम मोदी ने मैकॉले के 200 साल के थोपी गई गुलामी की मानसिकता से निकलने और 10 साल अपनी संस्कृति, भाषा और नॉलेज सिस्टम को रीस्टोर करने में लगाने की बात कही है। उन्होंने इस बात पर भी ध्यान दिया होगा कि रामनाथ गोयंका ने कैसे अंग्रेजी भाषा में राष्ट्रवाद की आवाज बुलंद की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण आर्थिक परिदृश्य, सांस्कृतिक आह्वान और अथक परिश्रम की प्रेरणा से ओतप्रोत था।

### भारत उम्मीद का मॉडल

पीएम ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद हमारी जीडीपी लगभग सात प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। भारत न केवल एक उभरता हुआ बाजार है, बल्कि एक उभरता हुआ मॉडल भी है। दुनिया भारत के विकास मॉडल को 'उम्मीद के मॉडल' के रूप में देख रही है।

आज का भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए व्यग्र है, वैश्विक चुनौतियों के बावजूद वह तेजी से आगे बढ़ रहा है। लोगों का कल्याण करने के लिए व्यक्ति को भावनात्मक होकर काम करना चाहिए, चुनाव को ध्यान में रखकर नहीं। हम चुनाव जीतते हैं क्योंकि हम विकास और कल्याण के लिए चौबीस घंटे प्रतिबद्ध हैं। पीएम ने लंबे समय तक आयातित विचारों, वस्तुओं और आयातित सेवाओं को बढ़ावा दिया गया लेकिन हमने वह सब बदल दिया है।

## नाराजगी या फिर कोई और रहा कारण

# 'एसआईआर' पर कांग्रेस की बैठक में ही नहीं पहुंचे थरूर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के 12 राज्यों में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने वाली है, जिसे लेकर कांग्रेस पार्टी ने मंगलवार को एक बैठक बुलाई थी। इस बैठक में कांग्रेस के उन सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के एआईसीसी महासचिव और प्रभारियों समेत वरिष्ठ नेता शामिल हुए, जहां चुनाव आयोग एसआईआर करने वाली है। कांग्रेस की इस अहम बैठक से पार्टी के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सांसद शशि थरूर गायब रहे। कांग्रेस के आला कमान की ओर से थरूर को भी इस महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया था। थरूर के कार्यालय ने बैठक से उनकी अनुपस्थिति के पीछे स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया।

### रणनीति बनाने समीक्षा बैठक थी आहूत

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाले एसआईआर पर व्यापक रणनीति बनाने के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, इंचार्जों, पीसीसी, सीएलपी और सचिवों के साथ मिलकर व्यापक रूप से समीक्षा की गई। वेणुगोपाल ने कहा कि भारतीय चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। चुनाव आयोग देश के लोकतंत्र को खत्म कर रहा है. राज्यों के वोटर लिस्ट से कुछ सेक्शन का वोट जानबूझकर काटा जा रहा है, ये पूर्ण रूप से अलोकतांत्रिक है।



### 'सर' की शुद्धता के लिए कांग्रेस प्रतिबद्धः खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर इस बैठक को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदाता सूची की शुद्धता की रक्षा करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को तुरंत इस बात का सबूत देना चाहिए कि वह भाजपा की छत्रछाया में काम नहीं कर रहा है और उसे अपनी संवैधानिक शपथ और देश की जनता के प्रति अपनी निष्ठा याद है।



## किसानों का इंतजार खत्म

# आज पीएम किसान 21वीं किस्त का पैसा जारी करेंगे प्रधानमंत्री

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त की तारीख तय हो गई है। लंबे समय से 21वीं किस्त के पैसों का इंतजार कर रहे देशभर के करोड़ों किसानों के लिए आखिरकार खुशखबरी आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार दोपहर 2 बजे तमिलनाडु से देश के 9 करोड़ किसानों के खातों में 18,000 करोड़ ट्रांसफर करेंगे। डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के ज़रिये हर पात्र किसान को 2,000 रुपए मिलेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जानकारी दी कि पीएम तमिलनाडु के कोयम्बटूर में होने वाले एक कार्यक्रम में पीएम किसान की 21वीं किस्त जारी करेंगे। 24 फरवरी, 2019 को शुरू की गई इस योजना के तहत प्रत्येक पात्र किसान परिवार को 6,000 रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान करती है। सरकार ने पहले ही 4 राज्यों पंजाब, हिमाचल, जम्मू और कश्मीर और उत्तराखंड के किसानों के खाते में 21वीं किस्त जारी कर दी है। किसानों को इसका इंतजार है।



## ट्रायल रन रहा सफल

# 180 किमी के रफ्तार से दौड़ी वंदे भारत स्लीपर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अनुसंधान डिज़ाइन एवं मानक संगठन ने दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का ट्रायल रन सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह नई ट्रेन बीईएमएल द्वारा आईसीएफ टेक्नॉलाजी का इस्तेमाल करके विकसित की गई है।

इस नई सेमी-हाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन से पूरे भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में बड़े बदलाव आने की उम्मीद है। परीक्षणों के दौरान आरडीएसओ ने तीन रेलवे जोन में 16-कोच वाले प्रोटोटाइप स्लीपर रेक-2 पर कई गति पर विस्तृत ऑसिलेशन ट्रायल और आपातकालीन ब्रेकिंग डिस्टेंस परीक्षण किए। इस रेलवे जोन में उत्तर मध्य रेलवे, पश्चिम मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे शामिल है।अब ध्यान अगले चरणों पर केंद्रित है, जिसमें ट्रेन के आधिकारिक लॉन्च के लिए मंजूरी और तैयारी शामिल है। दूसरे वंदे भारत स्लीपर रेक का परीक्षण पूरा होने के बाद,ट्रेन को परीक्षण के दौरान पहचाने गए आवश्यक सुधारों और समायोजनों के लिए बीईएमएल वापस भेजा जाएगा।



## भाजपा ने किया किसी भी मतभेद होने की खबरों का खंडन

# कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं हुए शिवसेना के मंत्रीगण, सिर्फ उपमुख्यमंत्री शिंदे बैठे रहे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में आगामी निकाय चुनावों से पहले महायुति के अंदर कलह की खबरें हैं। महायुति सरकार के अधिकांश शिवसे के खेमे के मंत्री मंगलवार को साप्ताहिक कैबिनेट बैठक से दूर रहे। मंत्रालय में कैबिनेट बैठक में केवल उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे मौजूद थे।भाजपा ने गठबंधन में किसी भी तरह के मतभेद होने की खबरों का खंडन किया है। शिवसेना खेमे के मंत्री इसलिए दूर रहे ताकि वे भाजपा को संदेश दे सकें कि जैसा हो रहा है, वह स्वीकार नहीं किया जाएगा। दोनों में रार बीएमसी चुनाव से पहले शुरू हुई है। डोंबिवली में कई शिवसैनिक हाल ही भाजपा में शामिल हो गए थे, जिसे लेकर शिवसेना में नाराजगी है।



बैठक का का नजारा

### शिवसेना को फडणवीस की दो टूक

इस पूरे प्रकरण को लेकर शिवसेना के मंत्रियों ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके कक्ष में मुलाकात की और डोंबिवली के घटनाक्रम पर अपनी नाराजगी जताई। इस पर फडणवीस ने कहा कि पड़ोसी उल्हासनगर में भाजपा सदस्यों को सबसे पहले शिवसेना ने ही अपने पाले में शामिल किया था। मुख्यमंत्री ने कथित तौर पर शिवसेना नेताओं से कहा कि जब उनकी पार्टी अन्य सहयोगियों के सदस्यों को अपने पाले में लेती है, तो भाजपा द्वारा ऐसा करने पर उन्हें शिकायत नहीं करनी चाहिए।

## सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा किया, सघन तलाशी ली

# दिल्ली के 4 कोर्ट और 2 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी अफवाह निकली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की कई जिला अदालतों में मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था को और कड़ा कर दिया गया है। धमकी के बाद साकेत, द्वारका, पटियाला हाउस और रोहिणी स्थित अदालतों को तुरंत खाली करा लिया गया था और गहन तलाशी अभियान चलाया गया था।बम की धमकी के कारण अदालती कार्यवाही को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया था। सभी न्यायाधीशों, वकीलों, कर्मचारियों और आगंतुकों को तुरंत इमारतों से बाहर निकाला गया। बम निरोधक दस्ते और सुरक्षाकर्मियों ने पूरे परिसर की बारीकी से जांच की। पटियाला हाउस कोर्ट में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए, जहां बम निरोधक दस्ते ने गहन जांच की।

### साकेत कोर्ट में अलर्ट

सुरक्षा जांच पूरी होने के बाद, दोपहर के भोजन के बाद अदालती कार्यवाही को फिर से शुरू करने की अनुमति मिल सकती है। साकेत कोर्ट बार एसोसिएशन के मानद सचिव, अनिल बसोया, एडवोकेट द्वारा जारी एक सूचना में सदस्यों को सूचित किया गया कि न्यायालय परिसर में सुरक्षा संबंधी समस्या के कारण, अगले दो घंटों के लिए सभी न्यायालयीन कार्य अस्थायी रूप से स्थगित कर दिए गए थे। सूचना में सभी सदस्यों से शांत रहने, अधिकारियों के साथ सहयोग करने और अनावश्यक भीड़ या अफरा-तफरी न मचाने का अनुरोध किया गया था।




दिल्ली का पटियाला कोर्ट

## रोहिणी के 'दर्द' ने एक बार फिर मचाया बिहार में बवाल

# एक बोतल रक्तदान में खून सूखा, संजय उपदेश दे रहे

एजेंसी ▶▶ पटना

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने एक बार फिर तहलका मचा दिया है। उन्होंने अपने पिता के किडनी डोनेशन को लेकर उठाए गए सवालों का जवाब सोशल मीडिया पर दिया है। उन्होंने तेजस्वी यादव के करीबी राज्यसभा सांसद संजय यादव को लेकर भी कड़ी टिप्पणी की है। उन्होंने संजय यादव और उनसे जुड़े लोगों को चुनौती दी है कि एक बोतल रक्तदान में जिनका खून सूख जाता है, वह किडनी दान पर उपदेश दे रहे हैं। रोहिणी ने कहा कि जो लोग लालू जी के नाम पर कुछ करना चाहते हैं, उन्हें झूठी हमदर्दी जताने के बजाय हॉस्पिटल में अपनी अंतिम सांसें गिन रहे उन लाखों-करोड़ों गरीब लोगों, जिन्हें किडनी की जरूरत है, उन्हें अपनी किडनी देने के लिए आगे आना चाहिए।



*किडनी डोनेशन पर बोलीं- वे बेकार की हमदर्दी न जताएं*

### कांग्रेस ने 43 नेताओं को नोटिस दिया

बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने के कारण कांग्रेस अनुशासन समिति ने कई नेताओं को कारण-पत्र (शोकॉज नोटिस) जारी किया है। चुनावी को दौरान इन नेताओं ने मीडिया सहित अन्य सार्वजनिक मंचों पर पार्टी की आधिकारिक लाइन से हटकर बयान दिए थे, जिससे पार्टी की छवि, प्रतिष्ठा तथा चुनावी प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव के अनुसार संबंधित सभी नेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे दिनांक 21 नवंबर तक अपना लिखित स्पष्टीकरण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें।

### कांग्रेस के छह विधायक जेडीयू में शामिल होंगे

भाजपा प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने मंगलवार को मीडिया से संवाद के दौरान कांग्रेस और उसके शीर्ष नेतृत्व पर कड़ा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के 6 विधायक जल्द ही जदयू में शामिल हो सकते हैं और कांग्रेस संगठन उन्हें रोक पाने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि उनको तो रोक लें गहलोत, अगर रोक सकते हैं।

### गहलोत अपनी राजनीति बिहार में आजमाएं

अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राजस्थान में जिस तरह वे 'विधायक बचाने' की राजनीति करते थे, अब वही उन्हें बिहार में करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गहलोत यह स्वीकार कर लें कि कांग्रेस आज जिस स्थिति में पहुंची है, वह उसकी खुद की विफलताओं का परिणाम है।



जबलपुर
बुधवार, 19 नवंबर 2025
- अगहन मास कृष्ण पक्ष –15
- वर्ष : 20, अंक : 201
- पृष्ठ : 2+6+6=14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 24
न्यून. 10

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

हवाओं की रफ्तार कम होते ही 3 डिग्री बढ़ा पारा

## राजगढ़ में सबसे कम 5.8 डिग्री, सीवियर कोल्ड वेव से राहत शुरू


भोपाल स्टेशन के पास कड़ाके की ठंड में अलाव का सहारा

**दर्जनभर जिलों में रात के तापमान में शुरू हुई बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के कुछ जिलों में हवाओं की रफ्तार कम होते ही रात के तापमान में बढ़त शुरू हो गई है। मंगलवार को भोपाल में रात का पारा 3 डिग्री बढ़कर 8.2 डिग्री पर आ गया है, जो सामान्य से 6.2 डिग्री कम है। इससे यहां सीवियर कोल्ड वेव से राहत रही, लेकिन कोल्ड वेव का सिलसिला अभी जारी है। कुछ जिलों में न्यूनतम पारा बढ़ने के साथ कुछ जिलों में कमी भी आई है।

**अब कुछ राहत के आसार**

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाओं की गति कम होने के साथ अगले एक-दो दिन में दिशा में भी कुछ बदलाव होने से ज्यादातर जिलों में रात का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ेगा, लेकिन सीवियर कोल्ड वेव और कोल्ड वेव का असर अभी बना रहेगा।


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

भोपाल में राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी का किया शुभारंभ

# सीएम डॉ. यादव बोले- बच्चों में दिख रही आर्यभट्ट और कलाम जैसी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मुख्यमंत्री ने कहा-बच्चों को ज्ञान विज्ञान की गति को आगे बढ़ाने के लिए 6 गुण आवश्यक हैं- विद्या, तर्क, विज्ञान, स्मृति, तत्परता और क्रियाशीलता*

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश की नई पीढ़ी में वे वराह मिहिर, आर्यभट्ट, होमी जहांगीर भाभा, विक्रम साराभाई और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसी प्रतिभा देख रहे हैं। वे मंगलवार को क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भोपाल में आयोजित 52वीं राष्ट्रीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2025 का शुभारंभ कर रहे थे।

सीएम ने प्रदर्शनी में शामिल बच्चों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे उनके बीच भविष्य के वैज्ञानिकों को देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आपमें से कोई वराह मिहिर होगा, कोई आर्यभट्ट, कोई होमी भाभा, कोई विक्रम साराभाई और कोई डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम।


सीएम का रोबोट ने किया स्वागत

**वैज्ञानिक सोच और परंपरा का संयोजन**

मुख्यमंत्री ने भारतीय ज्ञान परंपरा के श्लोकों का उल्लेख करते हुए कहा- वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभा- यह श्लोक हमारे प्राचीन ज्ञान की वैज्ञानिक गहराई का द्योतक है। उन्होंने कहा कि यत्पिंडे तत्ब्रह्मांडे का अर्थ समझने वाला व्यक्ति यह जान लेता है कि सूक्ष्म और स्थूल जगत का स्वरूप एक है। सीएम ने अंगदान के महत्व पर भी जोर दिया और कहा कि अंगदान करने वाले व्यक्ति को सम्मान देना वैज्ञानिक दृष्टिकोण का ही सम्मान है।




**खबर संक्षेप**

**एक्स, चैट जीपीटी और जैमिनी तक रहे ठप**



**नई दिल्ली।** इंटरनेट पर मंगलवार दोपहर दो घंटे तक कई वेबसाइट्स और एप्स ने काम करना बंद कर दिया। इसकी वजह क्लाउडफ्लेयर में आया एक बड़ा आउटेज है। दुनिया भर के यूजर्स एक्स, जेमिनी, पर्प्लेक्सिटी और कई अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लॉगिन या कंटेंट लोड नहीं कर पाए। क्लाउडफ्लेयर ने कहा कि वे तकनीकी गड़बड़ी की जांच कर रहे हैं।

**वंदना ने जीती वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप**



**इंदौर।** इंदौर की बेटी वंदना ठाकुर ने 16वीं वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश के साथ इंदौर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता 11 से 17 नवंबर, तक रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया के रियाउ प्रांत में आयोजित की गई थी। वंदना ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**अस्पताल परिसर में खुले में हुआ प्रसव**



**भिंड।** जिला अस्पताल में मंगलवार को गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। अटेर क्षेत्र के मोरा गांव की प्रसूता प्रियंका को अस्पताल में लाया गया था, परिजनों का आरोप है कि लेबर रूम में समय पर भर्ती न किए जाने के कारण उसे अस्पताल परिसर में ही खुले में बच्चे को जन्म देना पड़ा। मौके पर मौजूद महिलाओं की मदद से प्रसव कराया।

कैबिनेट का **बड़ा फैसला**

*▶▶ मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर संस्थागत सेवा योजना को आगामी 5 वर्षों तक संचालित करने की स्वीकृति*

# वात्सल्य योजना से 33 हजार 'निराश्रित' बच्चों को मिलेंगे हर महीने 4 हजार रुपए

**इस पर कुल 1,022 करोड़ 40 लाख रुपए का व्यय होगा**

**इसमें राज्यांश 408 करोड़ 96 लाख और केंद्रांश 613 करोड़ 44 लाख रुपए होगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

▶▶ 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर बाल देखभाल संस्थान छोड़ने वाले बच्चों को आफ्टर केयर के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में संपन्न हुई। मंत्रि-परिषद मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत गैर संस्थागत सेवा योजना यथा स्पॉन्सरशिप, फॉस्टर केयर, आफ्टर केयर को आगामी 5 वर्षों तक प्रदेश में संचालित करने की स्वीकृति दी गई। योजना के तहत पात्र बच्चे को 4 हजार रुपए प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर बाल देखभाल संस्थान छोड़ने वाले बच्चों को आफ्टर केयर के माध्यम से रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाएगा।

सोलर पंप स्थापना की योजना में संशोधन की स्वीकृति

13 जिलों के आयुष चिकित्सालयों में 373 नवीन पदों की स्वीकृति

प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना में संशोधन की स्वीकृति


मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक हुई

**मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् में भर्ती के लिए सेवा शर्तें एवं नियम अनुमोदित**

मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्के वैज्ञानिकों/ अधिकारियों एवं कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तें नियम 2025 का अनुमोदन प्रदान किया गया। विज्ञान, तकनीकी, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र में वर्तमान समय में हो रहे अनुप्रयोगों के दृष्टिगत प्रदेश में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की गतिविधियों में सुदूर संवेदन उपयोग केंद्र, ग्रामीण प्रौद्योगिकी उपयोग केंद्र, मौसम परिवर्तन अनुसंधान केंद्र, अंतरिक्ष विज्ञान अनुसंधान केंद्र एवं उन्नत शोध एवं उपकरण सुविधा केंद्र कार्यरत हैं।

**12 जिलों के आयुष चिकित्सालयों में होगी भर्ती**

मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश के 12 जिलों भोपाल, इंदौर, नरसिंहपुर, मंडलेश्वर (खरगोन), बालाघाट, गुना, भिंड, सीहोर, अमरकंटक (अनूपपुर), पन्ना, श्योपुर एवं शुजालपुर (शाजापुर) में 50 बिस्तरीय आयुष चिकित्सलयों एवं बड़वानी जिले में 30 बिस्तरीय चिकित्सालय के संचालन के लिए 373 पद एवं 806 मानव संसाधन सेवाएं ऑन कॉल की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत नवीन पदों में प्रथम श्रेणी के 52 पद, द्वितीय श्रेणी के 91 और तृतीय श्रेणी के 230 पद शामिल है। नियमित पदों पर वार्षिक वित्तीय भार 25 करोड़ 57 लाख रुपए आएगा। इसके साथ ही स्वीकृत मानव संसाधन सेवाओं मे द्वितीय श्रेणी के 91, तृतीय श्रेणी के 117 और चतुर्थ श्रेणी के 598 पद शामिल है। मानव सेवाओं का प्रबंधन भारत सरकार के राष्ट्रीय आयुष मिशन से किया जाएगा।

केरल सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

## 'सर' का विरोध, कर्मचारियों ने किया बायकॉट का ऐलान

**पं. बंगाल व तमिलनाडु में भी विरोध**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


बीएलओ एसआईआर फार्म के साथ

चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर पश्चिम बंगाल के बाद केरल और तमिलनाडु में विरोध बढ़ता जा रहा है। तमिलनाडु के बीएलओ के साथ ही तहसीलदार लेवल तक के अधिकारियों ने मंगलवार से बायकॉट का ऐलान किया है।

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने केरल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को रोकने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। इसमें कहा गया है कि एसआईआर और स्थानीय निकाय चुनावों को साथ-साथ नहीं कराया जा सकता। याचिका में कहा गया है कि राज्य में 9 और 11 दिसंबर को दो चरणों में स्थानीय निकाय चुनावों होने वाले हैं।

ब्रह्मपुरी से बड़ी संख्या में विस्थापन का विरोध था


ओंकारेश्वर के इस हिस्से के लिए बना था प्रोजेक्ट

## जनभावनाओं के चलते ममलेश्वर लोक प्रोजेक्ट निरस्त किया गया

- रहवासी कह रहे थे कि ममलेश्वर लोक प्रोजेक्ट को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में ममलेश्वर लोक बनाए जाने को लेकर पिछले कई दिनों से विरोध किया जा रहा था। प्रशासन ने बड़ा फैसला लेते हुए ममलेश्वर लोक प्रोजेक्ट को निरस्त कर दिया गया है। बीते दो दिनों से तीर्थनगरी की सभी दुकानों में ताला लगा हुआ था। ममलेश्वर लोक निर्माण के विरोध में सोमवार से तीन दिवसीय नगर बंद का आह्वान किया गया था।

नीतीश कुमार व्यवस्था देखने पहुंचे

**20 नवंबर को 10वीं बार सीएम पद की शपथ लेंगे**

एजेंसी ▶▶ पटना


केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी पहुंचे पटना

नीतीश कुमार दसवीं बार मुख्यमंत्री पद की 10 वीं बार शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम गांधी मैदान में आयोजित होना है। इसके लिए 20 नवंबर की तारीख तय की गई है। शपथ ग्रहण समारोह को लेकर गांधी मैदान में साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का काम भी किया जा रहा है।

पीड़िता इंदौर से पुणे लौट रही थी

**नेशनल शूटर से बैड टच ड्राइवर-कंडक्टर को धुना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर


ड्राइवर और कंडक्टर दोनों नशे में थे

इंदौर-पुणे के बीच चलने वाली निजी ट्रैवल्स की बस में नेशनल शूटर से छेड़छाड़ की गई। पुणे की शूटर जब बस में चढ़ रही थी, कंडक्टर ने उसे बैड टच किया। इस पर उसने आपत्ति जताई। ड्राइवर-कंडक्टर ने बदतमीजी की तो लेडी शूटर ने दोनों की पिटाई कर दी। इसके बाद दोनों वहां से भाग गए।

दिल्ली ब्लास्ट में ईडी का एक्शन

**अल फलाह ट्रस्ट से जुड़े 25 ठिकानों पर छापेमारी**



वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार सुबह दिल्ली के ओखला इलाके में स्थित अल-फलाह ट्रस्ट और फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कई ठिकानों पर बड़े स्तर पर छापेमारी की। ये छापे मनी लॉन्ड्रिंग (पीएमएलए) के एक मामले में हो रहे हैं, जिसमें यूनिवर्सिटी और इसके मालिकों-प्रबंधकों पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के आरोप हैं।

सिवनी का हवाला कांड

**बालाघाट के डीएसपी समेत 'चार' गिरफ्तार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी/बालाघाट


पंकज मिश्रा सस्पेंड एसडीओपी पूजा के बैचमेट

सिवनी में 8-9 अक्टूबर की दरमियानी रात हुए 3 करोड़ रुपए के हवाला लूट मामले में जबलपुर क्राइम ब्रांच ने बालाघाट के डीएसपी पंकज मिश्रा, साइबर सेल के कॉन्स्टेबल प्रमोद सोनी और पंजू गिरी गोस्वामी और पूजा पांडे के जीजा वीरेंद्र दीक्षित को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मंगलवार को की गई। चारों आरोपियों को दो दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

**सुबह 6 बजे शुरू हुई मुठभेड़ करीब एक घंटे तक चली**

हिड़मा का खात्मा सुरक्षा बलों की ओर से तय 30 नवंबर 2025 की समय सीमा से काफी पहले हो गया

# 1 करोड़ का इनामी नक्सली हिड़मा ढेर पत्नी व 6 नक्सलियों के शव बरामद

**छत्तीसगढ़-आंध्र प्रदेश सीमा पर हुई मुठभेड़**

**गृहमंत्री शाह ने ऑपरेशन की सराहना की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा


हिड़मा और उसकी पत्नी राजे उर्फ रजक्का का खात्मा

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खात्मे के लिए राज्य पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों का एंटी नक्सल ऑपरेशन जारी है। मंगलवार की सुबह छह से सात बजे के करीब आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारामराजू जिले के मारेदुमिल्ली के पास सुबह-सुबह हुई मुठभेड़ में हिड़मा समेत कुल छह नक्सली मारे गए। इस मुठभेड़ में उसकी पत्नी राजे उर्फ रजक्का भी ढेर हो गई। एक करोड़ का इनामी कुख्यात नक्सली माड़वी हिड़मा, जो सुरक्षा बलों पर सशस्त्र हमलों के कई मामलों में वांछित शीर्ष नक्सली कैडरों में से एक था। उसके मारे जाने की पुष्टि के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शीर्ष अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। हिड़मा का खात्मा सुरक्षा बलों की ओर से तय 30 नवंबर 2025 की समय सीमा से काफी पहले हो गया।

**मुख्य हमले जिनमें वह शामिल था:** 2010 दंतेवाड़ा हमला में 76 सीआरपीएफ जवान शहीद, 2013 झीरम घाटी नरसंहार में 27 लोग मारे गए, जिनमें शीर्ष कांग्रेसी नेता शामिल। 2021 सुकमा-बीजापुर मुठभेड़ में 22 सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे।

**कौन था हिडमा?**

- ▶▶ जन्मः 1981, पूवर्ति, सुकमा (छत्तीसगढ़)
- ▶▶ पदः पीएलजीए बटालियन नंबर 1 का प्रमुख, नक्सलियों की सबसे घातक हमलावर यूनिट
- ▶▶ वह सीपीआई (माओवादी) की सेंट्रल कमेटी का सबसे युवा सदस्य था
- ▶▶ वह बस्तर क्षेत्र से सेंट्रल कमेटी में शामिल होने वाला एकमात्र आदिवासी था

**शाह ने कहा था-नक्सली सरेंडर कर दें, नहीं तो मारे जाएंगे**

गृह मंत्री अमित शाह ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर संतोष व्यक्त किया और इस अभियान में शामिल सभी अधिकारियों और जवानों की सराहना की। उन्होंने शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर भी चर्चा की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि मांदवी हिड़मा के मारे जाने के बाद नक्सली संगठन में कोई नई नेतृत्व उभर न सके और उनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। हिड़मा का नाम लंबे समय से नक्सली हिंसा से जुड़ा रहा है। वह सुरक्षा बलों पर हुए कई बड़े और घातक हमलों के पीछे मास्टरमाइंड माना जाता था। उसकी गिरफ्तारी या निष्प्रभावीकरण सुरक्षा एजेंसियों के लिए एक प्रमुख लक्ष्य था। सुरक्षा बलों ने एक जटिल और चुनौतीपूर्ण अभियान के तहत हिड़मा को निष्प्रभावी करने में सफलता प्राप्त की है। यह सफलता न केवल खुफिया जानकारी के प्रभावी उपयोग का प्रमाण है, बल्कि जमीनी स्तर पर तैनात जवानों के साहस और दृढ़ संकल्प का भी परिणाम है।



# कश्मीर के मौलवी ने लिखी थी धमाके की कहानी, पढ़ाया 4 डॉक्टरों को आतंक का पाठ

*मौलवी इरफान ने ही दक्षिण कश्मीर में जैश के आतंकियों के साथ बैठक करवाई। जैश के आतंकियों ने इन डॉक्टरों को दो असॉल्ट राइफल्स मुहैया कराईं। इनमें से एक शाहिना सईद की मारुति सुजुकी स्विफ्ट डिजायर कार में और दूसरी डॉ. आदिल अहमद राठेर के लॉकर से बरामद की थी*

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली के लाल किले मेट्रो स्टेशन के पास हुए धमाके के मामले में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे कई राज खुल रहे हैं। अब इस मामले में जम्मू-कश्मीर के एक मौलवी इरफान अहमद का नाम सामने आ रहा है, जिसने इन डॉक्टरों को आतंक का पाठ पढ़ाया और इसके संपर्क में आने के बाद ही ये कट्टरपंथी बन गए।

■ लाल किला बम विस्फोट मामला

ये जम्मू-कश्मीर के शोपियां का रहने वाला है। इसका संबंध पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों से भी है। हरियाणा के फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में काम करने वाला मुजामिल शकील की इस मौलवी के साथ मुलाकात हुई थी।

उमर की मौलवी से 2023 में श्रीनगर में हुई थी मुलाकात

मौलवी का आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंध


मौलवी इरफान अहमद


लाल किले के विस्फोट का फाइल फोटो

### 10 दिन की एनआईए हिरासत में वानी

नबी के सक्रिय सह-साजिशकर्ता जसीर बिलाल वानी को मंगलवार को 10 दिनों के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की हिरासत में भेज दिया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजू बजाज चांदना ने आरोपी से हिरासत में पूछताछ किये जाने संबंधी एनआईए का अनुरोध स्वीकार कर लिया। कार्यवाही लगभग गोपनीय तरीके से (बंद कमरे में) हुई। अनंतनाग के काजीगुंड निवासी वानी को सोमवार को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया और उसने कथित तौर पर ड्रोन में बदलाव करके और घातक कार बम विस्फोट से पहले रॉकेट बनाने का प्रयास करके आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए तकनीकी सहायता प्रदान की थी।


वानी को अदालत ले जाती एनआईए

### आत्मघाती हमले को शहादत बताया


डॉ. उमर-उन-नबी

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लाल किले पर आत्मघाती हमला करने वाले डॉ. उमर-उन-नबी का मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसमें पुलिस को नबी का आत्मघाती हमले को 'शहादत अभियान' बताते हुए एक वीडियो मिला है। उमर के भाई जहूर इलाही को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (श्रीनगर) जी.वी. संदीप चक्रवर्ती द्वारा गठित एक विशेष टीम ने गिरफ्तार किया था। इलाही के मुताबिक, उमर ने कहा था अगर उसके बारे में कोई खबर सामने आए तो इसे पानी में फेंक देना।

### जैश के आतंकियों के साथ बैठक करवाईं

शकील और उमर ने अपने कुछ साथियों का परिचय इस मौलवी से कराया। इनने मैसेजिंग एप टेलिग्राम के जरिए कट्टपंथी विचारधारा को बढ़ावा देते हुए साथियों को भी चरमपंथी बनाने की कोशिश की। मौलवी इरफान ने ही दक्षिण कश्मीर में जैश के आतंकियों के साथ बैठक करवाईं। जैश के आतंकियों ने इन डॉक्टरों को दो असॉल्ट राइफल्स मुहैया कराईं। इनमें से एक शाहिना सईद के पास और दूसरी डॉ. राठेर के पास से मिली।

## खबर संक्षेप

### भारत लाया जा रहा अनमोल बिश्नोई



**नई दिल्ली।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई को अमेरिका से भारत लाया जा रहा है। अनमोल बिश्नोई कई गंभीर अपराधों में आरोपी है। उसपर बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में शामिल होने का आरोप है। साथ ही अभिनेता सलमान खान के घर पर हुए हमले की साजिश रचने का भी आरोप अनमोल पर लगा है। उसे भारत लाना जांच एजेंसियों के लिए एक बड़ी सफलता है। उसे यूएस से भारत लाया जा रहा है। अब कई हाई-प्रोफाइल अपराधों की जांच को एक नई दिशा मिल सकेगी।

### अब तक करीब 80 लाख ई-पासपोर्ट जारी



**नई दिल्ली।** पासपोर्ट संबंधी प्रणाली में बड़े स्तर पर सुधार करते हुए सरकार ने अगली पीढ़ी का 'ई-पासपोर्ट' पेश किया है, जिसमें कागज और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तत्व शामिल हैं। इस कदम का उद्देश्य जालसाजी, नकल और अन्य धोखाधड़ी वाले कृत्यों का पता लगाना और उन पर रोक लगाना भी है। पुराने पासपोर्ट, जिनकी वैधता अवधि समाप्त नहीं हुई है, 2035 तक या उनकी वैधता अवधि समाप्त होने तक वैध बने रहेंगे। ई-पासपोर्ट में कागज़ और इलेक्ट्रॉनिक दोनों तत्व शामिल हैं।

## मॉस्को से एससीओ बैठक में विदेश मंत्री जयशंकर की दुनिया के नेताओं को दो टूक

# आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाए, न ही इस पर कोई 'लीपापोती' हो

*एससीओ देश सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा दें*

*जयशंकर ने कहा कि विश्व को आतंकवाद के सभी प्रकारों एवं स्वरूपों के प्रति शून्य सहनशीलता प्रदर्शित करनी चाहिए। भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए, एक विस्तारित एजेंडा विकसित करना चाहिए और अपनी कार्य पद्धति में सुधार करना चाहिए*

एजेंसी ▸▸ मॉस्को

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्षों की परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद का कोई औचित्य नहीं हो सकता तथा इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता एवं इस पर 'लीपापोती' नहीं की जा सकती।

जयशंकर ने दो टूक शब्दों में मंगलवार को कहा कि विश्व को आतंकवाद के सभी प्रकारों एवं स्वरूपों के प्रति शून्य सहनशीलता प्रदर्शित करनी चाहिए। भारत का मानना है कि एससीओ को बदलते वैश्विक परिदृश्य के अनुकूल होना चाहिए, एक विस्तारित एजेंडा विकसित करना चाहिए और अपनी कार्य पद्धति में सुधार करना चाहिए।

■ एससीओ देश व्यापक आर्थिक संबंध स्थापित करें

उन्होंने कहा कि हम इन उद्देश्यों की प्राप्ति में सकारात्मक एवं पूर्ण योगदान देंगे।

बता दें, एससीओ की स्थापना 2001 में शंघाई में एक शिखर सम्मेलन में रूस, चीन, किर्गिज गणराज्य, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के राष्ट्रपतियों द्वारा की गई थी। भारत और पाकिस्तान 2017 में इसके स्थाई सदस्य बने।


एससीओ में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर

### वैश्विक आर्थिक स्थिति अनिश्चित और अस्थिर

विदेश मंत्री ने कहा कि हमारा आकलन है कि वर्तमान में वैश्विक आर्थिक स्थिति विशेष रूप से अनिश्चित और अस्थिर है।

### एससीओ की स्थापना का मकसद ही आतंकवाद से निपटना

*जयशंकर ने कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एससीओ की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की तीन बुराइयों से निपटने के लिए की गई थी। बीते वर्षों में ये खतरे और भी गंभीर हो गए हैं। यह आवश्यक है कि विश्व आतंकवाद के सभी प्रकारों और स्वरूपों के प्रति शून्य सहनशीलता प्रदर्शित करे। इसका कोई औचित्य नहीं हो सकता, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और इसपर लीपापोती नहीं की जा सकती। उन्होंने एससीओ में अधिक सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने पर जोर दिया।*

### कई देश भारत के साथ एफटीए कर रहे

जयशंकर ने कहा कि यहां मौजूद कई लोगों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) करने के भारत के प्रयास प्रासंगिक हैं। एससीओ सदस्यों के साथ भारत के दीर्घकालिक संबंध इसे विशेष रूप से प्रासंगिक बनाते हैं। उन्होंने कहा कि एक सभ्यागत राष्ट्र के रूप में, भारत का दृढ़ विश्वास है कि लोगों के बीच आदान-प्रदान किसी भी वास्तविक संबंध का मूल है। हमारे बुद्धिजीवियों, कलाकारों, खिलाड़ियों और सांस्कृतिक हस्तियों के बीच बेहतर संपर्क को सुगम बनाने से एससीओ में बेहतर समझ का मार्ग प्रशस्त होगा।

*मॉस्को में रूसी विदेश मंत्री से मिले जयशंकर*

### नए समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे दोनों देश

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अगले महीने नई दिल्ली दौरे के दौरान भारत और रूस अपने संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए कई नए समझौतों, पहलों और परियोजनाओं को अंतिम रूप देने की तैयारी कर रहे हैं। इसके तहत विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को मॉस्को में अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव के साथ विस्तृत बातचीत की। जयशंकर ने कहा कि पुतिन के 23वें वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए भारत दौरे से पहले यह मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण है।


रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात करते एस. जयशंकर

### 5 दिसंबर को भारत आएंगे पुतिन

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आगामी पांच दिसंबर को वार्षिक शिखर वार्ता के लिए भारत आने की उम्मीद है, जहां वे पीएम नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर विचार-विमर्श करेंगे।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

# गोयल बोले- उचित डील होने पर ही मिलेगी 'अच्छी' खबर


केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर आप तभी अच्छी खबर सुनेंगे जब यह समझौता उचित, न्यायसंगत और संतुलित होगा। गोयल ने कहा कि भारत समझौते में किसानों और मछुआरों के हितों को ध्यान में रखेगा।

इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित 22वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन में उन्होंने कहा कि व्यापार समझौते के लिए बातचीत एक प्रक्रिया है और हमें अपने हितधारकों, कंपनियों के हितों की रक्षा करनी होगी। साथ ही किसानों, मछुआरों व लघु उद्योगों के प्रति अपनी संवेदनशीलता के साथ संतुलन बनाना होगा। जब हम सही संतुलन बना लेंगे, तो हमें इसके परिणाम मिलेंगे।

### संबंधों में कोई दरार नहीं

पीयूष गोयल ने कहा कि परिवार में कभी-कभी थोड़ी बहुत नोक-झोंक तो होती रहती है। मुझे नहीं लगता कि संबंधों में कोई दरार है। यह दोनों देशों के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना हुआ है। गोयल ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका के साथ एलपीजी आयात समझौता कई साल के लिए हो सकता है। दोनों देशों के बीच मित्रता स्थाई है और साझेदारी लगातार बढ़ रही है। हमने अभी-अभी एक बड़े एलपीजी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके तहत हम हर साल 22 लाख टन एलपीजी का आयात लंबी अवधि के लिए करेंगे। इसलिए यह एक सतत प्रक्रिया है। हम दोनों देशों के बीच व्यापार एवं वाणिज्य का विस्तार करने के लिए समान रूप से प्रतिबद्ध हैं।

### अब तक छह दौर की बातचीत पूरी

मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इस समझौते के लिए बातचीत महत्वपूर्ण है। भारत और अमेरिका प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर मार्च से बातचीत कर रहे हैं। अब तक छह दौर की बातचीत पूरी हो चुकी है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को लेकर चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। बता दें, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत का शुल्क लगाया है। उसके बाद से दोनों देशों के बीच संबंध में तनाव आया है।

*जापान दौरे पर केंद्रीय मंत्री पुरी*

# शिपबिल्डिंग और ऊर्जा के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग पर की चर्चा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने जापान की लीडिंग शिपिंग कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मीटिंग की और शिपबिल्डिंग को लेकर भारत के साथ सहयोग पर बातचीत की। केंद्रीय मंत्री पुरी ने एक्स पर बताया कि वे जापान के 'के' लाइन के चेयरमेन युकीकाजू म्योचिन के साथ एक मीटिंग में शामिल हुए। उनकी चर्चा पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को मैरीटाइम शिपिंग हब में बदलने पर केंद्रित रही। शिपबिल्डिंग मॉनिटरिंग और डिलिवरी में विशेषज्ञता के साथ के लाइन शिपबिल्डिंग में दुनिया के लिए मेक इन इंडिया के हमारे प्रयास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।


केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी

**ग्रीन अमोनिया पर एमओयू:** केंद्रीय मंत्री पुरी ने बताया कि उन्होंने आईओसीएल के साथ भारत में कंप्रेस्ड बायोगैस प्रोडक्शन में प्रवेश किया है और भारत से जापान तक ग्रीन अमोनिया के ऑफटेक के लिए एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं। टोक्यो में सोजित्ज कॉर्पोरेशन के डायरेक्टर ताकाहिरो एबिसु से भी मुलाकात की।

### मेक इन इंडिया पर चर्चा

*पुरी ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और एनवाईके लाइन जापान के बीच चल रहे शिपिंग बिजनेस को लेकर कंपनी के नोबुहिरो काशिमा के साथ मीटिंग हुई। इसमें मेक इन इंडिया की भावना के साथ भविष्य के निर्माण सहयोग पर चर्चा की।*

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का दावा

# महंगाई अब 'सामान्य' स्तर पर कीमतों में जल्द देंगे और राहत

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका में बढ़ती जीवन-यापन लागत के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी आर्थिक नीतियों का बचाव किया है।


राष्ट्रपति ट्रंप

उन्होंने दावा किया कि उनकी सरकार ने महंगाई को फिर से सामान्य स्तर पर ला दिया है। ट्रंप ने कहा कि प्रशासन आने वाले समय में कीमतों का दबाव और कम करने की दिशा में काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम इसे काफी नीचे ले आए हैं, लेकिन इसे और थोड़ा कम करेंगे। हमें परफेक्शन चाहिए। ट्रंप ने महंगाई के लिए एक बार फिर डेमोक्रेट्स और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने दावा किया कि 2024 चुनाव में उनकी जीत से अमेरिकियों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि कीमतों को लेकर हमने जितना काम किया है, वैसा किसी ने नहीं किया। जब हमने सत्ता संभाली, तब हालात बिखरे हुए थे।

*भारत की विकसित देशों को नसीहत*

# जलवायु वित्त में अरबों नहीं खरबों डॉलर दें, अपने वादों को पूरा करें

एजेंसी ▸▸ बेलम

ब्राजील के अमेजन में आयोजित किए जा रहे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज (कॉप-30) सम्मेलन में भारत की तरफ से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों को नसीहत दी कि वे नेट जीरों के लक्ष्य को तय समय से पहले हासिल करें। उन्होंने विकसित देशों से जलवायु वित्त में खरबों डॉलर देने की भी मांग की। भूपेंद्र यादव ने तंज कसते हुए कहा कि कॉप30 सम्मेलन को वादों को लागू करने वाले सम्मेलन के तौर पर याद किया जाना चाहिए।


भूपेंद्र यादव

**हर किसी की पहुंच में हो तकनीक:** भूपेंद्र यादव ने अमेजन को पृथ्वी की पर्यावरणीय दौलत का जीवित प्रतीक बताया। यादव ने अपने संबोधन में विकसित देशों से अपील की कि वे अपने वादों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अब किफायती, हर किसी की पहुंच वाली जलवायु तकनीक की जरूरत है और ये सभी के लिए सुगम होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेरिस समझौते के उद्देश्यों के तहत देश में केवल सोलह महीनों में 2 अरब से अधिक पौधे लगाए गए।

### विकसित देश प्रतिबद्धताओं को पूरा करें

भूपेंद्र यादव ने विकसित देशों से अधिक जलवायु महत्वाकांक्षा प्रदर्शित करने और अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद से भारत की उत्सर्जन तीव्रता में 36% से अधिक की गिरावट आई है। भारत ने साल 2005 के बाद से गैर जीवाश्म ईंधन हम अपने कुल बिजली क्षमता के आधे का उत्पादन कर रहे हैं।

## अंटार्कटिका का हेक्टोरिया ग्लेशियर दुनिया में सबसे तेजी से पिघलने वाला बना

# 15 महीनों में 25 किमी पीछे खिसका, समुद्र का स्तर बढ़ रहा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अंटार्कटिका के पेनिन्सुला पर स्थित हेक्टोरिया ग्लेशियर ने वैज्ञानिकों को चौंका दिया है। यह ग्लेशियर सिर्फ 15 महीनों (जनवरी 2022 से अप्रैल 2023 तक) में 25 किलोमीटर पीछे खिसक गया, यह आधुनिक इतिहास का सबसे तेज पिघलाव है, जो पहले के रिकॉर्ड से 10 गुना तेज है। वैज्ञानिकों का कहना है कि इससे दूसरे ग्लेशियर भी प्रभावित हो सकते हैं। समुद्र का स्तर तेजी से बढ़ सकता है।

पहले के रिकॉर्ड से 10 गुना तेजी से पिघल रहा

दूसरे बड़े ग्लेशियरों के लिए बढ़ गया खतरा


उपग्रह फोटो में अंटार्कटिका का हेक्टोरिया ग्लेशियर

### जलवायु परिवर्तन से बर्फ पिघल रही

हेक्टोरिया छोटा ग्लेशियर है (करीब फिलाडेल्फिया शहर जितना बड़ा), लेकिन अगर यही तरीका बड़े ग्लेशियरों जैसे थ्वाइट्स या पाइन आइलैंड पर लागू हुआ, तो समुद्र स्तर तेजी से बढ़ सकता है। वैज्ञानिक कहते हैं कि जलवायु परिवर्तन से अंटार्कटिका की बर्फ तेजी से पिघल रही है। ऐसे घटनाओं से हमें सतर्क रहना चाहिए।

### समुद्री तल पर आने से सिकुड़ा

कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय की नाओमी ओचवाट और उनकी टीम ने अध्ययन किया। उनका कहना है कि ग्लेशियर का मुख्य हिस्सा (ट्रंक) पतला होकर एक सपाट समुद्री तल (आइस प्लेन) पर आ गया। यह हिस्सा जमीन से चिपका था, लेकिन पतला होने से यह तैरने लगा। इससे हिमखंड तेजी से टूटकर अलग होने लगे और ग्लेशियर तेजी से सिकुड़ गया।

### 2022 में हुई शुरुआत

*साल 2022 की शुरुआत में ग्लेशियर के आगे का बड़ा समुद्री बर्फ का हिस्सा टूटकर अलग हो गया। इससे ग्लेशियर का फ्लोटिंग हिस्सा (आइस टंग) पूरी तरह बिखर गया। बिना सहारे के ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगा और बहने लगा। सबसे ज्यादा नुकसान नवंबर-दिसंबर 2022 में हुआ, जब ग्लेशियर 8 किलोमीटर पीछे हट गया।*

## रोजगार के झूठे वादे से होगा बचाव

# ईरान में भारतीयों के लिए वीजा फ्री एंट्री बंद, 22 नवंबर से होगा बदलाव

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

ईरान ने 22 नवंबर से अपनी वीजा पॉलिसी में बड़ा बदलाव किया है। अब सामान्य पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिकों को ईरान में बिना वीजा के एंट्री नहीं मिलेगी। इससे पहले ईरान ने पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फरवरी 2024 में भारतीयों के लिए वीजा छूट की शुरुआत की थी।

भारत में ईरानी दूतावास ने एक पोस्ट में कहा कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान में साधारण पासपोर्ट रखने वाले भारतीय नागरिकों के लिए एकतरफा पर्यटक वीजा रद्दीकरण नियमों का कार्यान्वयन 22 नवंबर 2025 तक निलंबित कर दिया गया है। इस तारीख के बाद से साधारण पासपोर्ट वाले भारतीय नागरिकों को ईरान में प्रवेश करने या पारगमन के लिए वीजा प्राप्त करना जरूरी होगा। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सामान्य भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए उपलब्ध वीजा छूट सुविधा का लाभ उठाकर लोगों को ईरान की यात्रा के लिए बहकाया गया इसलिए यह किया।






इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ HDFC BANK क्रेडिट कार्ड FESTIVE TREATS Powered by pine labs +
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू
कैश बोनस ₹2500~ तक
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹2 200~ तक

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply
Hero GoodLife पाएं जीतने का मौका 100% कैशबैक 24 कैरट सोने का सिक्का और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on: Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Kick in Madhya Pradesh.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्योहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुढ़ार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांढुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइजेज 7000242371, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाईल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो 8815396340, दमोह: इंडिया ऑटो सेंटर 8839230079.

# रसोई गैस सिलेंडर जल्द होंगे सस्ते, भारत ने एलपीजी आयात के लिए किया एक साल के लिए समझौता

## कीमतों में राहत मिल सकती है और भारत-अमेरिका व्यापार संबंध भी मजबूत होंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने अमेरिका से 22 लाख टन एलपीजी आयात के लिए एक वर्ष का अनुबंध किया है, जिससे रसोई गैस सिलेंडर जल्द सस्ते होने की उम्मीद बढ़ गई है। यह अनुबंध भारत के कुल एलपीजी आयात का लगभग 10 फीसदी है और पहली बार अमेरिकी एलपीजी भारतीय बाजार में सीधे पहुंचेगा। इस कदम से आपूर्ति स्थिर होगी, कीमतों में राहत मिल सकती है और भारत-अमेरिका व्यापार संबंध भी मजबूत होंगे।




### 22 लाख टन एलपीजी का आयात अनुबंध

सोमवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार भारत ने अमेरिकी गल्फ कोस्ट से लगभग 22 लाख टन एलपीजी आयात करने के लिए एक वर्षीय संरचित अनुबंध पूरा कर लिया है। यह मात्रा भारत के कुल सालाना एलपीजी आयात का लगभग 10 फीसदी है। यह पहली बार है, जब भारतीय बाजार के लिए अमेरिकी एलपीजी का

### सभी कंपनियां 48 बड़े गैस वाहक जहाजों के बराबर एलपीजी का करेंगी आयात

वर्ष 2026 में भारत की प्रमुख सरकारी कंपनियां इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) मिलकर करीब 48 बहुत बड़े गैस वाहक (वीएलजीसी) जहाजों के बराबर एलपीजी का आयात करेंगी। अमेरिका की प्रमुख कंपनियां चेवरॉन, फिलिप्स और टोटल एनर्जीज ट्रेडिंग एसए इनकी आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी।

### भारत का व्यापार अधिशेष कम करने की रणनीति

अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष लंबे समय से चर्चा में रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मुद्दे को विशेष महत्व देते रहे हैं और इसी कारण उन्होंने भारत से अमेरिका में आने वाले उत्पादों पर 50 फीसदी तक शुल्क लगाया है। भारत की ओर से एलपीजी का आयात बढ़ाने का उद्देश्य व्यापार संतुलन को बेहतर करना है, ताकि अमेरिका के साथ आर्थिक संबंध और मजबूत हो सकें।



### द्विपक्षीय ऊर्जा वार्ता का परिणाम

भारत ने पिछले कई महीनों से जारी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं के दौरान अमेरिका से ऊर्जा आयात बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। वर्तमान में भारत अपने कच्चे तेल की लगभग 8 प्रतिशत जरूरतें अमेरिका से पूरी करता है।एलपीजी आयात का यह नया करार भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को सुरक्षित करने के साथ-साथ अमेरिका के साथ रणनीतिक संबंधों को गहरा करता है।

### हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पर किया ऐलान



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पुराना ट्विटर) पर इस अनुबंध की जानकारी साझा करते हुए इसे ऐतिहासिक कदम बताया। पुरी ने लिखा, "ऐतिहासिक शुरुआत! दुनिया के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते एलपीजी बाजारों में से एक अब अमेरिका के लिए खुल रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि भारत के लोगों को सुरक्षित और सस्ती एलपीजी उपलब्ध कराने के लिए हम आपूर्ति स्रोतों में विविधता ला रहे हैं. सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों ने 2026 के लिए 22 लाख टन अमेरिकी एलपीजी आयात का पहला अनुबंध पूरा किया है।

## फुटपाथ से लेकर शॉपिंग मॉल और शोरूमों में गरम कपड़ों की भरमार

# ठिठुरन बढ़ने के साथ आई गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक



कंबलों की बिक्री करता दुकानदार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में ठिठुरन बढ़ने के साथ ही घरों में रखें स्वेटर, गर्म कपड़े का इस्तेमाल शुरू हो गया है। तो वहीं ठंड की दस्तक के साथ गर्म कपड़ों के बाजार में रौनक आ गई है। ठंड बढ़न के साथ बाजार में गरम कपड़ों की भरमार होने लगी है। बड़े-बड़े दुकानों से लेकर फुटपाथ के दुकानों तक बस और बस गरम कपड़े ही दिख रहे हैं।

ठंड से निजात को लेकर लोगों के सामने विकल्प के रूप में गरम कपड़ा ही है। जिसकी खरीदारी के लिए वे बाजारों का रूख कर रहे हैं। बच्चे, बूढ़े, जवान और महिलाओं के लिए गरम कपड़े की खरीदारी शुर हो गई। गरम कपड़े डिमांड बढने और खरीदारी शुरू हो जाने व्यवसायियों के चेहरे पर चमक बढ़ गई है।

### हर तबके के मुताबिक बाजार में उपलब्ध हैं गरम कपड़े

विक्रेता सुरेश साहू के अनुसार ठंड में उपयोग में लाए जाने वाले मोजा, टोपी, स्वेटर, जैकेट, मफलर, शॉल आदि की बाजार में भरमार हो गई है। हर तबके के लोगों की पसंद और सामर्थ्य के मुताबिक बाजार में गरम कपड़े उपलब्ध हैं। जिसकी खरीदारी शुरू हो गई है। बाजार के मार्ट, मॉल और शोरूम भी गरम कपड़े से सजे-संवरे हैं। शॉपिंग मॉल और शोरूम में कम कीमत से लेकर अधिक कीमत तक के गरम कपड़े मौजूद हैं।



शोरूम में स्वेटर्स

### कंबल व रजाई की बढ़ी मांग

बाजारों में रजाई और कंबल की दुकानों पर ग्राहक पहुंचने लगे हैं। रजाई की नए सिरे से भराई का भी काम चल पड़ा है। बाजार में रजाई और गद्दे तैयार करने वाले कारीगर काम में जुट गए हैं। लोगों ने ठंडक की दस्तक को देखते हुए पुरानी रजाई की दोबारा भराई, तगाई के अलावा गरम चादरें खरीदना शुरू कर दिया है।

### इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी शुरू हो गई खरीदारी

गर्ग ट्रेडर्स के राधेश्याम गर्ग के अनुसार सर्दी के असर के साथ ही रूम हीटर, गीजर और इमरशन रॉड जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की भी मांग बढ़ गई है। लोग कमरों को गर्म रखने के लिए ब्लोअर और रूम हीटर खरीद रहे हैं। गीजर की बिक्री भी तेजी से बढ़ी है।

### एचईसी इंफ्रा का राजस्व 97 फीसदी उछला

**अहमदाबाद।** इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की अग्रणी कंपनी एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही और पहली छमाही के अनऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 40.82 करोड़ रुपए कुल आय अर्जित की। एबिटडा 3.86 करोड़ रुपए, शुद्ध लाभ 2.23 करोड़ रुपए दर्ज हुआ। एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स के प्रबंध निदेशक गौरांग शाह ने कहाकि हमें एक और मजबूत तिमाही साझा करते हुए खुशी हो रही है।

### सुमीत का मुनाफा 230 फीसदी उछला

**सूरत।** सुमीत इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 के पहली तिमाही में अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी की कुल आय 520.83 करोड़, एबिटडा 31.17 करोड़ रुपए, कर पश्चात लाभ 17.84 करोड़ रुपए और कर पश्चात लाभ मार्जिन में 3.42 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। कंपनी के प्रबंध निदेशक, प्रतीक आर. जाजू ने कहाकि दूसरा क्वार्टर हमारे लिए लगातार परिचालन प्रदर्शन का समय रहा।

# दिखा फैशन और टेक्नोलॉजी का संगम



**गुरुग्राम।** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने गुरुग्राम संस्करण में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की थीम को पेश किया। यहां यह दिखाया गया कि टेक्नोलॉजी, डिजाइन और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग किस तरह फैशन अनुभव को एक नई दिशा दे रहे हैं। इस साल के 'फैशन के अगले कदम' वाले थीम को आगे बढ़ाते हुए, इस एडिशन ने ऐसा विजुअल अनुभव प्रस्तुत किया जिसने हॉट कुट्योर को कपड़ों और पारंपरिक डिजाइन से आगे निकालकर एआई, कोड और इंटरैक्शन के डिजिटल दौर में पहुंचा दिया।

इस शोकेस का नेतृत्व डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक की रचनात्मक जोड़ी ने किया, साथ ही फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ फैशन टूर के लंबे समय से चले आ रहे सहयोग ने इसे और मजबूत बनाया। इस संस्करण का मूल संदेश यह था कि आज का फैशन दर्शक सिर्फ डिजाइन देखना नहीं चाहता, बल्कि उसे महसूस करना, अनुभव करना और उसे जिंदा होते हुए देखना चाहता है। 'फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' ने इसी भावना को एक इमर्सिव यूनिवर्स में बदल दिया, जहां रनवे फैशन की एक जीवंत कैनवस बन गया। परिधान सिर्फ अपने आकार में ही नहीं, बल्कि विचारों में भी भविष्य की सोच को दर्शा रहे थे, जो फैशन की अगली दिशा को ग्लोबल नजरिए से सामने रखते हैं। तमन्ना भाटिया का ह्यूमनॉइड रोबोट्स के साथ शो की शुरुआत करना हो, पूरे शो की कहानी को जोड़ते डायनेमिक प्रोजेक्शंस हों, रनवे पर हर मॉडल की चाल को दिखाते मोशन-सेंसिंग विजुअल्स हों, या फिर शाहिद कपूर का होलोग्राफिक शोस्टॉपर मोमेंट जिसने वर्चुअल और रियल की सीमाओं को मिटा दिया—हर तत्व ने दर्शकों को फैशन के अगले आयाम में खींच लिया।

### एनीमल बेस्ड फूड की तुलना में प्लांट बेस्ड फूड ज्यादा फायदेमंद : डॉ.जीशान

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में नागरिकों से खाद्य तेलों की खपत कम करने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने का आग्रह किया है, ताकि देशभर में बढ़ रही दीर्घकालिक खतरनाक बीमारियों से मुकाबला किया जा सके। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने भी बेहतर खानपान की आदतें अपनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है, ताकि मधुमेह, हृदय रोग और मोटापे जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों को रोका जा सके। न्यूट्रिशन साइंटिस्ट डॉ. जीशान अली का कहना है कि दुनियाभर में अभी तक हुई रिसर्च और स्टडी में यह साबित हुआ है कि एनीमल बेस्ड फूड की तुलना में प्लांट बेस्ड फूड हमारे शरीर के लिए ज्यादा फायदेमंद है और इससे आप डायबिटीज, हार्ट डिसीज और मोटापे जैसी बीमारियों से हमेशा के लिए निजात पा सकते हैं।

# एफएचआरएआई का एफपीओ एवं किसान लाभ शिखर सम्मेलन 24 को

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) जो मध्यप्रदेश सहित देश में एक लाख से अधिक होटलों और पांच लाख रेस्टोरेंट का प्रतिनिधित्व करता है के द्वारा 24 नवंबर 2025 को एफपीओ-आतिथ्य एवं किसान लाभ शिखर सम्मेलन कर रहा है।

नई दिल्ली में आयोजित होने वाले इस शिखर सम्मेलन में समावेशी विकास के लिए कृषि–आतिथ्य संबंधों को मजबूत करना थीम पर होगा। जिसमें आतिथ्य उद्योग, किसान उत्पादक संगठन और विभिन्न सरकारी




मंत्रालयों के नेताओं एक मंच पर आएंगे। ताकि कृषि और हॉस्पिटैलिटी के बीच सहयोग को और मजबूत किया जा सके और इसे टिकाऊ व समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्रालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, नाबार्ड, एपीडा, एसएफएसी और नाफेड सहित कई प्रमुख सरकारी संस्थान और अग्रणी हॉस्पिटैलिटी समूह शामिल होंगे।

सम्मेलन से यह उम्मीद है कि एफपीओ और होटलों व रेस्तरां के बीच प्रत्यक्ष संस्थागत खरीद मॉडल विकसित होंगे और स्थानीय सोर्सिंग तथा ग्रामीण साझेदारी के महत्व पर व्यापक जागरूकता बढ़ेगी। एफएचआरएआई के अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहाकि भारत के किसान और आतिथ्य उद्यमी हमारी अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्हें सीधे जोड़कर, हम एक ऐसा मॉडल बना सकते हैं जिससे ग्रामीण उत्पादकों और सेवा क्षेत्र, दोनों को लाभ हो। ग्रामीण उत्पादकों के उत्थान और दीर्घकालिक, स्थायी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के मिशन के साथ, यह शिखर सम्मेलन एक एकीकृत पारिस्थितिकी तंत्र का मार्ग भविष्य तैयार के लिए प्रशस्त करेगा जो सामुदायिक कल्याण और राष्ट्रीय आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा देगा। इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य एक ऐसा राष्ट्रीय मंच तैयार करना है जो एफपीओ, आतिथ्य श्रृंखलाओं और नीति निर्माताओं के बीच सीधे संपर्क को सक्षम बनाए, और दीर्घकालिक साझेदारियों और स्थायी व्यावसायिक मॉडलों को प्रोत्साहित करे।

### ग्लोब का शुद्ध लाभ 446 लाख रुपए पहुंचा

**अहमदाबाद ।** ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड ने अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस अवधि में मजबूत परिचालन प्रदर्शन और निरंतर कारोबारी गति दर्ज की है। कंपनी ने दूसरी तिमाही में 15,856.26 लाख की आय दर्ज की है, जो पिछली तिमाही की 14,844.87 लाख की तुलना में 6.81 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है।

**आवश्यकता**

आवश्यकता है - एयरपोर्ट हेतु पक्की परमानेंट नौकरी बिना इंटरव्यू आठवी पास- ग्रेजुएट लड़के_ लड़कियां( 2450064500) महीना लोडर, चैकर, सुपरवाइजर, रहना -खाना, फंड - बोनस।- 8053979338 (रायपुर /20/ नव./25)

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे

**कन्या** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च

**तुला** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** – मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** – आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** – मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** – मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

### सभी बैंक खातों और निवेश के पैसों का पूरा हिसाब एक क्लिक में

# जियोफाइनेंस ने बनाया 'मनी ट्रैकिंग' आसान, सब कुछ एक एप पर मिलेगा

एजेंसी ▶▶ मुबई

जियोफाइनेंस के ग्राहक अब अपने पैसे पर पूरा कंट्रोल रख पाएंगे। जियोफाइनेंस एप ने एक नया फीचर लांच किया है, जिससे उपयोगकर्ता अपने सभी बैंक खाते, म्यूचुअल फंड और शेयर पोर्टफोलियो को एक प्लेटफॉर्म पर लिंक कर, आसानी से ट्रैक और विश्लेषण कर सकेंगे। खाता चाहे किसी भी बैंक में हो या किसी भी फाइनेंशियल एप से निवेश किया जा रहा हो, यूजर को अपनी पूरी वित्तिय तस्वीर अब जियोफाइनेंस ऐप पर मिल जाएगी। इससे अलग-अलग एप्स पर अपना निवेश देखने का झंझट खत्म हो जाएगा। जियोफाइनेंस का यह नया फीचर उपयोगकर्ताओं को कैश फ्लो, खर्चों और निवेश की पूरी तस्वीर रियल-टाइम में देता है और एआई आधारित स्मार्ट सुझावों के जरिए बेहतर मनी मैनेजमेंट में भी मदद करता है। कंपनी के मुताबिक मनी ट्रैकिंग के लिए ऐप में तीन मुख्य फीचर्स जोड़े गए हैं। पहला है 'यूनिफाइड फाइनेंशियल डैशबोर्ड', इसमें जियोफाइनेंस के सभी लोन और डिपॉजिट के साथ-साथ बाहरी बैंक खाते और निवेश को भी रियल-टाइम में एक ही जगह दिखाया जाता है। यानी पूरी वित्तीय तस्वीर एक ही जगह पर देखी जा सकती है। जियो फाइनेंस प्लेटफॉर्म एंड सर्विस लिमिटेड के सीईओ सुरभे एस.शर्मा ने कहा कि जियोफाइनेंस एप का यह फीचर हर भारतीय के वित्तीय जीवन को सरल और पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

करोड़ों भारतीयों के वित्तीय सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए, हम भविष्य में भी इस ऐप की क्षमताओं को और मजबूत करते रहेंगे।

### जियो ने की ट्राई से मांग : नेट न्यूट्रैलिटी के पुराने नियमों को दोबारा रिव्यू किया जाए

इंटरनेट की दुनिया में इन दिनों नेट न्यूट्रैलिटी पर फिर से चर्चा होने लगी है। इधर भारत की टेलिकॉम इंडस्ट्री इस समय बड़े बदलाव के मोड़ पर खड़ी है। रिलयंस जियो ने ट्राई से नेट न्यूट्रैलिटी के पुराने नियमों को दोबारा रिव्यू करने की मांग की है। ऐसे में अब दूरसंचार नियामक नेट न्यूट्रैलिटी नियमों पर विचार-विमर्श कर सकता है। जियो का मानना है कि नियामक ट्रैफिक प्रबंधन और 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग जैसी नई तकनीकों को मान्यता दे।

## शब्द पहेली - 6052



**बाएँ से दाएँ**
1.बरस,वर्ष-2
2.आफत,मुसीबत-2
3.यमराज-2
4.तीर, बाण-2
6.आनेवाला दिन-2
7.उत्साह-2
8.उचित, सही-3
9.बंधन-2
10.बाण-2
11.उपवन, जंगल-3
12.सरिता-2
13.शिविर, तंबू-2
14.रुई साफ करना-3
16.फंदा, पाश-2
17.भीरु, डरपोक-3
18.तालाब -2
19.सम्मान-2
20.पासों फैंक कर भविष्य देखने की विद्या-3
21.श्याम,काले रंग का-2
22.देह, तन, बदन-2
23.चुनना, छांटना-3
24.रघुवीर, सियावर-2
26.जलजला-3
27.कोलाहल-2
28.अवरोध-2
29.दलदल-3
30.पत्नी का भाई-2
31.रिवाज, रस्म-2
32.कक्ष, रूम-3
33.गधा, गर्दभ-2
34.जनकपुत्री-2
36.वोट, राय-2
37.विजय-2
38.मां का भाई-2
39.मूल्य-2

**ऊपर से नीचे**
1.परछाई-2
2.दम, ताकत-2
3.यमराज-2
4.सोना, निद्रा लेना-3
5.धूल, मिट्टी-2
6.शारीरिक ऊंचाई-2
7.बल, दम-2
8.पहचानना-3
9.बंधक-2
10.मोमबत्ती (उर्दू-2)
11.विवश-3
12.भीगा हुआ-2
13.क्रीड़ा-2
14.सहमत-3
15.फंदा-2
16.प्राण-2
17.आकांक्षा-3
18.लॉक-2
19.प्रकृति,धन-2
20.धावक-3
21.कार्य-2
22.सवारी गाड़ी-2
23.जंगल-3
24.झगड़ा-2
25.सरल-2
26.कूड़ा-3
27.अंगारा-2
28.वार्तालाप-2
29.दाम, मूल्य-3
30.सारांश-2
31.खाली-2
32.थोड़ा-2
33.पत्र, चिट्ठी-2
34.हद-2
35.बल, ताकत-2

**शब्द पहेली- 6051 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ल | ब | ■ | ब | स | ■ | धा | गा | ■ | ह | रा |
| व | ह | म | ■ | ब | म | ■ | ना | ला | ■ | ह |
| ■ | न | म | न | ■ | जा | न | ■ | र | मा | ■ |
| ना | ■ | ता | क | त | ■ | शा | न | ■ | ता | त |
| क | मी | ■ | ल | ल | ना | ■ | म | न | ■ | न |
| ■ | न | ख | ■ | वा | च | क | ■ | ल | क्ष | ■ |
| स | ■ | र | वा | ■ | ना | म | क | ■ | मा | दा |
| खा | द | ■ | त | र | ■ | र | ह | न | ■ | म |
| ■ | म | स्त | ■ | मा | न | ■ | वा | ह | क | ■ |
| दा | ■ | र | स | ■ | या | र | ■ | र | च | ना |
| स | दा | ■ | च | क्षु | ■ | न | भ | ■ | रा | ल |

## सूडोकू नवताल - 6062

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SEMACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 6061 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# जर्मनी और नीदरलैंड की दमदार जीत, दोनों टीमों ने वर्ल्ड कप का टिकट किया पक्का

## जर्मनी ने 1954, 1974, 1990 और 2014 में जीता था फुटबाल विश्व कप

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी और नीदरलैंड ने बड़ी जीत दर्ज करके अगले साल होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में जगह बना ली है। जर्मनी ने स्लोवाकिया को 6-0 से हराकर अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर विश्व कप के लिए हमेशा क्वालीफाई करने का अपना गौरवपूर्ण रिकॉर्ड कायम रखा। चार बार की चैंपियन जर्मनी की टीम 23वें विश्व कप में 21वीं बार फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपनी चुनौती पेश करेगी।

जर्मनी ने 1930 में खेले गए पहले विश्व कप में भाग नहीं दिया था जबकि 1950 में उसे विश्व कप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई थी। जर्मनी का पुराना प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड भी अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहकर अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले टूर्नामेंट में जगह बनाने में सफल रहा।




### नीदरलैंड अपराजित रिकॉर्ड के साथ किया क्वालीफाई

नीदरलैंड की टीम ने लिथुआनिया पर 4-0 की जीत के साथ अपराजित रिकॉर्ड के साथ क्वालीफाई किया और वह अपने ग्रुप में पोलैंड से आगे रही। स्लोवाकिया और पोलैंड के पास अभी विश्व कप में जगह बनाने का मौका है। इसके लिए उन्हें प्लेऑफ में खेलना होगा, जिसका ड्रॉ गुरुवार को होगा। जर्मनी और नीदरलैंड के अलावा इंग्लैंड, फ्रांस, पुर्तगाल, क्रोएशिया और नॉर्वे यूरोप से विश्व कप में जगह बनाने वाली अन्य टीम हैं।

### स्लोवाकिया से तीन अंक आगे रहा जर्मनी

स्लोवाकिया ने ग्रुप ए के पहले दौर के मैच में जर्मनी को 2-0 से हरा दिया था। यह विश्व कप क्वालीफाइंग में जर्मनों की केवल तीसरी हार थी, लेकिन इसके बाद उसने लगातार पांच मैच जीते और इसका समापन लीपज़िग में स्लोवाकिया पर बड़ी जीत से किया। इस तरह से उसने शुरुआती मैच में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। जर्मनी को इस मैच में केवल ड्रॉ की जरूरत थी और वह स्लोवाकिया से तीन अंक आगे रहा। जर्मनी की टीम ने 1954, 1974, 1990 और 2014 विश्व कप जीता था। नीदरलैंड की टीम अभी तक विश्व कप नहीं जीत पाई है। वह 1974, 1978 और 2010 में उपविजेता रही थी।

# ऑकलैंड डब्ल्यूटीए नहीं खेलेंगी नाओमी ओसाका

## यूनाइटेड कप के लिए भरी हामी

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)।** नाओमी ओसाका ने जनवरी में न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में होने वाले एएसबी क्लासिक डब्ल्यूटीए टेनिस प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है और इसके बजाय वह



जापान के लिए यूनाइटेड कप में खेलेंगी। चार बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ओसाका ने सितंबर में ऑकलैंड में 2026 का अपना सत्र शुरू करने पर सहमति व्यक्त की थी, जहां वह इस वर्ष की शुरुआत में फाइनल में पहुंची थी। ऑकलैंड टूर्नामेंट के निदेशक निकोलस लैंपरिन को बताया कि उन्होंने अपना मन बदल लिया है और अब वह ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए अपनी तैयारी शुरू करेंगी।ओसाका दो से 11 जनवरी तक पर्थ में होने वाले यूनाइटेड कप के लिए शिंतारो मोचिज़ुकी के साथ जापान की टीम में शामिल होंगी। जापान को ग्रुप चरण में ब्रिटेन और यूनान से खेलना है। वर्ष का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलियाई ओपन 18 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा।

## डेविस कप फाइनल्स से हटे अल्काराज

**मैड्रिड।** शीर्ष रैंकिंग वाले स्पेन के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों) की चोट के कारण इटली में होने वाले डेविस कप फाइनल्स से अपना नाम वापस ले लिया। अल्काराज ने कहा कि उन्होंने यह फैसला चिकित्सकों की सलाह पर लिया है। अल्काराज ने लिखा, ' मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत दुख हो रहा है कि मैं बोलोग्ना में होने वाले डेविस कप में स्पेन के लिए नहीं खेल पाऊंगा।' उन्होंने कहा, 'मेरे दाहिने हैमस्ट्रिंग में सूजन है और चिकित्सकों ने मुझे खेल से दूर रहने की सलाह दी है।' 22 साल के खिलाड़ी ने कहा कि वह निराशा के साथ घर लौट रहे हैं। अल्काराज को गुरुवार को बोलोग्ना में क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त चेक गणराज्य के खिलाफ स्पेन का नेतृत्व करना था। स्पेन ने अभी तक एक बार भी डेविस कप खिताब नहीं जीता है।



## खबर संक्षेप



### बाबर आजम ने मारा स्टंप्स पर बल्ला आईसीसी ने ठोका जुर्माना

**दुबई।** पाकिस्तान के बल्लेबाज बाबर आजम पर रावलपिंडी में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में आउट होने के बाद स्टंप्स पर बल्ला मारने के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। बाबर ने आईसीसी आचार संहिता के नियम 2.2 का उल्लंघन किया, जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़ों, मैदानी उपकरणों या फिक्स्चर और फिटिंग को नुकसान पहुंचाने से संबंधित है। इसके अलावा इस 31 वर्षीय बल्लेबाज के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है, जिससे 24 महीने की अवधि में बाबर का यह पहला अपराध बन गया। यह घटना रविवार को श्रृंखला के आखिरी एकदिवसीय मैच में पाकिस्तान की पारी के 21वें ओवर में हुई जब बाबर ने आउट होने के बाद क्रीज छोड़ने से पहले अपना बल्ला स्टंप्स पर मारा।

### ढाका हवाई अड्डे पर घंटों फंसे रहे भारतीय तीरंदाज

**कोलकाता।** भारतीय तीरंदाजों को उस समय बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा जब वे एशियाई चैंपियनशिप के बाद ढाका से देश लौटने के दौरान उड़ान रद्द होने के



कारण लगभग 10 घंटे तक हवाई अड्डे पर फंसे रहे। यही नहीं उन्हें हिंसा प्रभावित बांग्लादेश की राजधानी में बिना सुरक्षा के एक स्थानीय बस में बिठा दिया गया और बाद में उन्हें एक घटिया आश्रय स्थल में रुकना पड़ा। भारत के 23 सदस्यीय दल के 11 सदस्य उड़ान में बार-बार हो रही देरी के कारण काफी परेशान रहे। इनमें दो नाबालिग सदस्य भी शामिल थे। इस बीच उन्होंने जिस एयरलाइंस से टिकट बुक किया था उसका भी उन्हें कोई खास सहयोग नहीं मिला। इस दल में सीनियर खिलाड़ी अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा और ओलंपियन धीरज बोम्मादेवरा भी शामिल थे।

### लीजेंड्स विजन में खेलेंगी साइना और गाडे

**नई दिल्ली।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल और डेनमार्क के दिग्गज पीटर गाडे 'द लीजेंड्स विजन लिगेसी टूर इंडिया' में आकर्षण का केंद्र होंगे। यह एक वैश्विक पहल है, जिसका



उद्देश्य सामुदायिक कार्यक्रमों, जूनियर खिलाड़ियों के साथ जुड़ने और स्थानीय साझेदारियों के माध्यम से खेल को बढ़ावा देना है। आठ वर्षों के बाद भारत में वापसी करने वाला लीगेसी टूर 23 और 24 नवंबर को नई दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जाएगा। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना ने कहा, 'मुझे द लीजेंड्स विजन को फिर से अपने देश में लाने की खुशी है। बैडमिंटन ने मुझे जीवन में सब कुछ दिया है और युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने वाले तरीके से कोर्ट पर वापसी करना हमेशा विशेष होता है।'

## भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का दूसरा मैच 22 को

# कोच गंभीर ने जुरेल और सुदर्शन से कराई अजीब प्रैक्टिस, एक पैड पहनकर स्पिनरों का किया सामना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में स्पिन गेंदबाजों के सामने भारतीय बल्लेबाजों के संघर्ष को देखते हुए साई सुदर्शन और ध्रुव जुरेल ने स्पिनरों के सामने एक पैड पहन कर लगभग तीन घंटे तक जमकर अभ्यास किया। यह वैकल्पिक अभ्यास सत्र था, जिसमें बाएं हाथ के बल्लेबाज सुदर्शन ने अपने दाहिने पांव के पैड को निकाल कर अभ्यास किया। बाएं हाथ के स्पिनरों और ऑफ स्पिनरों के सामने अपने अगले पैर में पैड के बिना बल्लेबाजी करने का मतलब था कि उन्हें पिंडली या किसी भी खुले हिस्से पर चोट लगने से बचने के बारे में विशेष रूप से सतर्क रहना पड़ता है।

यह बल्लेबाजी अभ्यास की पुरानी पद्धति है, जिसमें कोच इस बात पर जोर देते हैं कि बल्लेबाज गेंद को रोकने के लिए अपने फ्रंट पैड की बजाय अपने बल्ले का अधिक उपयोग करें। इस तरह के अभ्यास के पीछे एक और कारण यह है कि भारत के बाएं हाथ के बल्लेबाजों में बैकफुट पर जाने की प्रवृत्ति है। इस तरह के अभ्यास से उन्हें स्पिनरों को आगे बढ़कर खेलने में मदद मिलती है।



### कोच गौतम की सुदर्शन पर कड़ी नजर

सुदर्शन की तरह जुरेल ने भी एक पैड निकाल कर अभ्यास किया। वह पहले टेस्ट मैच में विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेले थे लेकिन अपेक्षित प्रदर्शन करने में नाकाम रहे थे। टीम प्रबंधन उन्हें गुवाहाटी में भी इसी भूमिका में अंतिम एकादश में रख सकता है। वैकल्पिक सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर ने सुदर्शन पर कड़ी नजर रखी, जो शुभमन गिल की जगह लेने के दावेदारों में से एक हैं। भारतीय कप्तान को गर्दन में ऐंठन के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर बैठना पड़ सकता है। इन दोनों बल्लेबाजों में तेज गेंदबाजों के सामने भी अभ्यास किया लेकिन वह उनके सामने सहज नजर नहीं आए। आकाशदीप की गेंद कई बार उनके बल्ले का किनारा लेकर गई और यहां तक कि नेट गेंदबाजों ने भी उन्हें मूवमेंट से परेशान किया। गंभीर और बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक ने ब्रेक के दौरान उनसे लंबी बातचीत की।

### दोनों हाथों से गेंदबाजी करने वाले मैती ने कराई सुदर्शन, जडेजा को प्रैक्टिस

ईडन गार्डन्स में एक अप्रत्याशित गेंदबाज सुर्खियों में आया। दोनों हाथों से गेंदबाजी करने में सक्षम बंगाल के स्पिनर कौशिक मैती ने वैकल्पिक अभ्यास सत्र के दौरान दोनों भूमिकाओं को सहजता से निभाया। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल का प्रतिनिधित्व कर चुके 26 वर्षीय मैती ने सहजता से अपनी शैली बदली और बाएं हाथ के बल्लेबाजों को ऑफ स्पिनर और दाएं हाथ के बल्लेबाजों को बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी की। शीर्ष प्रथम डिवीजन क्लब कालीघाट के लिए खेलने वाले मैती ने कहा, 'यह भारतीय टीम के नेट पर गेंदबाजी का मेरा पहला अनुभव था। हालांकि मैंने ईडन गार्डन्स में मुकाबलों के दौरान विभिन्न फ्रेंचाइजी के आईपीएल नेट सत्र में गेंदबाजी की है। आज मैंने साई सुदर्शन, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा और देवदत्त पडिक्कल को ऑफ स्पिन गेंदबाजी की। ध्रुव जुरेल को मैंने बाएं हाथ की स्पिन गेंदबाजी की।'

## भारत से इंडोनेशिया तक वंदना ठाकुर की स्वर्णिम गर्जना

**नई दिल्ली।** किसी भी देश का गौरव सोने-चाँदी के मेडल या महज़ उसकी सफलता से ही नहीं मापा जाता, वह मापा जाता है देश की बेटियों के हौसलों से। वह समय अब इतिहास के काले पन्नों में दर्ज है, जब बेटियों को बंदिशों की बेड़ियाँ पहनाकर घरों में कैद करके रखा जाता था। आज की भारत की बेटी सपनों को किसी और की नहीं, बल्कि अपनी मुट्ठी में संभाले चलती है और दुनिया को बताती है कि अब उसका सफर रुकावटों से नहीं, बल्कि उसके जज़्बे से लिखा जाता है। उसी नए भारत की एक बुलंद आवाज़ बनकर वंदना ठाकुर इंडोनेशिया से गोल्ड लेकर लौटी हैं, सिर्फ मेडल नहीं, बल्कि एक संदेश लेकर कि भारत की बेटियाँ जब ठान लेती हैं, तो इतिहास का रुख भी बदल देती हैं। 11 से 17 नवंबर, 2025 तक रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया के बाटम शहर रियाउ प्रांत में आयोजित 16वीं वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप में वन्दना ठाकुर ने वह कर दिखाया, जिसकी कल्पना मात्र भी साहस माँगती है। दुनिया भर के दिग्गज बॉडीबिल्डर्स के बीच भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, वंदना ने करोड़ों भारतीयों को गौरवान्वित कर दिया और अकेले ही पूरे राष्ट्र की उम्मीदों का भार अपने कँधों पर उठाकर उसे स्वर्णिम अंजाम तक पहुँचाया।



जीत को लेकर भावुक वंदना ठाकुर ने अपनी भावनाएँ व्यक्त करते हुए कहा, "जब मैं मंच पर गई, तो मेरे दिमाग में सिर्फ एक ही बात थी, तिरंगे के लिए जीतना। भारत का तिरंगा इस मंच पर लहराना है, यही मेरा लक्ष्य था और इसे सच करने के लिए जो भी करना पड़े, उसके लिए मैं तैयार थी। मैंने कई महीनों पहले से ही देश के लिए गोल्ड लाने की ज़िद के साथ तैयारी कर दी थी। मैं हर महिला से, हर बालिका से यही कहना चाहती हूँ कि कुछ भी हासिल करने की ललक यदि मन में हो, तो उसे पूरा करने की ज़िद पर अड़ जाओ, तुम्हें जीतने से कोई भी नहीं रोक सकता, खुद तुम भी नहीं। यह गोल्ड मैडल सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि हर उस महिला का है, जिसे कभी बताया गया था कि वह कुछ नहीं कर सकती, लेकिन फिर भी उसने कर दिखाया। मैं चाहती हूँ कि यह मेडल भारत की हर एक बेटी के सपनों में सुनहरा रंग भरे और उन्हें सबसे आगे रहने की प्रेरणा दे।

## पायस-स्वास्तिका ने जीता राष्ट्रीय रैंकिंग खिताब



**पंचकुला।** दिल्ली के पायस जैन और पीएसपीबी की स्वास्तिका घोष ने यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में कड़े मुकाबलों में जीत हासिल करके पुरुष और महिला एकल खिताब जीते। पुरुष एकल फाइनल में पायस ने रेलवे के आकाश की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए 12-10, 10-12, 7-11, 11-9, 11-7, 11-8 से जीत हासिल की। महिला एकल फ़ाइनल में स्वास्तिका ने पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास को छह गेम के रोमांचक मुकाबले में 12-10, 12-14, 12-10, 11-8, 9-11, 12-10 से हराया। असम के प्रियानुज भट्टाचार्य ने एम. बालामुरुगन को 4-1 से हराकर लड़कों के अंडर-19 वर्ग का खिताब जीता। लड़कियों के अंडर-19 फाइनल में पश्चिम बंगाल की सिंड्रेला दास ने तमिलनाडु की श्रेया आनंद को 4-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

## सात्विक-चिराग ने चीनी ताइपे जोड़ी को 48 मिनट में हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के स्टार शटलर सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने चीनी ताइपे के चांग को-ची और पो ली-वेई पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व की तीसरे नंबर की भारतीय जोड़ी ने को-ची और पो ली-वेई के खिलाफ 48 मिनट तक चले पहले दौर के संघर्षपूर्ण मुकाबले में 25-23, 21-16 से जीत हासिल की। महिला युगल में




हालांकि त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को अपने पहले मैच में इंडोनेशिया की एफ कुसुमा और एम पुष्पितसारी की जोड़ी से 10-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 2-6 से पीछे चल रही थी। इसके बाद भी कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन चीनी ताइपे की जोड़ी ने 16-14 तक मामूली बढ़त बनाए रखी। भारतीयों ने पलटवार करते हुए 19-17 की बढ़त बना ली, लेकिन इसके बाद मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया।

## भारत और बांग्लादेश के बीच सीरीज स्थगित कटक और कोलकाता में होने वाले थे मैच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला क्रिकेट टीम की अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने स्थगित कर दिया है और इसी समय विश्व चैंपियन टीम के लिए एक वैकल्पिक कार्यक्रम तैयार करने की कोशिश कर रहा है।

बांग्लादेश के खिलाफ तीन एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच आईसीसी के भविष्य



दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे और इनके कोलकाता तथा कटक में खेले जाने की उम्मीद थी।

### दिसंबर में वैकल्पिक श्रृंखला

*बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'हम दिसंबर में एक वैकल्पिक श्रृंखला आयोजित करने की कोशिश करेंगे लेकिन अभी इस पर काम चल रहा है। जहां तक बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का सवाल है तो हमें इसके लिए मंजूरी नहीं मिली है।' इस महीने की शुरुआत में आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप जीतने के बाद बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला टीम की पहली श्रृंखला हो सकती थी।*

### हर टूर्नामेंट में पदक हासिल करना संभव नहीं : मनु

**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर ने आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन को



बरकरार न रख पाने को झटका करार देते हुए हमवतन खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भाकर ने कहा कि वह 'हर दिन नहीं जीत सकतीं'। हाल ही में हुए इस टूर्नामेंट में 13 भारतीय पदक विजेताओं में मनु भाकर का शामिल न होना निशानेबाजी जगत के कई लोगों के लिए थोड़ा आश्चर्य की बात है।

## 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी 5 टेस्ट मैच की श्रृंखला

# एशेज: ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के बीच प्रतिद्वंद्विता 100 साल पुरानी

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

बहुत कम खेल प्रतियोगिताएं एशेज जैसा इतिहास, नाटकीयता और आभा लिए होती हैं, जिसकी शुरुआत 1882 में एक समाचार पत्र में प्रकाशित शोक संदेश से हुई थी, जो बाद में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच क्रिकेट की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता का प्रतीक बन गई।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज को लेकर चली आ रही यह प्रतिद्वंद्विता 100 साल से भी पुरानी है, जिसका नया अध्याय 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला से लिखा जाएगा। एशेज श्रृंखला अंतरराष्ट्रीय खेलों की सबसे पुरानी और सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विताओं में से एक है, जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच टेस्ट क्रिकेट प्रतियोगिताएं शामिल हैं।



### एशेज और कलश में अटूट संबंध

इंग्लैंड के कप्तान इवो ब्लाई ने उसी साल बाद में एशेज वापस लाने की शपथ लेकर अपनी टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। इंग्लैंड की जीत के बाद एक प्रशंसक ने ब्लाई को एशेज के प्रतीक के रूप में एक छोटा सा टेराकोटा कलश भेंट किया और इस तरह एशेज और कलश का अटूट संबंध हो गया। उसी दिन ब्लाई की मुलाकात अपनी भावी पत्नी से हुई। यह दंपत्ति इस कलश को अपने साथ इंग्लैंड ले गया तथा ब्लाई के निधन तक यह उनके परिवार के पास ही रहा और बाद में इसे एमसीसी को सौंप दिया गया।

### 1882 में हुआ था 'एशेज' शब्द का पहली बार इस्तेमाल

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट क्रिकेट की शुरुआत 1877 में हुई थी। खेल के नियमों के संरक्षक मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) के अनुसार अगस्त1882 में द स्पोर्टिंग टाइम्स में छपे एक व्यंग्यात्मक श्रद्धांजलि लेख में हुआ था, जब इंग्लैंड की टीम पहली बार घरेलू धरती पर ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी। इस शोक संदेश में कहा गया था कि इंग्लिश क्रिकेट का अंतिम संस्कार किया जाएगा और एशेज यानी राख को ऑस्ट्रेलिया ले जाया जाएगा।

### इस दिन होंगे टेस्ट मैच

पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला शुक्रवार से पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट ब्रिस्बेन के गाबा में चार दिसंबर से शुरू होगा। यह दिन रात्रि टेस्ट मैच होगा। तीसरा टेस्ट एडिलेड ओवल में 17 से 21 दिसंबर तक खेला जाएगा। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड अपने पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी 26 दिसंबर से करेगा और पांचवां टेस्ट सिडनी में चार जनवरी से शुरू होगा।

## त्रिपुरा के खिलाफ पारी से जीता रेलवे, राज चौधरी ने चटकाए 9 विकेट

**वलसाड।** रेलवे ने रणजी ट्रॉफी 2025-26 के एलीट ग्रुप-सी मुकाबले में त्रिपुरा के खिलाफ पारी और 117 रन से जीत दर्ज की। राज चौधरी इस मुकाबले के हीरो रहे, जिन्होंने मुकाबले में कुल 9 विकेट अपने



नाम किए। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। वलसाड स्थित सरदार वल्लभाई पटेल स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में त्रिपुरा की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए महज 136 रन पर सिमट गई। इस पारी में बाबुल डे ने 42 रन, जबकि विजय शंकर ने नाबाद 44 रन बनाए। विपक्षी टीम की ओर से राज चौधरी ने 9 ओवरों में 30 रन देकर 4 विकेट हासिल किए। उनके अलावा, कुणाल यादव और आदर्श सिंह ने 2-2 विकेट निकाले। इसके जवाब में रेलवे ने अपनी पहली पारी में 9 विकेट खोकर 446 रन बनाए। इस पारी में मोहम्मद सैफ ने 15 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 158 रन बनाए, जबकि भार्गव मेराई ने 26 चौकों के साथ 160 रन जुटाए। इनके अलावा, कुश मराठे ने 78 रन टीम के खाते में जोड़े। त्रिपुरा की तरफ से अभिजीत सरकार ने सर्वाधिक 4 विकेट निकाले।

कुटुंब न्यायालय का अहम फैसला, पत्नी ने छिपाई थी वास्तविक आय, कोर्ट ने ठुकराई भरणपोषण की मांग

# पति से ज्यादा कमा रही है पत्नी भरणपोषण दिलाना न्यायसंगत नहीं

हरिभूमि जबलपुर।

कुटुंब न्यायालय ने एक अहम फैसले में कहा कि जब तलाकशुदा पत्नी स्वयं पति की आय के तुलनात्मक आय अर्जित कर रही है। यह उसके खुद के भरणपोषण के लिए पर्याप्त है। ऐसे में उसे अलग से भरणपोषण दिलाया जाना न्यायसंगत नहीं प्रतीत होता। इस मत के साथ कुटुंब न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश संदीप शर्मा की कोर्ट ने पत्नी की भरणपोषण के लिए दायर की गई अर्जी निरस्त कर दी। घमापुर थाना क्षेत्र निवासी महिला ने अपने पूर्व पति से हर महीने गुज़ारे भत्ते की मांग करते हुए यह अर्जी भी की थी। उसकी ओर से कहा गया कि खर्च चलाना मुश्किल है, इसलिए पति आर्थिक सहायता दे। सुनवाई के दौरान पति की ओर से बताया गया कि उसकी पत्नी तलाक के बाद नौकरी कर रही है। लेकिन कोर्ट में जमा किए गए फार्म में उसने अपनी आय वाले कॉलम में 'कुछ नहीं' लिख दिया। इस तरह उसने अपनी कमाई को छुपाया। पति ने बताया कि वह सिर्फ 7,000 रुपये महीना कमाता है। उनके बेटे की पूरी जिम्मेदारी भी वही



निभा रहा है, क्योंकि बच्चा उसी के साथ रहता है। महिला से उसकी आय के बारे में पूछने पर उसने कोर्ट को बताया कि वह हर महीने 10,000 रुपये वेतन पा रही है। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि तलाकशुदा महिला भरण-पोषण की अधिकारी होती है। लेकिन उसकी आय खुद के लिए पर्याप्त है। इसलिए आवेदिका भरणपोषण राशि पाने की हकदार नहीं है। इस मत के साथ कोर्ट ने आवेदन खारिज कर दिया गया।

## रजिस्ट्री फर्जीवाड़े के आरोपी को अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विवेक पटेल की अदालत ने रजिस्ट्री फर्जीवाड़े के आरोपी अधारताल निवासी यूसुफ जावेद खान को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने आरोपी की अर्जी निरस्त कर दी। राज्य की ओर से एजीपी प्रमोद पांडे व आपत्तिकर्ता मोहम्मद असलम की ओर से अधिवक्ता मनीष मिश्रा ने अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि गोहलपुर पुलिस ने इस मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोपित ने फर्जी आधार कार्ड व दस्तावेज तैयार किए। इसके बाद स्वयं क्रेता फर्जी विक्रेता को रजिस्ट्री कार्यालय में खड़ा कर भूखंड की रजिस्ट्री कराई। प्रकरण में विवेचना जारी है। इसलिए अग्रिम जमानत नहीं दी जानी चाहिए। अदालत ने तर्क से सहमत होकर अर्जी निरस्त कर दी।

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# क्या दूसरे प्रदेश में बसने से किसी व्यक्ति की जाति बदल जाती है

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा है कि क्या दूसरे प्रदेश में बसने से किसी व्यक्ति की जाति बदल जाती है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने केन्द्र व राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दरअसल, हाईकोर्ट में एक याचिका दायर कर एक कर्मचारी के गोंड जनजाति प्रमाण पत्र को अमान्य घोषित किए जाने को चुनौती दी गई है।

याचिका के अनुसार, जबलपुर निवासी विश्वनाथ साह का जन्म 1966 में जबलपुर में हुआ था। इसके पूर्व याचिकाकर्ता के माता-पिता बिहार के सिवान जिले से पलायन कर यहां आए थे। मजदूरी कर के अपने परिवार का पालनपोषण करते थे। वर्ष 1981 में तत्कालीन कलेक्टर जबलपुर ने याचिकाकर्ता को उसके माता पिता की जाति के आधार पर गोंड जनजाति का प्रमाण पत्र जारी किया गया था।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनायक प्रसाद शाह व परमानंद साहू ने कोर्ट को बताया कि राज्य स्तरीय उच्च-शक्ति समीक्षा समिति ने 5 अगस्त, 2025 के अपने आदेश में केवल इस आधार पर उनके जनजाति प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया कि उनके पिता का जन्म बिहार में हुआ था। याचिकाकर्ता का जन्म जन्म, शिक्षा और पूरा जीवन जबलपुर, मध्य प्रदेश में ही बीता है और उन्हें 1981 में ही जनजाति प्रमाण पत्र जारी किया गया था।

याचिका में अंतर-राज्यीय प्रवासियों के संबंध में जारी केंद्र और राज्य सरकार की उन अधिसूचनाओं और परिपत्रों की संवैधानिक वैधता को भी चुनौती दी गई है, जिनके अनुसार किसी अन्य राज्य में प्रवास करने वाले अनुसूचित जाति और जनजाति के व्यक्ति को मूल राज्य के स्थान पर प्रवासी राज्य में आरक्षण का लाभ नहीं मिलता। याचिकाकर्ता का दावा है कि यह प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 14, 16, 19(1)(ई) और 21 द्वारा प्रदत्त उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

घटना से सनसनी, चाकूबाज घटना के बाद मौके से फरार

# सुबह-सुबह उड़िया मोहल्ले में घर के पास युवती की हत्या

**जबलपुर।** ओमती थाना अतंर्गत उड़यिा मोहल्ला में मंगलवार की सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब अपनी डयूटी पर जाने के लिए घर से निकली एक युवती की मोहल्ले में रहने वाले एक युवक ने चाकू मारकर हत्या कर दी। युवती को रक्त रंजित हालत में विक्टोरिया असपताल ले जाया गया जहां से उसे मेडीकल रेफर कराया गया, मेडिकल पहुंचते ही युवती ने दम तोड़ दिया।

घटना के संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने बताया कि उड़िया मोहल्ला निवासी आनंद यादव की बेटी 25 वर्षीय मुस्कान यादव प्रायवेट जॉब करती है। मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर से ऑफिस जाने के लिए निकली, तभी दिन दहाड़े



उस पर मोहल्ले के रहने वाले आरोपी कुलदीप उर्फ गोलू यादव ने चाकू से वार कर दिया। चीख पुकार सुनकर उसके पिता बाहर आए बेटी को घायल अवस्था में लेकर ओमती थाना पहुंचे, पुलिस ने तत्काल मुस्कान को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया, परिजनों की उपस्थिति में डॉक्टरों ने मुस्कान को मेडिकल रेफर कर दिया था। मेडिकल पहुंचते-पहुंचते मुस्कान ने दम तोड़ दिया। इधर मुस्कान पर चाकू से हमला करने वाले फरार आरोपी के संबंध में संपूर्ण जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है। वारदात स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### पुलिस जांच में जुटी

मृतिका मुस्कान की मां ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा है कि मोहल्ले में ही रहने वाले कुलदीप उर्फ गोलू यादव ने चाकू से हमला कर उनकी बेटी की हत्या कर दी है। हत्या क्यों और किन कारणों से हुई यह अभी स्पष्ट नहीं है। इतना जरुर है कि गोलू ने इसके पूर्व भी विवाद किया था। जिसकी रिपोर्ट ओमती थाने में की गई थी। पुलिस कारणों की जांच में जुटी है। दिनदहाड़े घर के समीप हुई हत्या की सूचना के बाद ओमती पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों के बयान के आधार पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

### आरोपी शादीशुदा, मृतिका अविवाहित

इस वारदात के बाद क्षेत्र में चर्चा व्याप्त है कि आरोपी गोलू शादीशुदा है जबकि मृतिका मुस्कान अविवाहित है। लिहाजा एक तरफा इश्क या अन्य संभावना पर ही संदेह नहीं जा रहा। यह वारदात आरोपी ने क्यों कि यह भी रहस्य बना हुआ है। पुलिस हर एंगल से मामलें की जांच कर रही है। आरोपी गोलू यादव आदतन अपराधी है, जिसके खिलाफ चोरी, मारपीट सहित कई संगीन अपराध दर्ज हैं

### स्थानीय लोग भड़के, किया चक्का जाम

इस घटना से मृतिका के परिजनों और स्थानीय लोगों में गहन आक्रोश व्याप्त है। उनका आरोप है कि शहर में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस लापरवाह बनी हुई है। परिजनों ने मेडिकल कॉलेज के सामने चक्का जाम कर आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

## सामूहिक हिंसा में मृत्यु के आरोपियों को सजा व जुर्माना

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की अदालत ने सामूहिक हिंसा के कारण जबलपुर निवासी मंगेश पटेल की जान जाने के मामले में आरोपी शोभित, पवन, सागर, अंकित व शशांक का दोष सिद्ध पाया। इसी के साथ आरोपियों को 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुना दी। जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से एजीपी प्रमोद पांडे ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 15 जनवरी, 2023 को सायं साढ़े छह बजे मदन महल में आरोपियों ने पुराने विवाद को लेकर हिंसा मचा दी। आरोपी हाकी, डंडे लेकर आए थे। गाली-गलौच के साथ मारपीट करने लगे। चाकू भी चलाया गया। इससे मंगेश बुरी तरह घायल हो गया। इस वजह से अंततः उसकी जान चली गई। पुलिस ने प्रकरण कायम कर लिया था। कोर्ट ने दोष सिद्ध पाकर सजा सुना दी।

इंदौर-नैनपुर पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन के टाईम में भी बदलाव

# इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस का समय बदला

**जबलपुर।** रेलवे ने इंदौर से जबलपुर के बीच चलने वाली ओवरनाइट एक्सप्रेस के समय में बदलाव कर दिया है। साथ ही इंदौर-नैनपुर पेंचवेली एक्सप्रेस की टाइमिंग भी बदली गई है. यह बदलाव आगामी 22 नवम्बर से प्रभावी होगा. 22 नवंबर से यह ट्रेन इंदौर से 19.35 बजे रवाना होगी. देवास स्टेशन पर यह ट्रेन 20 बजे रुकेगी. तीन मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन देवास स्टेशन से आगे बढ़ेंगे. रतलाल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि तीनों ट्रेनों के अन्य सभी ठहराव में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इंदौर से हर दिन चलने वाली इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22191 ट्रेन का समय भी बदला है. ओवरनाइट एक्सप्रेस 22 नवंबर से यह ट्रेन इंदौर से अभी रात 19.30 बजे रवाना होती थी, जो 19.35 बजे रवाना होगी। देवास स्टेशन पर यह ट्रेन अब रात 8 बजे पहुंचेगी बजे रुकेगी. तीन मिनट के ठहराव के बाद यह ट्रेन आगे के लिये रवाना होगी। इसी तरह इंदौर से प्रतिदिन चलने वाली इंदौर-नैनपुर, पेंचवैली एक्सप्रेस,गाड़ी संख्या 19343 अब इंदौर से 13.15 बजे से रवाना होगी। इसके अलावा हमसफर एक्सप्रेस सप्ताह में एक बार इंदौर से पुरी के लिए चलती है। 25 नवंबर से यह ट्रेन इंदौर से 15.5 बजे चलेगी। देवास स्टेशन इसका स्टापेज 15.31 बजे रहेगा. दो मिनट ठहराव के बाद ट्रेन देवास स्टेशन से 15.33 बजे रवाना होगी।




टेक्टर, ट्रक अड़ाकर किया चकाजाम, आज जबलपुर में धावा बोलेंगे

# कम दाम मिलने से पाटन में बिफरे मक्का किसान



**जबलपुर।** इस साल सरकार द्वारा मक्के की खरीदी करके और उसका इथेनॉल बनाने में उपयोग किए जाने का दावा किए जाने के बाद मक्के का समर्थन मूल्य 24 सौ रुपए क्विंटल तय किया गया था, लिहाजा किसानों ने मक्के का बंपर उत्पादन किया, जिले में मक्के का रकवा तेजी से बढ़ गया। अब नौबत यह है कि किसानों को समर्थन मूल्य तो मिलना दूर की बात हैं लागत भी नहीं निकल पा रही है। मक्के के दाम नहीं मिल पाने से पाटन मंडी में किसानों ने अपने अपने टेक्टर अड़ाकर चका जाम कर दिया। जिससे मार्ग के दोनों और लंबा जाम लग गया। भारत कृषक समाज ने तत्काल मंडी सचिव से हस्तक्षेप की मांग की। लेकिन मंडी सचिव ने अपने हाथ खड़े कर दिए। दरअसल मंडी में मंगलवार को मक्के का रेट एक हजार क्विंटल खुला। किसानों के प्रदर्शन के बाद, जब भारत कृषक समाज के पदाधिकारी इंजीनियर केके अग्रवाल ने जब मंडी सचिव सुनील पांडे से बात की तो उन्होंने अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला होने की बात कही, यद्यपि मंडी सचिव द्वारा व्यापारियों से बातचीत की गई उसके बाद व्यापारी 1730 रुपए में मक्का खरीदने तैयार हुए, लेकिन इसके बाद भी बात नहीं बनी। किसान अपने टेक्टर, मिनी ट्रक लेकर सड़क पर खड़े हो गए। उधर मंडी सचिव का कहना है कि उन्होंने दोनों पक्षों से बात करने के बाद 1730 रुपए में निलामी शुरु करा दी। लगभग आधे घंटे तक किसानों का प्रदर्शन चलने की बात उन्होंने स्वीकार की। इधर दूसरी ओर पाटन के निवासी भारत कृषक समाज कार्यकारिणी वरिष्ठ सदस्य सीएल शर्मा ने कहा कि मंडी सचिव ने शुक्रवार और शनिवार को सिहोरा मंडी बंद रहने की बात कही थी, लिहाजा किसान पाटन मंडी में माल लेकर पहुंच गया। किसानों का आक्रोश उस वक्त भड़क गया, जब व्यापारी पूल बनाकर यहां 1 हजार रुपए प्रति क्विंटल के भाव से अधिक देने को तैयार नहीं थे, लिहाजा विद्रोह की स्थिति बन गई और किसान प्रदर्शन करने लगे। श्री शर्मा ने कहा कि किसानों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। आज बड़ी संख्या में किसान जबलपुर मंडी पहुंचेंगे और किसी कीमत पर 18 सौ रुपए क्विंटल के भाव से मक्का नहीं बिकने देंगे। श्री शर्मा ने कहा कि किसान की लागत नहीं निकल पा रही है। व्यापारी जब गाय भैंस के लिए दाना छिलका 24 सौ रुपए क्विंटल बेच रहा हैं तो क्यों किसानों को 1 हजार रुपए क्विंटल मक्का बेचने के लिए विवश किया जा रहा हैं।

## पिकअप वाहन ने 5 साल की मासूम बच्ची को रौंदा, मौत

**जबलपुर।** मझौली थाना अतंर्गत ग्राम धनवाही पुलिया के पास रोड किनारे खड़ी एक 5 साल की बालिका के ऊपर से पिकअप वाहन चढ़ाते हुए वाहन चालक भाग गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने चैक कर मासूम बालिका को मृत घोषित कर दिया। मझौली पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमरिया धनवाही निवासी 50 वर्षीय लक्खू कोल अपनी बेटी काजल कोल एवं नातिन मानवी तथा नाति कायरव को लेकर ससुराल डुंगरिया से लेकर घर सिमरिया जा रहा था आटो में ग्राम धनवाही पुलिया के पास पहुंचे और सभी आटो से उतरकर रोड किनारे खड़े हुये तभी मझोली की ओर से आ रही 407 पिकअप एमपी 20 जी ए 2073 के चालक ने नातिन मानवी के ऊपर से वाहन चढ़ाते हुये भाग गया। वहीं गंभीर रुप से घायल मानवी को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मझोली लेकर पहुचे जहाँ डाक्टर ने चैक कर 5 वर्षीय मानवी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुये धारा 281, 106(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## 396 ग्राम गांजा जप्त

**जबलपुर।** सिहोरा पुलिस ने हरदुआ रेलवे फाटक के पास स्थित पटरी के पास बनी टपरिया के सामने मादक पदार्थ गांजे के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उनके पास से 396 ग्राम गांजा जब्त किया है। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि गत दिवस पेट्रोलिंग के दौरान हरदुआ रेलवे फाटक के पास स्थित पटरी के पास बनी टपरिया के सामने गांजा बेचने की फिराक में बैठे हरदुआ कला निवासी 54 वर्षीय बल्लू उर्फ शेष एहकाम को गिरफ्तार कर उसके पास से 396 ग्राम गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240



## एसआरआईटी सेमीफाइनल में पहुँचा

**जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दिन की शुरुआत जीजीसीटी कॉलेज बनाम खालसा फार्मेसी मैच से हुई, जबकि दूसरा मुकाबला पहला क्वार्टर फाइनल था जिसमें एसआरआईटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।टॉस जीतकर जीजीसीटी कॉलेज ने पहले गेंदबाज़ी का फैसला किया। खालसा फार्मेसी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 72 रन पर ऑलआउट हो गई। जीजीसीटी के शिवांश ने 3 विकेट हासिल किए।

**विकास का तूफ़ानी शतक, 197 रनों की पारी से जीत पक्की**

जवाब में जीजीसीटी ने मात्र 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर 9 विकेट से जीत दर्ज की। प्रसून ने 40 रन की शानदार पारी खेली।

दूसरा मैच (पहला क्वार्टर फाइनल): विकास का शतक, एसआरआईटी सेमीफाइनल में एसआरआईटी कॉलेज और ज्ञान गंगा फार्मेसी कॉलेज के बीच खेले गए क्वार्टर फाइनल में एसआरआईटी ने तूफ़ानी बल्लेबाजी करते हुए मात्र 12 ओवर में 197 रन बनाए। एसआरआईटी के विकास ने धमाकेदार 103 रन की पारी खेलकर मैच का रुख अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए ज्ञान गंगा फार्मेसी की टीम 79 रन पर ऑलआउट हो गई। एसआरआईटी ने यह मुकाबला 118 रनों से जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। कार्यक्रम में श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन श्री रामेंद्र कर्सोलिया, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, मुख्य अतिथि श्री राजा तिवारी, नोडल अधिकारी भगवान सिंह, ज्ञान गंगा कॉलेज के खेल अधिकारी नितेन्द्र सिंह, श्रीराम कॉलेज के खेल अधिकारी हरविंदर सिंह एवं भानु सूर्यवंशी उपस्थित रहे।

### शहर के मुकाबले ग्रामीण दिखा रहे फुर्ती

# एसआईआर की रफ्तार तेज, लेकिन चुनौतियाँ भी कम नहीं

हरिभूमि, जबलपुर।

जिले में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया शुरू हुए दो सप्ताह बीत चुके हैं, और अब जैसे-जैसे 4 दिसंबर की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है, प्रशासनिक हलचल तेजी से बढ़ने लगी है। लेकिन इस बार सबसे दिलचस्प तस्वीर यह है कि ग्रामीण क्षेत्र जागरुकता और सहयोग में शहरों से कहीं आगे नजर आ रहे हैं। जहाँ शहरों में बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने घरों में बैठकर बीएलओ का इंतजार कर रहे हैं, वहीं गांवों में लोग खुद बीएलओ तक पहुंचकर फार्म भरवा रहे हैं, दस्तावेज दिखा रहे हैं और संशोधन कार्य में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। यही वजह है कि ग्रामीण इलाकों में काम की रफ्तार अपेक्षाकृत बेहतर है, जबकि शहरों में धीमी गति बनी हुई है।

### संसाधनों कमी से बढ़ी दिक्कतें

जबलपुर में इस सर्वेक्षण ने प्रशासनिक तैयारियों की कमियों पर भी रोशनी डाली है। कई बीएलओ मानते हैं कि इस बार उन्हें दिया गया प्रशिक्षण पर्याप्त नहीं था, जिसके कारण डेटा मिलान, ऑनलाइन अपडेट और दस्तावेज सत्यापन में बार-बार त्रुटियाँ सामने आ रही हैं।

उधर, रियल-टाइम अपडेट के लिए दिए गए तकनीकी संसाधन भी पर्याप्त नहीं हैं। कई बीएलओ को अब भी पुराने मोबाइल, कमजोर



इंटरनेट और सीमित डेटा सपोर्ट के साथ काम करना पड़ रहा है। यह सीधे तौर पर फील्ड की कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है।

### ऑनलाइन सिस्टम की धीमी रफ्तार

जबलपुर के बीएलओ बताते हैं कि इस बार ऑनलाइन प्रक्रिया उनकी सबसे बड़ी परीक्षा बन गई है। पोर्टल का सर्वर कई बार इतना धीमा हो जाता है कि एक एंट्री अपलोड करने में 25—30 मिनट तक लग जाते हैं। कई बार सर्वर बीच में बंद हो जाने से पूरा दिन बेकार चला जाता है। ऐसी स्थिति में जब फॉर्म वापस आते हैं और दोबारा संशोधन करना पड़ता है, तो काम कई गुना बढ़ जाता है। यही वजह है कि शहरी क्षेत्रों में कार्य की गति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पा रही है।

### 2003 के पुराने मतदाताओं की खोज

एसआईआर के इस चक्र में सबसे मुश्किल कार्य है 2003 की मतदाता सूची में दर्ज उन लोगों की खोज जो आज व्यावहारिक रूप से किसी भी सरकारी रिकॉर्ड में मौजूद नहीं मिलते। जबलपुर के वार्डों में बीएलओ घंटों घर-घर तलाश कर रहे हैं, लेकिन कई पते ऐसे हैं जहाँ घर ही अस्तित्व में नहीं, कई जगह लोगों को नाम तक याद नहीं, और कई मतदाता वर्षों पहले शहर छोड़ चुके हैं।एक बीएलओ ने बताया कुछ रिकॉर्ड इतने पुराने हैं कि पता लगाना भी मुश्किल है कि मतदाता जीवित हैं या नहीं। कई बार पड़ोसी भी जानकारी नहीं दे पाते।

### शादीशुदा महिलाओं की मैपिंग पेचीदा

जबलपुर सहित पूरे प्रदेश में बड़ी समस्या उन शादीशुदा महिलाओं की पहचान और सत्यापन को लेकर सामने आई है जिनका 2003 में विवाह नहीं हुआ था। अब वे अलग-अलग घरों, वार्डों या गांवों में रहती हैं, जबकि पुराने रिकॉर्ड में उनका नाम मायके वाले पते पर दर्ज है।बीएलओ बताते हैं कि कई महिलाओं के मायके और ससुराल दोनों जगह नाम अलग-अलग हैं. उम्र और पते में असंगतता है. बहुत सी महिलाएं दूसरे शहर चली गईं, पर रिकॉर्ड अपडेट उसी पुराने पते पर है. ऐसी स्थिति में मिलान और आधार लिंकिंग अत्यंत धीमी गति से आगे बढ़ रही है।

### आम जनता का सहयोग सुखद

हालाँकि चुनौतियों के बीच सबसे सुकून देने वाली बात यह है कि आम जनता में जागरुकता देखने को मिल रही है, और लोग आगे आकर अपना डेटा सही करवाने की पहल कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह सहयोगात्मक रवैया बीएलओ के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है, जबकि शहरों में जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

## एसआईआर के कार्य में लापरवाही बरतने पर दो बीएलओ और एक पटवारी निलंबित

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन के कार्य में लापरवाही बरतने और आदेशों की अवहेलना करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने दो बीएलओ और एक पटवारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिन दो बीएलओ को निलंबित किया गया है उनमें विधानसभा क्षेत्र जबलपुर केन्ट के मतदान केन्द्र क्रमांक 150 के बीएलओ मुख्य अभियंता कार्यालय लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक ग्रेड-तीन संदीप नंदा एवं विधानसभा क्षेत्र जबलपुर उत्तर के मतदान केन्द्र क्रमांक 133 की बीएलओ वन रक्षक श्रीमती मोनू भारती शामिल है। जबकि शहपुरा तहसील के पटवारी हल्का नंबर 35 रमखिरिया ठूंठा का पटवारी आशुतोष चतुर्वेदी को मतदाताओं के सत्यापन में बीएलओ का सहयोग नहीं करने के कारण निलंबित किया गया है।विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित पटवारी और बीएलओ को नोटिस भी जारी किये गये थे, लेकिन उनके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया था। पटवारी और बीएलओ के निलंबन की कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के प्रावधानों तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के प्रावधानों के तहत की गई है। निलंबित बीएलओ संदीप नंदा को निलंबन की अवधि में निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारी कार्यालय जबलपुर कैंट एवं श्रीमती मोनू भारती को निर्वाचक रजिस्ट्रिकरण अधिकारी कार्यालय जबलपुर उत्तर से संबद्ध किया गया है। वहीं निलंबित पटवारी आशुतोष चतुर्वेदी का निलंबन काल के दौरान मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय नियत किया गया है।



## ट्रेन में वेंडर से लूट करने वाले बदमाश 24 घंटे में गिरफ्तार

जबलपुर।

रेल यात्रियों की सुरक्षा और अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी जबलपुर ने बड़ी सफलता हासिल की है। भागलपुर एक्सप्रेस (12336) के जनरल कोच में वेंडर से की गई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दोनों बदमाशों को गिरफ्तार कर 5000 की नगद राशि बरामद कर ली।

**जीआरपी जबलपुर ने बरामद की लूट की नगदी**

घटना 02 नवंबर 2025 की है, जब फर्रुखाबाद निवासी वेंडर ओमवीर सिंह जादौन से दो अज्ञात बदमाशों ने डरा-धमकाकर 7200 लूट लिए थे। पीड़ित की रिपोर्ट पर धारा 309(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत प्रकरण दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों को चिह्नित कर गौरव उर्फ गुल्लू कोष्ठा (32 वर्ष) निवासी फूटाताल भानतलैया तथा नित्तू उर्फ नीतेश विश्वकर्मा (40 वर्ष) निवासी बकरा मार्केट भानतलैया को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार करते हुए लूट की 5000 राशि प्रस्तुत की, जिसे जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी जीआरपी के पूर्व कई मामलों में भी संलिप्त रहे हैं तथा इनके विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा दो-दो वारंट जारी थे, जिनका पालन भी पुलिस ने गिरफ्तारी के साथ ही कर दिया। इस सफल कार्रवाई में जीआरपी थाना जबलपुर प्रभारी SHO संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में सउनि. भागचंद उद्दे, प्रधान आरक्षक मनोज मिश्रा, अरुण तिवारी, सतेंद्र सिंह, आरक्षक रविकांत, परशुराम, गोपाल, उमेश, ओमप्रकाश, संजीत, राजकुमार, तथा CBI शाखा आरपीएफ जबलपुर के सउनि. अमित सिंह और प्र.आर. ताराचंद गुर्जर का विशेष योगदान रहा।

**सूर्यास्त से सूर्योदय तक कड़ाके की ठंड**

# शहर में शीतलहर का अलर्ट

जबलपुर।

दिन में भी शीत लहर चल रही है और रात में भी। दोपहर 3 बजे के बाद सूर्यदेव की प्रखरता कम लगने लगती है। इसके बाद सूर्यास्त से लेकर सूर्याउदय तक शीतलहर का प्रकोप रहता है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है कि अगले 24 घंटे के दौरान शीतलहर चलने की संभावना है। मौसम विभाग का क

हना है कि अभी कुछ दिनों तक ऐसी ही शीतलता बरकरार रहेगी। शाम ढलने के बाद शीतलहर ठंड का अहसास कराती है और सुबह जोरदार ठंड बनी रहती है। रात में अभी निगम प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है लेकिन खुले आसमान के नीचे जीवन-यापन करने वाले लोग कचरा-कूड़ा जलाकर अलाव



ताप रहे हैं और किसी तरह रात काट रहे हैं। रात का पारा 9 डिग्री पर आ गया है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने ईएमएस को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण आसमान पर छाए बादल अब पूरी तरह छट चुके हैं। तापमान नीचे आया और उत्तर-पूर्वी हवाओं ने ठण्ड का प्रभाव बढ़ाया। वहीं शाम ढलने के बाद शीतलहर का प्रभाव शुरू हुआ जो सूर्योदय तक जारी रहा। इसलिए रात में जोरदार ठंड महसूस की गई। उत्तर दिशा से आ रही हवाओं ने वातावरण में शीतलता को बनाये रखा। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.04 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम रिकार्ड किया, जबकि न्यूनतम तापमान 9.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 5 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 82 प्रतिशत और सायंकाल 63 प्रतिशत दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। उत्तरी हवाएं 4 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष अधिकतम तापमान 29.06 और न्यूनतम तापमान 12.06 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सूर्योदय प्रातः 6.27 पर और सूर्यास्त 5.27 पर होगा।

### बढ़ती ठंड के कारण स्कूलों का समय बदला

जबलपुर। शीतकालीन मौसम प्रारंभ होने तथा तापमान में गिरावट के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जबलपुर जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदानप्राप्त, मान्यताप्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई, नवोदय, केन्द्रीय विद्यालय शैक्षणिक संस्थाएं कक्षा नर्सरी से पांचवी तक की प्रातः 9:00 बजे के बाद ही



प्रारंभ होगी, वहीं कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ करने के आदेश दिए गए। जिला कलेक्टर द्वारा जारी यह आदेश 19 नवंबर से लागू होगा। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि परीक्षाएं निर्धारित समय सारिणी अनुसार यथावत कराई जाये।




## निगमायुक्त ने जल और उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा प्रातः 9 बजे से जल विभाग एवं उद्यान विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बारी-बारी से विभागीय तैयारियां के संबंध में जानकारी लेने के साथ-साथ यह भी जानकारी ली कि ग्रीष्मऋतु में नागरिकों को दोनो समय बेहतर व्यवस्था के तहत जलापूर्ति हो उसकी क्या तैयारी है, के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि ग्रीष्मऋतु के दौरान नागरिकों को जलापूर्ति में कोई असुविधा नहीं होगी, अभी से उसकी व्यापक तैयारी की जा रही है।उपरोक्त साथ-साथ उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि डिवाइडर पर लगे पौधों को एकरूपता के साथ छटाई कराएं तथा जिन-जिन स्थानों पर पौधो लगाये जाना है उन स्थानों पर अभी से व्यवस्थित तरीके से पौधे लगाने का कार्य करें ताकि गरमी के दिनों में पौधे सूख न पाए। समीक्षा बैठक में सभी विभागीय प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

### शत-प्रतिशत गणना पत्रक का डिजिटाइजेशन करने वाले इंद्रराज सिंह बने पहले बीएलओ

**जबलपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में शत-प्रतिशत गणना पत्रकों को भरने और उनका डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण करने वाले पाटन विधानसभा क्षेत्र के मेहगवां स्थित मतदान केन्द्र क्रमांक 52 के बीएलओ इंद्रराज सिंह ठाकुर जिले के पहले बीएलओ बन गये हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए उन्हें जल्दी ही सम्मानित किया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने श्री ठाकुर के इस उल्लेखनीय कार्य के लिए उनकी सराहना की है तथा अन्य बीएलओ के लिए अनुकरणीय बताया है। बीएलओ श्री इंद्रराज सिंह ठाकुर ने अपने मतदान केन्द्र के सभी 595 मतदाताओं के गणना पत्रकों को भरवाकर उनके डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है। श्री इंद्रराज सिंह प्राथमिक शाला चंदवा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं।

## अब सुबह 10 बजे से लगेंगे आंगनवाड़ी केंद्र

**जबलपुर।** शीतलहर के चलते जबलपुर जिले में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। जिले में स्थित सभी आंगनवाड़ी केंद्र अब सुबह 9 बजे से शाम चार बजे के स्थान पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित की जायेंगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति का समय सुबह 10 बजे दोपहर 2 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सौरभ सिंह द्वारा इस बारे में आदेश जारी कर दिया गया है। आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन के समय में परिवर्तन का यह आदेश 19 नवंबर से लागू होगा। परिवर्तित समय के अनुसार जिले में स्थित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में अब पहले चार घण्टे में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बच्चों से सबंधित गतिविधियां होंगी। जबकि, शेष तीन घण्टे में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गृह भेंट, रिकार्ड संधारण एवं अन्य विभागीय कार्यों को संपादित करेंगी।

## 5 जुआड़ियों से 10 हजार जब्त

**जबलपुर।** संजीवनीनगर पुलिस ने ब्रम्हकुमारी आश्रम के पास खंबे की लाईट के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे 5 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 10 हजार 500 रुपए जब्त किए है।संजीवनी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर ब्रम्हकुमारी आश्रम के पास संतोष विश्वकर्मा के मकान के पास खम्बे की लाईट के नीचे जुआ मन्ना खेल रहे सोनू उर्फ क्षितिज वर्मा, राजकुमार मिश्रा, अंजनी मिश्रा, गणेश उर्फ अर्जुन पण्डित, तथा हरीश सोनी को गिरफ्तार कर उनके पास से नगद 10 हजार 500 रूपये एवं ताश के पत्ते जब्त करते हुए सभी के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गयी।

**अतिक्रमण हटाओ अभियान**

## शहर के प्रमुख मार्ग हुए मुक्त, 50 टपरे हटाए गए, 6 गैस सिलेंडर व 7 तराज़ू जब्त

जबलपुर।

नगर निगम जबलपुर द्वारा जिला एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत आज शहर के कई प्रमुख मार्गों पर कार्रवाई की गई। नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार दमोहनाका रोड, सांईं मंदिर के सामने से दीनदयाल बस स्टैंड होते हुए आई.टी.आई. चुंगी तक विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान 50 टपरे हटाए गए, जबकि 7 टपरे, 6 गैस सिलेंडर और 7 तराजू जब्त किए गए। इसके अलावा रानीताल, धनवंतरी नगर, मेडिकल कॉलेज, छोटा जैन मंदिर और पी.वी.आर. मॉल के सामने से भी अतिक्रमण



हटाया गया।

निगमायुक्त अहिरवार ने बताया कि नियमित रूप से सड़कों के किनारे लगाए जाने वाले ठेले—टपरों को हटाने के साथ दुकान संचालकों को समझाइश भी दी जा रही है कि वे मार्ग अवरुद्ध न करें। शहरवासियों ने इस कार्रवाई की सराहना की है।

निगमायुक्त ने अतिक्रमण दस्ते और सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों से अतिक्रमण हटाया गया है, वहां दोबारा अतिक्रमण न होने पाए। साथ ही सी.एम. हेल्पलाइन के प्राप्त प्रकरणों का संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

कार्रवाई में अपर आयुक्त अरविंद शाह, अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से, सहायक अतिक्रमण निरोधक अधिकारी अखिलेश सिंह भदौरिया सहित दलप्रभारी जोसफ प्रवीण, लक्ष्मण कोरी, दुर्गा राव, अंकित पारस, वीरेन्द्र मिश्रा, कुलदीप त्रिपाठी, अभिषेक समुद्रे, ब्रज किशोर तिवारी, नदीम अहमद खान, सहायक दल प्रभारी आरिफ अहमद खान और शुभम खरे मौजूद रहे।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा। भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### मूल्यांकनकर्ता की भूमिका की भी हो जांच

# ग्रामवासियों को नहीं मिली सीसी रोड की सौगात

**सिहोरा।** ग्रामों को सर्व सुविधा संपन्न बनाने शासन लाखों रु के विकास कार्य की सौगात का झुनझुना तो थमा देती है लेकिन धरातल पर विकास कार्य लैंस लगाकर ढूड़ने पर भी नजर नहीं आते।ऐसा ही एक मामला सिहोरा जनपद की ग्राम पंचायत कैवलारी के ग्राम दरौली का प्रकाश में आया है। जहां मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसरंचना योजना के अन्तर्गत मुख्य सड़क से वार्ड नं 4 सन्तोष पटेल के मकान तक ही सी रोड लागत 08 लाख रु की स्वीकृति प्रदान की थी । लेकिन सरपंच सचिव की मिली भगत से लगभग 06 लाख की राशि आहरित करने के बाबजूद ग्रामवासियो को सी रोड की सौगात नहीं मिल सकी । जनपद सदस्य मंजू प्रमोद गौतम सहित ग्रामीणो ने शिकायत कर अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा से कर दोषी लोगों पर कार्यवाही की मांग की है।



## क्या है मामला

शिकायत के अनुसार ग्राम पंचायत कैवलारी के वार्ड क्र.04 में आठ लाख की लागत से मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं अवसरंचना योजना अन्तर्गत जनवरी 2024 में सी रोड़ स्वीकृत की गई थी ।योजना अन्तर्गत सी सी रोड के निर्माण में लगभग 6.5 लाख मटेरियल 1.20 लेवर तथा 30 हजार अन्य खर्च का टी एस जारी होने के बाद जून 2025 में 6.5 लाख रु तो आहरित कर लिए लेकिन मौके पर कथित तौर पर रोड नदारत होने की शिकायत आला अधिकारियों से की गई है।

## मूल्याकंन पर उठ रहे सवाल

शिकायत के अनुसार शासन के पोर्टल पंचायत दर्पण से मूल्याकंन आधारित भुगतान पंचायत द्वारा किये जाते हैं सरपंच सचिव ने उज्जवल ट्रेडर्स,दिलीप ट्रेडर्स के नाम से अधिकतम भुगतान किया है ऐसे में मूल्याकंनकर्ता अधिकारी की भूमिका की जांच करने की मांग जितेन्द्र तिवारी ,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल,पार्षद राजेश चौबे सहित अनेक लोग उपस्थित लोगों ने की है।

### कार्यवाही की जाएगी

*शिकायत की जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आयेंगे उसके अनुसार कार्यवाही की जायेगी।*

आशा देवी पटले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत सिहोरा



कार्यवाही करने जनसुनवाई में पहुंचे क्षेत्रीय नागरिक

# विजय नगर, एकता चौक पर अवैध अतिक्रमण से व्यापारी संघ परेशान

**जबलपुर।** नगर निगम की सुनवाई में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के द्वारा प्रातः 11 बजे से लेकर 1 बजे तक सुनवाई की, जिसमें 33 प्रकरण प्राप्त हुए जिसका मौके पर अधिकारियों को बोलकर निराकरण कराया। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों में से एक शिकायत विजय नगर व्यापारी संघ के द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर शिकायती पत्र दिया गया, जिसमें एकता चौक क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटवाने की कार्रवाई की जाकर आवागमन व्यवस्था को सुगम बनाने की माँग की गयी। ज्ञापन पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि विजय नगर क्षेत्र में अवैध अतिक्रमणों के कारण आने जाने में लोगों को बड़ी परेशानी हो रही है। उन्होंने आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार से कार्रवाई करने की माँग की। इसी प्रकार वार्ड नं. 72 ड्रीमलैंड सिटी फेस-1 रिमझा के नागरिकों के द्वारा भी कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई करने की शिकायत की गयी। जिसमें कहा गया है कि श्री गणेश विठ्ठलदास चांडक पिता विठ्ठलदास चांडक, डायरेक्टर रामदेब बाबा डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स के विरूद्ध एफ.आई.आर. कराने की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, परन्तु अभी तक कॉलोनाइजर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रिमझा के नागरिकों ने जनसुनवाई में उपस्थित होकर संबंधित बिल्डर के विरूद्ध कार्रवाई कराने की माँग की गयी है। विजय नगर व्यापारी संघ एवं रिमझा के नागरिकों द्वारा जनसुनवाई में प्रस्तुत प्रपत्रों पर ठोस कार्रवाई करने संबंधित अधिकारियों को निगमायुक्त ने निर्देश प्रदान किये हैं।

## मानकुवॉरी हंसा स्कूल बरेला के कार्तिक बर्मन ने जीता स्वर्ण



**जबलपुर।** छतरपुर जिले में आयोजित 69वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 (बालक वर्ग 14 वर्ष) में जबलपुर का परचम लहराते हुए मानकुवॉरी हंसा हायर सेकंडरी स्कूल बरेला के कक्षा सातवीं के छात्र कार्तिक बर्मन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कार्तिक ने जबलपुर संभागीय टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार खेल कौशल प्रदर्शित किया तथा अपनी टीम को प्रतियोगिता में विजेता का गौरव दिलाया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कार्तिक बर्मन का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए किया गया है, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कार्तिक की इस सफलता पर विद्यालय परिवार और खेल जगत में खुशी की लहर है। शाला संचालक समिति सचिव एस. मसीह, अध्यक्ष वैभव जोशुवा, प्राचार्या श्रीमती ई.एस. जोशुवा, प्राचार्या श्रीमती नम्रता जोशुवा, मानव क्रीड़ा एवं कला अकादमी ऑफ इंडिया के संस्थापक राजकुमार यादव तथा संयुक्त सचिव जयराज चौधरी ने कार्तिक को शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## प्रभु श्रीराम की शरण के लिए मन की निर्मलता ज़रूरी : भानुदेवाचार्य जी महाराज



**जबलपुर।** श्रीराम मानस महिला मंडल के तत्वावधान में अनंत श्री विभूषित परम पूज्य स्वामी राम प्रपन्नाचार्य जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य मानस प्रपन्न भानु देवाचार्य जी महाराज ने संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस व्यास पीठ की आसंदी से कहा मनुष्य की दृष्टि पवित्र हो तो उसका मन भी निर्मल होता है। राम के श्री चरण की शरण पाना है तो मन को निर्मल बनायें।मन की निर्मलता से चरित्र शुद्ध होता है। उन्होंने आगे बताया श्रद्धा जितनी मजबूत होगी व्यक्ति उतना ही आगे बढ़ेगा। श्रृद्धा के अभाव में अनेक व्यक्ति अपने जीवन ऊर्जा को निरर्थक गवां देते हैं। व्यास पीठ का पूजन अर्चन यजमान संतोष रमा तिवारी,एड.अमोल सिंह राजपूत, सुधा राजपूत,गणेश दत्त दुबे,संध्या दुबे,प्रतीक/ श्वेता दुबे ने किया। इस अवसर पर पं. शिक्षाविद् के.पी.पाण्डेय, महामहोपाध्याय डॉ.हरिशंकर दुबे,राजेश पटेल, देवेन्द्र कुमार तिवारी,जवाहर पटैल,भानुप्रताप सिंह, डॉ.अरुण मिश्रा,विराज तिवारी,एड.राजकुमार अवस्थी, नितिन बसेडिया,एड.विनीत टहनगुरिया,डॉ.अजय फौजदार, सौरभ सिंह, राज चोपड़ा के साथ पंडित शिवगणेश गौतम,दीपांशु शुक्ला सहित भारी जनसैलाब के साथ श्रोताओं एवं मातृशक्तियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## स्मॉल वंडर्स किड्स ज़ोन में द लॉयन किंग का शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर।** स्मॉल वंडर्स किड्स ज़ोन के वार्षिक समारोह में बच्चों ने प्रसिद्ध ब्रॉडवे म्यूज़िकल "द लॉयन किंग" का मनमोहक मंचन किया, डेढ़ घंटे तक चला यह नॉन-स्टॉप म्यूज़िकल ड्रामा प्रस्तुतिकरण दर्शकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसमें रंग-बिरंगे परिधानों, प्रभावशाली अभिनय, नृत्य और संगीतमय प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ शाला की चेयरपर्सन नंदिनी अग्रवाल, पैटर्न शेखर अग्रवाल, सुनील अग्रवाल के करकमल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। शाला की डिप्टी डायरेक्टर मिस आरुषि अग्रवाल ने बताया कि शाला की प्रगति और आगामी विद्यालय में शीघ्र ही स्टेम रोबोटिक्स एवं ए. लब की स्थापना की जा रही है, शिक्षा के साथ वार्षिक कार्यक्रमों में खेलकूद, कला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किड्स जोन में 16 नवंबर 2025 को 27वां वार्षिक उत्सव श्री जानकी रमन कॉलेज प्रागंण में शाम 5:30 बजे से किया गया, जिसमें विश्व प्रसिद्ध ब्रॉडवे म्यूज़िकल 'द लॉयन किंग' का किड्स जोन के नौनिहालों ने रोमांचक प्रदर्शन किया, कार्यक्रम में बच्चों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति, उनकी रचनात्मकता की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर गेस्ट ऑफ़ ऑनर एच.सी. डॉगा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला की चेयरपर्सन नंदिनी अग्रवाल, शाला के शेखर अग्रवाल एवं सुनील अग्रवाल ने की। शाला की डायरेक्टर पूनम अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर आरुषि अग्रवाल, एडवाइजर संगीता ग्रोवर, शाला प्राचार्य विलियम एस. डायस, उपप्राचार्य अनिल रजक, किड्स जोन प्रिंसिपल सुमिता दवे, हेड मिस्ट्रेस मोना चौकसे समस्त शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों की उपस्थिति रही।

## एसआईआर की प्रगति ले रहे हैं निगमायुक्त

**जबलपुर।** मतदाता गहन पुनरीक्षण सूची 2026 का कार्य तेजी से किया जा रहा है। जबलपुर में यह कार्य समयसीमा में हो इसके लिए अधिकारी कर्मचारी दिन-रात लगे हुए हैं। विशेषकर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार सुबह 7 बजे घर से निकलकर वार्डों एवं संभागों में संचालित एस.आई.आर. के कार्यो को स्वयं जाकर देख रहे हैं तथा एस.डी.एम., डी.ओ., बी.एल.ओ. और कम्प्यूटर ऑपरेटर की टेबल पर जाकर कार्यो की प्रगति लेने के साथ-साथ कार्यो में गति लाने के लिए टिप्स दे रहे हैं। आज मुख्यालय में अधिकारियों की समीक्षा के साथ संभाग क्रमांक 3 रामपुर, 4 गोरखपुर, और 13 मुख्यालय के कार्यालय पहुँचे और वहाँ पर एस.डी.एम. श्री मरावी के साथ संभागीय अधिकारियों, बी.एल.ओ. और कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ बैठक कर पहले एस.आई.आर. के कार्यो की प्रगति की जानकारी ली और अधिक गति लाने के लिए टिप्स दिये। इस अवसर पर उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को हौसला भी बढ़ाया और कार्यो को चुनौति के रूप में लेकर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### कालीमठ की स्वर्णिम 50वीं वर्षगांठ के कार्यक्रमों का समापन आज

## ॐ सनातन धर्म का पुण्य है : दंडी स्वामी




**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीमठ मदनमहल आमनपुर में 12 से 19 नवम्बर तक माँ निरंकार काली की 50 वीं स्वर्णिम वर्षगाँठ के अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति द्वारा सोम प्रदोष के अवसर पर बाबा बरफानी ( बर्फ के शंकरजी) का महाभिषेक कालीमठ के महंत चंद्रशेखरानंद जी महाराज के द्वारा किया गया महाभिषेक के अवसर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज ने अपने संबोधन में बताया कि ॐ सनातन धर्म का पुण्य , सबसे पवित्र और शक्तिशाली मंत्र है यह ऊर्जा और चेतना का भी रूप है जो समस्त सृष्टि का मूल है ॐ के बिना मंत्र का महत्व नहीं है। दंडी स्वामी नर्मदानंदजी (रंजीतानंद आनंद आश्रम कोटा) ने माता शबरी की भक्ति को रेखांकित किया गुप्तेश्वर पीठाधीशवर डॉ मुकुंदास जी ने सोम प्रदोष की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए बताया की इससे मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर माँ निरंकार काली लोक कल्याण सेवा समिति के दुर्गेश श्रीवास पप्पू, राजू दुबे, पंकज तिवारी, शैलेष श्रीवास, धर्मेश तिवारी,शेखर ठाकुर, अनिल उसरेटे अजय यादव, अभिषेक चौकसे, अमित मिश्रा, शैलेष श्रीवास, रोहित तिवारी, मदन गोपाल साहू, विनोद लोखंडे, बृजल चौकसे आदि ने सभी श्रृद्धालुओ से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की हैं।

## जेल महानिदेशक ने किया बन्दीगृह प्रसारण सेवा का शुभारंभ



**सिहोरा।** सब जेल सिहोरा में स्पेशल जेल महानिदेशक अखेतो सेमा द्वारा जेल उपमहानिरीक्षक (जबलपुर रेंज) अखिलेश तोमर के साथ बन्दियों के लिये रेडियो स्टेशन बन्दीगृह प्रसारण सेवा आशावाणी एवं दो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष का शुभारंभ कर जेल का निरीक्षण किया। जेल में शिक्षा,संस्कार और संगीत से बन्दियों में सुधार करने के उद्देश्य से जेलर दिलीप नायक द्वारा रश्मि फाउंडेशन सिहोरा के संस्थापक समाजसेवी विनोद सेठी द्वारा मशीन उपकरण आदि दान स्वरूप प्राप्त कर जेल में रेडियो स्टेशन स्थापित करवाया ।अब आशावाणी से बन्दियों के मनोरंजन के साथ साथ संगीत के माध्यम से उनका मनोबल बढ़ाने एवं उन्हें अपराध से दूर रखने का प्रयास किया जायेगा।

# जशने पंजतन एवं जशने अशरफ़ी का आयोजन आज

**जबलपुर।** आज मंगलवार को सदर जामा मस्जिद के सामने सुलताने अकबर, गौसे ज़माँ कलंदरे दौरा, फकीरे अशरफ़ी, मखदूम सूफ़ी सैयद मोहम्मद अख़्तर हुसैन अशरफ़ गुल अशरफ़ी मोहम्मदी किछौछवी (क़ुद्दस सिर्रहू) के ज़ेरे साया-ए-करम में गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकेडमी द्वारा जशने पंजतन, जशने अशरफ़ी, जशने अमीरुल औलिया एवं जशने गुल अशरफ़ी का आयोजन किया गया है। आयोजन का आग़ाज़ नमाज़-ए-मग़रिब के बाद सदर जामा मस्जिद में नज़रो-नियाज़ से होगा। इसके पश्चात रात 8.30 बजे से महफ़िले सिमा का एहतिमाम किया जाएगा, जिसमें भारत के मशहूर व मारूफ़ कव्वाल हाजी उस्ताद सैयद मुकर्रम अली वारसी भोपाली व हमनवाँ अपने खास और मुफरिद अंदाज़ में सूफ़ियाना कलाम पेश करेंगे। सलातो सलाम व फ़ातेहा के बाद तबर्रुक तकसीम किया जाएगा, जिसके साथ प्रोग्राम का समापन होगा। गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकैडमी ने तमाम मुरीदीन, मुहिब्बान, आशिक़ाने अहले बैत और बुज़ुर्गाने दीन से गुजारिश की है कि जशन में शिरकत फरमाकर अहले बैत और बुज़ुर्गाने दीन के फ़ैज़ान से मुस्तफीज़ हों।



## ओलम्पियाड परीक्षा विकास खंड सिहोरा में 2973 विद्यार्थी हुए शामिल

**सिहोरा।** प्रदेश के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 2 से 8 के विद्यार्थियों हेतु आयोजित ओलम्पियाड परीक्षा विकासखंड सिहोरा के अंतर्गत आने वाले 8 जनशिक्षा केन्द्रों पर कराईं गई जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया।विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद धुर्वे,बीआरसीसी बृजेश श्रीवास्तव,एईओ जे एल खांडे,और ब्लॉक ओलम्पियाड प्रभारी अश्वनी उपाध्याय ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विकासखंड सिहोरा के 169 स्कूलों के कुल 3152 विद्यार्थियों में से 2973 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए। विकासखंड सिहोरा के अंतर्गत कुल 8 जन शिक्षा केंद्रों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोसलपुर 527,शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहोरा 380,मझंगवा 317,यशोदा बाई खितौला बाजार 558,अगरिया 212,खिरहनी कला 407, कूम्ही सतधारा 196, कुल 3152 में से 2973 छात्र छात्राएं शामिल हुए।



**श्रीमती सुशीला देवी-** गली नं. 6, सदर निवासी श्री समीरमल जैन की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक साहनी-** हाथीताल स्थित रोजगार कार्यालय के पास निवासी श्री अशोक साहनी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिमेष कुमार श्रीवास्तव-** एकता विहार रेलवे कॉलोनी निवासी श्री अनिमेष कुमार श्रीवास्तव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री ललन सिंह दिखित-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री ललन सिंह दिखित (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बस्तिया बाई चौधरी-** शंकर चौक ठक्कर ग्राम निवासी श्री जगन्नाथ चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बस्तिया बाई चौधरी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला देवी दुबे-** खत्री कॉलोनी गढ़ा निवासी श्री रेवा शंकर दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी दुबे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री विशाल श्रीवास्तव-** फूटाताल निवासी श्री विशाल श्रीवास्तव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री शकुंतला कश्यप-** फूटाताल निवासी श्री नरबद कश्यप की पुत्री सुश्री शकुंतला कश्यप (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रतन लाल रजक-** इंद्रा नगर व्हीकल निवासी श्री रतन लाल रजक (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. मुस्कान यादव-** उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री आनंद यादव की पुत्री कु. मुस्कान यादव (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विनय किशोर चक्रवर्ती-** साईं परिसर भट्टा मोहल्ला अधारताल निवासी श्री सत्येंद्र चक्रवर्ती के पुत्र श्री विनय किशोर चक्रवर्ती (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. निर्मला देवी मरावी-** बिहारी मोहल्ला सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री शिवचरन मरावी की पुत्री कु. निर्मला देवी मरावी (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राम बाई चौधरी-** संजय नगर पोलीपाथर निवासी श्री देवीदीन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राम बाई चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. निशा सोनकर-** घमापुर चौक खटीक मोहल्ला निवासी श्री राम सोनकर की पुत्री कु. निशा सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री दिलीप सिंह कटियार-** गंगासागर रोड निवासी श्री दिलीप सिंह कटियार (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गौरव सबरवाल-** प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री सतपाल सबरवाल के पुत्र श्री गौरव सबरवाल (41) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई बैरागी-** इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री




साईंदास बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई बैरागी (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शरद कोरी-** टैगोर रेलवे कॉलोनी न्यू बिल्डिंग निवासी श्री राम भजन कोरी के पुत्र श्री शरद कोरी (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शकुन बाई रजक-** साउथ सिविल लाइन निवासी श्री मेवा लाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती शुकन बाई रजक (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नीरज कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री मदन लाल कोरी के पुत्र श्री नीरज कोरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गीता पटेल-** स्नेहनगर अग्रवाल कॉलोनी निवासी श्री पंचम लाल पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती गीता पटेल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलाब कोरी-** बाबा टोला फकीर चंद के अखाड़े के पास निवासी श्री राजाराम कोरी के पुत्र श्री गुलाब कोरी (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अर्चना चौकसे-** गुडविल अपार्टमेंट नेपियर टाउन निवासी श्री प्रदीप कुमार चौकसे की धर्मपत्नी श्रीमती अर्चना चौकसे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गंगा प्रसाद पटेल-** पूर्वी बेलबाग छुई मोहल्ला निवासी श्री गंगा प्रसाद पटेल (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति कालम से.मी.
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाइट 300/-
सिंगल साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

## खबर संक्षेप




### टाटा स्टील कलिंगनगर संयंत्र के 10 वर्ष हुए पूरे

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील ने ओडिशा में 50,000 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित अपने कलिंगनगर संयंत्र के परिचालन के 10 साल पूरे होने की मंगलवार को जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि इस संयंत्र को 2015 में 30 लाख टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की प्रारंभिक क्षमता के साथ चालू किया गया था। टाटा स्टील कलिंगनगर (टीएसके) की उत्पादन क्षमता को बाद में लगभग 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से 50 लाख टन प्रति वर्ष बढ़ाकर 80 लाख लाख टन प्रति वर्ष कर दिया गया।

### सी-डॉट क्वांटम का आंध्र सरकार के साथ समझौता



**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग के प्रमुख अनुसंधान एवं विकास केंद्र, सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (सी-डॉट) ने अमरावती क्वांटम वैली (एक्यूवी) पहल में भाग लेने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सी-डॉट ने आंध्र प्रदेश के अमरावती क्वांटम वैली में क्वांटम संचार और सुरक्षा समाधान के साथ-साथ गोपनीयता संवर्धन प्रौद्योगिकियों (पीईटी) जैसे संबद्ध क्षेत्रों में उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) स्थापित करने की योजना बनाई है।

### अल्ट्रावॉयलेट ब्रिटेन के बाजार में उतरी



**नई दिल्ली।** भारतीय इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता अल्ट्रावॉयलेट ने अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल एफ77 एमएसीएच 2 रेकॉन और एफ77 सुपरस्ट्रीट रेकॉन को ब्रिटेन के बाजार में मंगलवार को पेश किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह रणनीतिक विस्तार मोटोमोंडो के साथ साझेदारी में किया जा रहा है, जो इस क्षेत्र में अल्ट्रावॉयलेट की विशेष वितरण साझेदार है। अल्ट्रावॉयलेट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और सह-संस्थापक नारायण सुब्रमण्यम ने कहा, ''इस साल की शुरुआत में, हमने यूरोप भर में एफ77 को पेश करने के साथ एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की।

### एतिहाद ने 16 एयरबस विमान का दिया ठेका



**दुबई।** अबू धाबी की विमान कंपनी एतिहाद ने 16 एयरबस विमान का मंगलवार को ठेका दिया। यह उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार के साथ विस्तार के प्रयासों का हिस्सा है। दोनों कंपनियों के प्रतिनिधियों ने जानकारी दी की कि इस ठेके में छह ए330-900, सात ए350-1000 और तीन ए350एफ मालवाहक विमान शामिल हैं। उन्होंने इस सौदे की कीमत का हालांकि कोई जिक्र नहीं किया।

# पिचाई की सलाह, एआई की हर बात पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

एजेंसी ▶▶| लंदन

गूगल के प्रमुख सुंदर पिचाई ने कृत्रिम मेधा (एआई) के इस्तेमाल से मिली हर जानकारी पर आंख मूंदकर भरोसा करने को लेकर लोगों को आगाह किया है। साथ ही पिचाई ने कंपनियों को भी चेतावनी दी कि एआई निवेश का बुलबुला फटने पर कोई भी इससे अछूता नहीं रहेगा।

बीबीसी के साथ साक्षात्कार में गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के भारतीय-अमेरिकी मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पिचाई ने बताया कि एआई मॉडल त्रुटियों से ग्रस्त हैं और उपयोगकर्ताओं को इनके परिणामों की तुलना अन्य स्रोतों से करनी चाहिए।

### जेमिनी चैटबॉट के जरिए एआई मोड पेश

सीईओ ने यह भी कहा कि अगर आप रचनात्मक काम करना चाहते हैं, तो एआई उपकरण मददगार हो सकते हैं, लेकिन लोगों को इन उपकरणों का सही तरीके से उपयोग करना सीखना होगा और हर बात पर आंख मूंदकर भरोसा नहीं करना चाहिए। इस साल मई में गूगल ने अपने जेमिनी चैटबॉट के जरिये सर्च में 'एआई मोड' पेश किया, जिसका उद्देश्य उपयोगकर्ताओं को किसी विशेषज्ञ से बात करने जैसा अनुभव देना था।





### सटिक जानकारी देने की कोशिश करते हैं

पिचाई ने कहा, /''हम इस बात पर गर्व करते हैं कि हम यथासंभव सटीक जानकारी देने की कोशिश करते हैं, लेकिन वर्तमान अत्याधुनिक एआई प्रौद्योगिकी में कुछ खामियां हो सकती हैं।/'' उन्होंने कहा कि एआई निवेश में तेजी एक असाधारण क्षण थी, लेकिन वर्तमान एआई उछाल में कुछ कम तार्किकता दिखती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या गूगल इस बुलबुले के फटने से अछूता रहेगा, तो पिचाई ने कहा कि कोई भी कंपनी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहेगी, इसमें गूगल भी शामिल है।

### एआई बाजार में किसी भी उछल-पुथल से निपटने तैयार

पिचाई ने कहा कि गूगल का अपना अनूठा मॉडल है, जिसमें उसने चिप से लेकर यूट्यूब डेटा, मॉडल और अग्रणी विज्ञान तक, अपनी स्वयं की पूर्ण प्रौद्योगिकी का स्वामित्व किया है, जिसका अर्थ है कि वह एआई बाजार में किसी भी उथल-पुथल से निपटने के लिए बेहतर स्थिति में है।

### इंटरनेट की तरह एआई होगा महत्वपूर्ण

चिाई ने कहा, /'' हम अभी इंटरनेट की ओर पीछे देख सकते हैं। उस समय स्पष्ट रूप से बहुत अधिक निवेश हुआ था, लेकिन किसी ने भी यह सवाल नहीं किया कि इंटरनेट महत्वपूर्ण था या नहीं। मैं उम्मीद करता हूं कि एआई भी ऐसा ही होगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह तर्कसंगत है, लेकिन इस तरह के समय में कुछ तर्कहीनता के तत्व भी होते हैं।/''

## एसबीआई की रिसर्च टीम ने जारी की रिपोर्ट

# भारत की आर्थिक वृद्धि दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की जीडीपी वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 7.5 प्रतिशत या उससे अधिक रहने की उम्मीद है। इसका मुख्य कारण सितंबर के अंत में जीएसटी दरों में कटौती के कारण त्योहारी बिक्री में तेज वृद्धि है। एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह कहा गया।

**तेजी का कारण जीएसटी में कटौती व त्योहारी मांग**

रिपार्ट में कहा गया है कि निवेश गतिविधियों में तेजी, ग्रामीण खपत में सुधार और सेवाओं और विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से वृद्धि को मजबूती मिल रही है। इसे जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने जैसे संरचनात्मक सुधारों से भी मदद मिल रही है। इससे त्योहारों के दौरान मांग को गति मिली और कुल मिलाकर अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ा है।

## निवेश गतिविधियों में भी अच्छी खासी तेजी देखी गई

### तेजी का संकेत पहली तिमाही में 70 फीसदी था

एसबीआई की आर्थिक शोध विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है, ''त्योहारों के दौरान बिक्री के अच्छे आंकड़ों के साथ कृषि, उद्योग और सेवाओं में खपत और मांग में तेजी दिखाने वाले प्रमुख संकेतकों का प्रतिशत बढ़कर दूसरी तिमाही में 83 प्रतिशत हो गया जो पहली तिमाही में 70 प्रतिशत था।



### खपत में बड़ी वृद्धि देखी गई

इसका कारण कम जीएसटी दर के कारण त्योहारों के दौरान मांग का अधिक रहना है। इसमें यह भी कहा गया है कि त्योहारों (सितंबर-अक्टूबर) के दौरान, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के साथ खपत में बड़ी वृद्धि हुई है। इसका पहला संकेत क्रेडिट और डेबिट कार्ड खर्च के प्रतिरूप के विश्लेषण से मिलता है।

### आरबीआई ने सात फीसदी का अनुमान जताया

अनुमानित मॉडल के आधार पर, हमें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में लगभग 7.5 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि का अनुमान है। इसमें वृद्धि की संभावना मौजूद है।'' सरकार इस महीने के अंत में जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के आंकड़े जारी करेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने दूसरी तिमाही के लिए सात प्रतिशत आर्थिक वृद्धि का अनुमान लगाया है।

### सभी क्षेत्रों में मांग बढ़ी

शहरों के हिसाब से क्रेडिट कार्ड खर्च से पता चलता है कि मांग सभी क्षेत्रों में बढ़ी है। लेकिन मझोले शहरों में सबसे अधिक बढ़ रही है। ई-कॉमर्स की बिक्री सभी शहरों में काफी हद तक सकारात्मक रही है।

### डेबिट कार्ड खर्च में भी वृद्धि दिखी

रिपोर्ट में कहा गया, ''जीएसटी को युक्तिसंगत बनाये जाने के साथ, इस साल सितंबर-अक्टूबर में बीते वित्त वर्ष की इसी अवधि की तुलना में सभी प्रमुख राज्यों में डेबिट कार्ड खर्च में भी वृद्धि दिखी है।'' इसमें यह भी कहा गया है कि भारत का वृहद आर्थिक दृष्टिकोण सतर्क रुख के साथ संभावनाओं वाला बना हुआ है। इसका कारण मजबूत घरेलू मांग और कम होता मुद्रास्फीतिक दबाव है।

### नवंबर के लिए जीएसटी संग्रह 1.49 लाख करोड़ हो सकता है

रिपोर्ट के अनुसार, विश्लेषण से संकेत मिलता है कि नवंबर के लिए सकल घरेलू माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह लगभग 1.49 लाख करोड़ रुपये रह सकता है, जो सालाना आधार पर 6.8 प्रतिशत की वृद्धि है। इसके साथ 51,000 करोड़ रुपये के आईजीएसटी और आयात पर उपकर के साथ, नवंबर का जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर सकता है।

# सोना 3,900 रुपए टूटा, चांदी में 7,800 रुपए की गिरावट

## सोना टूटकर 1,25,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर चांदी घटकर 1,56,000 रुपए प्रति किलो

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अगले महीने अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम होने के बीच वैश्विक कीमतों में गिरावट के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 3,900 रुपये टूटकर 1,25,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाली सोने की कीमत 3,900 रुपये गिरकर 1,25,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। चांदी की कीमतों पर भी दबाव रहा और यह 7,800 रुपये गिरकर 1,56,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई।

ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा, ''अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की घटती उम्मीदों के बीच, निवेशक इस सप्ताह जारी होने वाले अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों से फेडरल रिजर्व की नीतिगत दिशा के संकेतों का इंतजार कर रहे हैं, जिससे सोने और चांदी में भारी बिकवाली देखी जा रही है।''

### दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती संभव

सिंह ने कहा, ''दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना घटकर 41 प्रतिशत रह गई है, जो पांच नवंबर को लगभग 63 प्रतिशत थी।'' हाजिर चांदी में तीन दिन की गिरावट का थम गया और यह 0.57 प्रतिशत बढ़कर 50.49 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

### बाजार प्रतिभागियों की नजर अमेरिकी आंकड़ों पर

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बाजार प्रतिभागी बुधवार को जारी होने वाली फेडरल रिजर्व की हालिया बैठक के विवरण और बृहस्पतिवार को जारी होने वाली सितंबर की नौकरियों की रिपोर्ट पर बारीकी से नज़र रखेंगे ताकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मजबूती का अंदाज़ा लगाया जा सके।

## वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख रहा

# शेयर बाजार में छह दिन से जारी तेजी थमी, सेंसेक्स 278 अंक टूटा



एजेंसी:मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में पिछले छह दिन से जारी तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच आईटी, धातु और पूंजीगत वस्तुओं के शेयरों में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स करीब 278 अंक टूटा जबकि एनएसई निफ्टी गिरावट के साथ 26,000 अंक के नीचे बंद हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 277.93 अंक की गिरावट के साथ 84,673.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 392.59 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी 103.40 अंक यानी 0.40 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,910.05 अंक पर बंद हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच हाल की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट दर्ज की गई। दिसंबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख ब्याज दर घटाये जाने की संभावना कम होने से धारणा पर असर पड़ा है।

### एशियाई बाजार रहे नुकसान में

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार सोमवार को नुकसान में बंद हुए थे।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एशियन पेंट्स और टाइटन शामिल हैं।

# इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 57 प्रतिशत बढ़ी, व्यवसायिक वाहन दोगुनी हुई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ल

इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में 57 प्रतिशत बढ़कर 18,055 इकाई हो गई। टाटा मोटर्स इस खंड में शीर्ष स्थान पर बरकरार रही। उद्योग निकाय फाडा ने यह जानकारी दी। कुल इलेक्ट्रिक यात्री वाहन (पीवी) की खुदरा बिक्री पिछले वर्ष इसी माह में 11,464 इकाई रही थी।

वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) के अनुसार, टाटा मोटर्स ने पिछले महीने 7,239 इकाइयां बेचीं जबकि एमजी मोटर इंडिया ने 4,549 इकाइयों की बिक्री की। महिंद्रा एंड महिंद्रा ने पिछले महीने 3,911 इकाइयों के पंजीकरण के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।



दोपहिया वाहन खंड में पिछले महीने 1,43,887 इकाइयों की बिक्री हुई जो अक्टूबर, 2024 के 1,40,225 इकाइयों की तुलना में तीन प्रतिशत अधिक है। बजाज ऑटो पिछले महीने 31,426 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ इस खंड में सबसे आगे रही। इसके बाद टीवीएस मोटर कंपनी 29,515 इकाइयों की खुदरा बिक्री के साथ दूसरे स्थान पर रही।

### ईवी तिपहिया की बिक्री पांच फीसदी बढ़ी

इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री अक्टूबर में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 70,604 इकाई हो गई। दूसरी ओर, इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री अक्टूबर, 2024 की तुलना में पिछले महीने दोगुनी होकर 1,767 इकाई रही।

### फिजिक्सवाला का शेयर पहले दिन 42 फीसदी चढ़ा

**नई दिल्ली।** शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी फिजिक्सवाला का शेयर कारोबार के पहले दिन मंगलवार को अपने निर्गम मूल्य 109 रुपये के मुकाबले 42 प्रतिशत से अधिक बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर इसके शेयर ने निर्गम मूल्य से 31.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 143.10 रुपये पर शुरुआत की। बाद में यह 48.66 प्रतिशत चढ़कर 162.05 रुपये पर पहुंच गया। अंत में यह 42.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 155.20 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर शेयर 145 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 33 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता है। दिन में 48.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 161.99 रुपये पर पहुंचा और अंत में 42.42 प्रतिशत की तेजी के साथ 155.24 रुपये पर बंद हुआ।

# आगामी बजट में लेनदेन कर में कटौती का किया आह्वान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**पूंजी बाजार के प्रतिनिधियों ने वित्त मंत्री को दिया सुझाव**

पूंजी बाजार के प्रतिनिधियों ने आगामी बजट में लेनदेन कर में कटौती और वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने के उपायों की मंगलवार को वकालत की। सूत्रों ने बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट पूर्व बैठक में पूंजी बाजार की दक्षता में सुधार और पूंजी बाजार समावेश बढ़ाने के बारे में भी सुझाव दिए गए।

सूत्रों ने कहा कि क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने वायदा-विकल्प की तुलना में नकद बाजार कारोबार पर कम प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) की मांग की। यह वित्त मंत्री और बीएसई, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज, एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया, एसोसिएशन ऑफ रजिस्टर्ड इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स और कमोडिटी पार्टिसिपेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया सहित पूंजी बाजार के प्रतिनिधियों के बीच चौथी बजट-पूर्व बैठक थी। पूंजी बाजार ने वित्त वर्ष 2024-25 में 14.6 लाख करोड़ रुपये के संसाधन जुटाने में मदद की जो उससे गत वित्त वर्ष 2023-24 की तुलना में 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वित्तीय साधनों की एक विस्तृत श्रृंखला..शेयर एवं ऋण से लेकर रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट) और अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) तक के इस्तेमाल में कॉरपोरेट तथा बुनियादी ढांचा संस्थाओं की विकसित व अनुकूल वित्तपोषण रणनीतियों का भी उल्लेख किया गया।

शेयर एवं ऋण खंडों का योगदान केवल 14.2 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पूंजी निर्माण में सहायता करने तथा आर्थिक वृद्धि को गति देने में उनकी केंद्रीय भूमिका की पुष्टि करता है। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग की सचिव अनुराधा ठाकुर, मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन और वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

यह बजट पूर्व परामर्श की श्रृंखला में चौथा परामर्श है जिसे वित्त मंत्रालय बजट 2026-27 को अंतिम रूप देने से पहले प्रतिवर्ष आयोजित करता है। वित्त मंत्री ने अर्थशास्त्रियों, कृषि क्षेत्र के प्रमुख प्रतिनिधियों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र के दिग्गजों से क्रमशः पहले, दूसरे एवं तीसरे दौर की चर्चा के तहत पिछले सप्ताह मुलाकात की थी।


**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473, 2702473 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/2185 Jabalpur, dtd: 10.11.2025
**ONLINE TENDER**
Online Tenders are invited for following items:-

| S. No. | TS No.(For e-Tendering) Discom- EZ/PUR | Name of Items | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & time of opening of tender online from 11.00 Hrs (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS - 1633(e-Tendering No. 2025_PKVVC_461901_1) | Training Bag | 5.03 | 590 | 03.12.2025 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in cover-1 & Techno-commercial bid in cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW
"विदुयत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रू.50,000 तक का इनाम " CGM (S&P)



**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कटनी (म.प्र.)**
Tel. No. 07622-222288, 222188 Fax No. 07622-222288 E-mail - deokatni01@gmail.com
क्रमांक/452/निविदा/निर्वाचन/2025 **ई-निविदा सूचना** कटनी, दिनांक 11/11/2025

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य) जिला कटनी द्वारा https://mptender.gov.in पोर्टल में आउटसोर्स के माध्यम से मैनपावर उपलब्ध कराने हेतु एजेन्सी के चयन हेतु ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_CEO_461981_1 | आउटसोर्स के माध्यम से मैनपावर उपलब्ध कराने हेतु | 03-Dec-2025 05:00 PM | 04-Dec-2025 05:30 PM |

उपरोक्त ऑनलाईन ई-निविदा के नियम / शर्तो के विवरण https://mptender.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किये जा सकते है। ई-निविदा में कोई भी संशोधन https://mptender.gov.in पोर्टल पर अपलोड किया जावेगा। उसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।
(नीलाम्बर मिश्रा)
अपर कलेक्टर
एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला कटनी
G-21646/25 "स्वच्छता ही सेवा"



**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सा.) मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़ (छ.ग.)**
**नीलाम विज्ञापन**
सामान्य सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है, कि मनेन्द्रगढ वनमण्डल के अधीनस्थ काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ में उपलब्ध ईमारती काष्ठ / जलाऊ, आर. टी. एल. एवं चंदन काष्ठ का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है, इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवे। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त कर सकते है।
डिपो का नाम - काष्ठागार मनेन्द्रगढ़
नीलाम दिनांक-26-11-2025
नीलाम समय- प्रात: 09:00 बजे से प्रारम्भ

| क्र. | प्रजाति | नये काष्ठ | | पुराने काष्ठ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग |
| 1 | सागौन | 0 | 0 | 115.633 | 1383 |
| 2 | साल | 20.715 | 0 | 376.712 | 436 |
| 3 | साजा | 0 | 0 | 37.097 | 84 |
| 4 | सतकठा | 0 | 0 | 0.053 | 23 |
| 5 | खम्हार | 0 | 0 | 0.057 | 2 |
| 6 | हल्दू | 0 | 0 | 1.510 | 0 |
| | योग:- | 20.715 | 0 | 531.062 | 1918 |

जलाऊ काष्ठ

| क्र. | विवरण | नया लॉट | पुराना लॉट |
|---|---|---|---|
| 7 | जलाऊ मिश्रित | 200 चट्टा | 164 चट्टा |
| 8 | जलाऊ सागौन | - | 40 चट्टा |
| | योग:- | 200 चट्टा | 204 चट्टा |

नया लॉट

| क्र. | काष्ठ | नया लॉट | | पुराना लॉट | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | नग | घ.मी. | नग | घ.मी. |
| 1 | आर.टी.एल. काष्ठ | 0 | 0 | 721 | 15.150 |

चंदन काष्ठ वजन क्वि. में (निरस्त लॉट)

| प्रजाति | नया चंदन काष्ठ | अविकृत चंदन काष्ठ |
|---|---|---|
| चंदन हार्डवुड | - | 8.740 क्वि. |
| चंदन सेपवुड | - | 0.720 क्वि. |
| योग:- | - | 9.460 क्वि. |

टीप :- 1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व MSTC E-commerce पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है, सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर 15 प्रतिशत E.M.D. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी एवं फोटो MSTC E-commerce पोर्टल में अपने आई डी से लॉगईन करके देख सकते है।
वनमण्डलाधिकारी
मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल, मनेन्द्रगढ़
G-252604854/3

## चिंतन

# एनसीआर बना गैस चैंबर क्यों जहरीली हुईं सांसें

देश की राजधानी दिल्ली समेत पूरे एनसीआर का हाल बेहाल है। दिवाली के बाद से शुरू हुआ प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली-एनसीआर के अधिकांश शहरों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) गंभीर श्रेणी में पहुंच गया है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाज़ियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहर घने प्रदूषण की चादर में ढके हुए हैं। आम आदमी का सांस लेना दुभर हो गया है तो फिर छोटे बच्चों और मरीजों की हालत का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। मंगलवार को कई जगहों पर तो एयर क्वालिटी इंडेक्स का लेवल 600 से ज्यादा ही दर्ज किया गया। बच्चे, बूढ़े सभी सांस की दिक्कत, गले में खराश, आंखों में जलन जैसी किसी न किसी परेशानी से जूझ रहे हैं। जानलेवा प्रदूषण के स्तर को देखते हुए पूरे दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-4 लागू करने की तैयारी है। ग्रैप 3 लगने के बाद भी प्रदूषण के स्तर में सुधार होने की बजाए पूरा एनसीआर गैस चैंबर में तब्दील हो गया है। इसका खासकर बच्चों पर अधिक प्रभाव हो रहा है, जिनका इस प्रदूषण में कोई दोष नहीं है। जन्म के साथ ही उन पर प्रदूषण की काली छाया पड़ जा रही है। नतीजतन शारीरिक ही नहीं मानसिक बीमारियां भी उन पर हावी हो रही हैं। छोटे बच्चों में अस्थमा जैसे लक्षण पाए जा रहे हैं। इन्हें अस्थमा नहीं कहा जा सकता है। लेकिन कई सालों तक प्रभाव में रहने के कारण अस्थमा भी हो सकता है। द लैंसेट पत्रिका की 2023 की एक रिपोर्ट में तो यहां तक दावा किया गया है कि भारत में हर साल प्रदूषण के कारण पांच साल से कम उम्र के 1.7 लाख बच्चों की मौत हो रही है। बच्चे ही क्यों बड़ों का भी हाल बेहाल है। जबसे प्रदूषण का स्तर बढ़ा है, इसी अनुपात में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ भी बढ़ी है। इसमें खांसी-जुकाम के साथ अस्थमा और सांस लेने में तकलीफ के मामले अधिक हैं। पहले खांसी-जुकाम पांच से सात दिनों में ठीक हो रहे थे। लेकिन प्रदूषण के कारण इनकी अवधि बढ़ गई है। कई मामलों में ठीक होने के तुरंत बाद फिर से असर दिखने लगा है। असल में वायु प्रदूषण के संपर्क में आने से मानव कोशिकाओं में ऑक्सीडेटिव तनाव और सूजन पैदा होती है, जो दीर्घकालिक बीमारियों और कैंसर का कारण बन सकती है। 2013 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी ने वायु प्रदूषण को मानव कैंसरकारी कारक के रूप में वर्गीकृत किया था। कई अध्ययनों से यह बात सामने आई है कि बाहरी वायु प्रदूषण के उच्च स्तर के संपर्क में आने से अल्पकालिक जोखिम बढ़ सकता है। फेफड़ों की कार्यक्षमता में कमी, अस्थमा, हृदय संबंधी समस्याएं, आपातकालीन विभाग में जाना और अस्पताल में भर्ती होने से जुड़ा है। अब प्रश्न है कि प्रदूषण कम कैसे हो। इसके लिए सरकार तो अपने स्तर पर प्रयास कर रही है, हर नागरिक को भी आगे आने की जरूरत है। जहां तक हो सके सार्वजनिक परिवहन सुविधा का उपयोग करें। ऐसा कोई काम न करें, जिससे धूल उड़े। घर के बाहर कूड़े को आग न लगाएं। जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें, अगर निकलें तो मास्क पहनें। अगर हम सजग होंगे तो इस परेशानी से जल्द निपट पाएंगे।



पड़ोस
डॉ. घनश्याम बादल

# हसीना केस में कूटनीति की अग्निपरीक्षा

शेख हसीना इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के खिलाफ़ जाएगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है।

भारत के सबसे निकट पड़ोसी बांग्लादेश में एक बार फिर उठापटक की आहट सुनाई देने लगी है। वैसे तो पिछले वर्ष जुलाई में वहां जिस तरीके से शेख हसीना की सरकार को छात्र आंदोलन के माध्यम से उखाड़ फेंका गया, वह भी अपने आप में हैरतअंगेज था। लगभग 15 वर्षों से बांग्लादेश पर शासन कर रही बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर्रहमान की बेटी और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार के खिलाफ पहले से ही महंगाई और दूसरी समस्याओं को लेकर काफी असंतोष था, लेकिन मुक्ति दाताओं के पोते-पोतियों को दिए जाने वाले आरक्षण के खिलाफ मुद्दा बनाकर एक उग्र आंदोलन हुआ। इसे रोकने में शेख हसीना की सरकार नाकामयाब रही और उसकी परिणति 1400 लोगों की मृत्यु के रूप में सामने आई। तब भी शेख हसीना की सरकार पर आरोप लगा कि उसने निर्ममतापूर्वक आंदोलनकारी पर गोलियां चलवाई जिससे अनेक छात्र-छात्राएं एवं निर्दोष लोग मारे गए। हो सकता है शेख हसीना को उस समय लगा हो कि आंदोलन का दमन करके उनकी सरकार सुरक्षित रह जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और हालात इतने बिगड़े कि शेख हसीना को न केवल प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा बल्कि देश छोड़कर भी भागना पड़ा। वे इन दिनों में भारत में शरणागत हैं। बांग्लादेश में घटित एक विशेष न्यायिक अधिकरण ने उन्हें आंदोलन को कुचलने एवं मानवता के विरुद्ध अपराध का दोषी बताकर मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। उनके साथ-साथ उनके गृहमंत्री असद उज्जमा कमाल को भी फांसी की सजा दी गई है।

वैसे तो किसी देश में ऐसा कुछ घटित होना वहां का आंतरिक मामला है लेकिन यहां एक पेंच विशेष तौर पर फंसता है और वह है शेख हसीना का भारत में शरणागत होना और उनके साथ उनके शासनकाल के दौरान भारत के विशेष और सौहार्दपूर्ण संबंध होना। यह तथ्य किसी से छुपा नहीं है कि किस तरह 1971 में जब पाकिस्तान में जुल्फिकार अली भुट्टो की सरकार वहां के बंगालियों का दमन कर रही थी तब भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वहां सेना भेज कर शेख मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश का निर्माण करवा दिया था। लेकिन केवल 4 वर्ष के बाद ही 15 अगस्त 1975 में एक सैन्य एक तख्तापलट में शेख मुजीबुर्रहमान और उनका पूरा परिवार मार दिया गया और सत्ता एक हाथ से दूसरे हाथ में होती हुई अंततः जनरल जियाउर्रहमान के हाथों में आ गई थी जो बाद में एक राजनीतिक पार्टी बीएनपी खड़ी करके लंबे समय तक बांग्लादेश के राष्ट्रपति रहे। हालांकि एक राजनीतिक समस्या के हल के लिए चटगांव गए हुए जियाउर्रहमान का भी कत्ल हो गया था। यानी कह सकते हैं कि खून-खराबे के साथ सत्ता परिवर्तन बांग्लादेश का एक इतिहास है। शेख हसीना 1975 में भी इसलिए बच गई थी क्योंकि जब उनके परिवार की हत्या हुई, तब वे जर्मनी में थी। बाद में वह वहां से आकर भारत में रहीं और 1981 में उन्हें बांग्लादेश आवामी लीग का अध्यक्ष चुना गया। शेख हसीना ने लंबे समय तक जियाउर्रहमान और उनकी सरकार से लोहा लिया।

आखिरकार 1996 में बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बनीं लेकिन 2001 में उन्हें जियाउर्रहमान की बेगम



खालिदा जिया ने चुनाव में परास्त कर सत्ता से बाहर कर दिया। वह 2001 तक वहां की प्रधानमंत्री रहीं लेकिन कुशल और व्यावहारिक राजनीतिज्ञ तथा जीवट वाली महिला के तौर पर शेख हसीना को जब ज़रूरत पड़ी तो वे खालिदा जिया के साथ भी मिलकर वहां की सरकारों से लड़ी किंतु दोनों में संबंध सांप और नेवले जैसा ही रहा। एक परिपक्व राजनीतिज्ञ के तौर पर शेख हसीना 2009 में फिर सत्ता में लौटी और उठापटकों के बीच 2024 तक सत्ता में आती-जाती रहीं। फिर वह सब घटनाक्रम हुआ जब उन्हें बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस के हाथों में अंतरिम सरकार के मुखिया के रूप में सत्ता है।

उनकी सरकार का दायित्व था कि फरवरी 2026 तक वे बांग्लादेश को एक निर्वाचित सरकार दे देंगे और आंदोलन में मासूमों के हत्या के दोषी लोगों को सजा भी दिलवाएंगे। कहने को यूनुस गैर राजनीतिक व्यक्ति हैं लेकिन सत्ता में बैठा हुआ व्यक्ति बिना राजनीति के रह नहीं सकता इसलिए उन्हें भी जनता को यह दिखाना है कि उन्होंने जन भावनाओं के अनुरूप दोषियों को उनकी नियति तक पहुंचा दिया है। शेख हसीना को मृत्यु दंड सुनाने वाली विशेष न्यायाधिकरण में इस सुनवाई का टेलीविजन पर प्रसारण यह बताता है कि यह केवल न्याय की बात नहीं अपितु राजनीति का भी बड़ा खेल है।

जहां यूनुस की सरकार जनता को यह संदेश देना चाहती है कि उसने बिना डरे और झुके हुए आंदोलन के मृतकों को न्याय दिलवाया है। वहीं उनकी कोशिश यह भी हो सकती है कि शेख हसीना और उनकी पार्टी 2026 में होने वाले चुनाव में भाग ही न ले पाए या उनकी हालत इतनी ख़राब कर दी जाए कि वह सत्ता में न लौट सकें। जहां न्यायाधिकरण कहता है कि उसके पास शेख हसीना और असद उज्जमा कमाल को फांसी की सजा दिए जाने के पीछे उपलब्ध ऑडियो, वीडियो आदि हैं, वहीं शेख हसीना ने इस निर्णय पर प्रतिक्रिया में कहा कि उन्हें अपनी बात कहने का मौका ही नहीं दिया गया और एक अलोकतांत्रिक तरीके से थोपी गई सरकार और उसके पिट्ठू के रूप में वहां के न्यायाधिकरण ने पहले से ही तय गए निर्णय को सुनाया है।

वहीं सरकार और न्यायाधिकरण का कहना है कि शेख हसीना ने सुनवाई के लिए उपस्थित होने से ही मना कर दिया था। ख़ैर सियासत में प्रतिशोध केवल बांग्लादेश में ही नहीं कई देशों में लिया जाता रहा है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देश तो इसके ज्वलंत उदाहरण हैं लेकिन अब यहां पर मुख्य मुद्दा यह है कि निर्णय के तुरंत बाद बांग्लादेश की सरकार ने शेख हसीना को प्रत्यर्पण संधि का हवाला देते हुए बांग्लादेश को सौंप देने का आग्रह भारत की सरकार से किया है। अब गेंद भारत सरकार के पाले में है। एक ओर जहां भारत का नैतिक समर्थन शेख हसीना के प्रति है, वहीं बांग्लादेश के साथ भी हमारे पुराने राजनयिक संबंध हैं। यदि उन्हें सरकार को सौंप दिया जाता है तो इससे भारत की शरणागत को रक्षा देने की संस्कृति पर बड़ा सवाल खड़ा होगा लेकिन यदि भारत मना करता है तो अंतरराष्ट्रीय कानून भारत के ख़िलाफ़ जाएगा और दोनों देशों के बीच संबंध खराब होंगे जो पहले से भी बहुत अच्छे नहीं हैं। इसका असर भारत की आंतरिक एवं अंतरराष्ट्रीय स्थिति पर पड़ेगा। अब देखें कि भारत सरकार इस पशोपेश की स्थिति में किस कूटनीति का इस्तेमाल करती है और उसके परिणाम आने वाले समय में क्या निकलते हैं।

(लेखक राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आत्ममंथन

राजीव भारद्वाज



# हमें अपने बच्चों में और निवेश करना होगा

किसी भी देश की असली ताकत उसकी भावी पीढ़ी होती है। यानी देश के नौनिहाल, जो कल के वैज्ञानिक, शिक्षक, डॉक्टर, नेता और जिम्मेदार नागरिक बनते हैं। पर जब एक राष्ट्र बच्चों के प्रति अपनी जिम्मेदारी भूलने लगता है, तो उसका भविष्य भी धीरे-धीरे कमजोर पड़ने लगता है। भारत एक युवा देश है। इसलिए यह सवाल आज, पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक है कि क्या हम सचमुच अपने बच्चों के अधिकारों की रक्षा और उनके सपनों को साकार करने के लिए कुछ अतिरिक्त प्रयास कर रहे हैं, या केवल भाषणों और उत्सवों तक सीमित रह गए हैं? हर साल नवंबर का एक दिन बच्चों के नाम कर दिया जाता है। विद्यालयों में कार्यक्रम होते हैं, मंचों से बच्चों की मासूमियत पर कविताएं पढ़ी जाती हैं और सभी उनके अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। परंतु अगले ही दिन फिर सब कुछ अपनी जस की तस वाली स्थिति में लौट आता है, जहां वही बच्चे स्कूल जाने के बजाय काम पर जाते हैं, सिग्नल पर भीख मांगते हैं, किसी ढाबे पर बर्तन धोते दिखाई देते हैं या बाल विवाह की बेड़ियों में जकड़ दिए जाते हैं। यह विरोधाभास अगर हमें झकझोरता नहीं तो इसका मतलब साफ है कि हम अपने भविष्य के साथ किस हद तक बेपरवाह हैं। भारत दुनिया की सबसे बड़ी बाल जनसंख्या वाला देश है। यह आंकड़ा जितना गर्व का विषय है, उतनी ही गंभीर चिंता का भी। इतनी विशाल बाल आबादी का पोषण, शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि राष्ट्रीय प्राथमिकता होनी चाहिए। हालांकि पोषण 2.0, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, एकलव्य मॉडल स्कूल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिड-डे मील योजना, सर्व शिक्षा अभियान और आंगनबाड़ी की कई योजनाएं निश्चित रूप से सराहनीय हैं। लेकिन योजनाएं तब तक प्रभावी नहीं हो सकतीं जब तक उनमें पारदर्शिता, जवाबदेही और सामाजिक भागीदारी न हो। परंतु सवाल यह है कि क्या ये योजनाएं वास्तव में उस बच्चे तक पहुंच पा रही हैं जिसके नाम पर वे बनाई गई हैं? यूनिसेफ व अन्य एजेंसियों के साथ भारत सरकार की रिपोर्ट भी बार-बार यह चेतावनियां देती रही हैं कि अब भी लाखों बच्चे स्कूल से बाहर हैं। जाहिर है कि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चे ट्रैफिकिंग गिरोहों के सबसे आसान टारगेट हैं। ऐसे ही स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी तस्वीर उत्साहजनक नहीं है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 के मुताबिक 5 साल से कम उम्र के करीब 32 फीसदी बच्चे कम वजन के हैं। यानी कुपोषण अभी भी स्वस्थ बचपन की जड़ें काट रहा है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और शहरी झुग्गियों में अस्वास्थ्यकर जीवन-स्थितियां बच्चों के लिए दोहरी मार है। यह तथ्य केवल आर्थिक गरीबी नहीं, बल्कि नीति-निर्माण की प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़ा करता है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों को देखें तो, बाल दुर्व्यापार के मामलों में कानून प्रवर्तन एजेंसियों को ज्यादा संजीदगी और संवेदनशीलता की जरूरत है। आज भी देश की लगभग एक चौथाई लड़कियों का विवाह 18 साल की उम्र से पहले हो जाता है। यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि उनके स्वास्थ्य, शिक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए ग्रहण है। जब किसी बच्ची का बचपन विवाह की रस्मों में खो जाता है, तो समाज की संवेदनशीलता पर गहरा प्रश्न उठता है। हालांकि सरकारों ने अपनी ओर से कई प्रयास किए हैं, लेकिन समय के साथ उनमें भी नई ऊर्जा और नवाचार की जरूरत है। समस्या केवल व्यवस्था की नहीं, मानसिकता की भी है। हम बच्चों को भविष्य तो मानते हैं, पर उन्हें वो सुरक्षित माहौल और अधिकार नहीं देते जिसके वे हकदार हैं। इसलिए उनके अधिकारों की रक्षा के विषय को जवाबदेही और सक्रियता की जरूरत है। नीति-निर्माण से लेकर बजट आवंटन और धरातल पर कार्यान्वयन तक, बच्चों को प्राथमिकता देने की ज़रूरत है। आज का भारत तकनीक, नवाचार और ज्ञान की शक्ति से संचालित विश्व को दिशा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। ऐसे में अगर हमें एक सशक्त, आत्मनिर्भर और न्यायपूर्ण भारत बनाना है, तो हमें अपने बच्चों में और निवेश करना होगा और यह निवेश केवल आर्थिक नहीं, बल्कि मानवीय और जवाबदेही का होना चाहिए। बाल दिवस महज औपचारिक उत्सव नहीं, बल्कि आत्ममंथन और यह सोचने का अवसर होना चाहिए कि हम अपने भविष्य के भारत को कैसा बनाना चाहते हैं। यदि हम एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र का सपना देखते हैं, तो उसकी नींव हर बच्चे के सपनों, अधिकारों और संभावनाओं को साकार करने से ही रखी जाएगी। हर मुस्कुराते बच्चे में एक उज्जवल भारत का चेहरा छिपा है। बस जरूरत है उसे अवसर, शिक्षा और सुरक्षा देने की।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# ज्ञान पाना चाहते हैं तो अहंकार छोड़ दें



संकलित
दर्शन

गौतम बुद्ध यात्रा करते रहते थे और बीच-बीच में जहां ठहरते थे, वहां अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। बुद्ध के साथ उनका एक शिष्य हमेशा रहता था। उसका नाम था आनंद। एक दिन बुद्ध प्रवचन दे रहे थे और उस समय आनंद ने पूछा कि तथागत, आप जब प्रवचन देते समय ऊंची जगह पर बैठते हैं और सुनने वाले नीचे बैठते हैं, ऐसा क्यों है? बुद्ध ने आनंद की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आनंद पहले तुम ये बताओ कि क्या तुमने कभी किसी झरने से पानी पिया है? आनंद बोला कि हां, मैंने झरने से पानी पिया है। इसके बाद बुद्ध ने फिर पूछा कि तुमने पानी कैसे पिया? आनंद ने बुद्ध को बताया कि झरना ऊपर से बह रहा था और मैंने झरने के नीचे खड़े होकर पानी पिया था। बुद्ध ने आनंद से कहा कि बस यही तुम्हारी बात का जवाब है। अगर हम झरने से पानी पीना चाहते हैं तो हमें उस झरने के नीचे ही खड़े रहना पड़ेगा। ठीक इसी तरह प्रवचन भी एक झरने की तरह है। जहां ज्ञान का झरना बहाने वाला ऊंची जगह पर बैठते हैं और जो लोग ज्ञान के झरने का पान करना चाहते हैं, वे नीचे बैठते हैं। दरअसल, ज्ञान पाने का सबसे पहला नियम ये है कि हमें अहंकार छोड़ना पड़ेगा। नीचे बैठने से हमारे स्वभाव में जो विनम्रता आती है, अहंकार दूर होता है। इसके बाद ही हम किसी की ज्ञान की बातें ठीक से समझ पाते हैं।

# श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
प्रेरणा

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्त्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## सटाका




## आज की पाती

### पेट्रोल में इथेनॉल की मिलावट से इंजन पर पड़ रहा असर

हाल के दिनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेण्डेड पेट्रोल (ई20) देशव्यापी स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। यानी अब से जो पेट्रोल आप गाड़ियों के लिए इस्तेमाल करेंगे, उसमें 20 प्रतिशत इथेनॉल मिला होगा। बता दें कि 2014 में पेट्रोल में केवल 1.5 प्रतिशत इथेनॉल मिलाया जाता था। इथेनॉल एक तरह का बायोफ्यूल है, जो मुख्य रूप से गन्ने की प्रोसेसिंग के दौरान बनता है। इसे पेट्रोल में मिलाकर इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे न सिर्फ़ फॉसिल फ्यूल पर निर्भरता घटती है, बल्कि प्रदूषण भी कम होता है। पर इसका एक साइड-इफ़ेक्ट भी है। 10 प्रतिशत से 20 प्रतिशत तक की ब्लेण्डिंग पर पुराने इंजन जल्दी घिसने लगते हैं।

- **मुकेश अवस्थी**, बिलासपुर

## ट्रेंड

### विधि विज्ञान प्रयोगशाला



'नया उत्तर प्रदेश' अपराध और अपराधियों को स्वीकार नहीं करता, अगर किसी ने अपराध किया तो उसकी कीमत भी चुकानी पड़ेगी। गोरखपुर में आज सरल, सुगम एवं त्वरित न्याय हेतु क्षेत्रीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला के भवन का लोकार्पण किया।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### समस्याओं का समाधान



वर्षों से अटकी समस्याओं का हमारी सरकार समाधान निकाल रही है। आठ महीनों में ही डीटीसी के बेड़े में बड़ी संख्या में ई-बसें शामिल की हैं, जिससे दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन को नई गति और स्वच्छ दिशा मिली है। हम लगातार नए-नए प्रोजेक्ट जनता को समर्पित कर रहे है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### जनता का विश्वास



लठैतवाद की लाठी, छद्मवाद का छल व जंगलराज की विरासत तीनों मिलकर जितना ज्यादा भ्रम का मायाजाल बुनते हैं, जनता का विश्वास उतना ही भाजपा और एनडीए के प्रति अडिग होता जाता है।

**- केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### हम करके दिखाते हैं



हमारे कर्मों में हमारे द्वारा किए गए वादे छिपे होते हैं। नए आसमान खोलने, आपके सपनों को क्षितिज तक ले जाने और उड़ान के दौरान आपका हाथ थामने के वादे। आपके सफर में हमसफर बन जाते हैं। नए आसमान आ गए हैं! हम करके दिखाते हैं!

**- गौतम अडानी, उद्यमी**

## करंट अफेयर

# यूएई को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेगा अमेरिका



सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की बहुप्रतीक्षित वाशिंगटन यात्रा की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वह इस खाड़ी देश को एफ-35 लड़ाकू विमान बेचेंगे। हालांकि, ट्रंप प्रशासन में इस बात को लेकर चिंता है कि इस तरह की बिक्री से चीन को उन्नत हथियार प्रणाली के पीछे की अमेरिकी प्रौद्योगिकी तक पहुंच मिल सकती है। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह सऊदी अरब को ये विमान बेचेंगे तो उन्होंने कहा, ''मैं कहूंगा कि हम ऐसा करेंगे। हम एफ-35 बेचेंगे।'' उन्होंने कहा, "वे हमारे लिए एक महत्वपूर्ण सहयोगी रहे हैं।" यह सात वर्षों से अधिक समय में क्राउन प्रिंस की पहली अमेरिका यात्रा होगी इसलिए उम्मीद की जा रही है कि वह अपनी इच्छाओं और मांगों की एक सूची लेकर आएंगे, जिसमें ट्रंप से अपने देश के लिए अमेरिकी सैन्य सुरक्षा के दायरे को परिभाषित करने का औपचारिक आश्वासन और अमेरिका में निर्मित दुनिया के सबसे उन्नत विमानों में से एक एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदने का समझौता शामिल है। तीन प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि रिपब्लिकन प्रशासन यह नहीं चाहता कि इस लड़ाकू विमान के सौदे से इजराइल की उसके पड़ोसियों के बीच गुणात्मक सैन्य बढ़त कम हो, खासतौर से ऐसे वक्त में जब ट्रंप अपनी गाजा शांति योजना की सफलता के लिए इजराइली समर्थन पर निर्भर हैं।

## ऑफ बीट

# वायु प्रदूषण में कमी मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद



उत्तरी गोलार्ध में सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही बादलों से घिरे सर्द दिनों का भी आगमन हो गया है। बादल पर्यावरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे न सिर्फ बारिश की बूंदें बरसाते हैं, बल्कि सूर्य की किरणों के धरती पर पहुंचने से पहले उन्हें अंतरिक्ष में परावर्तित भी करते हैं। हालांकि, 2003 से 2022 के बीच उत्तर अटलांटिक और उत्तर-पूर्व प्रशांत महासागर क्षेत्र के ऊपर के बादल कम परावर्तक हो गए, जिससे समुद्र की सतह पर धूप की पहुंच बढ़ गई और उसके तापमान में वृद्धि देखने को मिली। मेरे और मेरे सहकर्मियों के हालिया अध्ययन से पता चलता है कि वायु गुणवत्ता सुधारने के वैश्विक प्रयासों ने बादलों की क्रिया में बदलाव लाकर अनजाने में जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा दिया है। स्वच्छ आबोहवा मानव स्वास्थ्य के लिए बेहद अहम है, लेकिन कण प्रदूषण की मात्रा घटने से बादलों के शीतलन प्रभाव में भी कमी आई है, जिससे ग्लोबल वॉर्मिंग की प्रक्रिया तेज हो गई है। बादलों पर कण प्रदूषण के स्तर में बदलाव और ग्लोबल वॉर्मिंग के प्रभाव का आकलन करने के लिए हमने अपने अध्ययन में दो दशक के उपग्रह डेटा का इस्तेमाल किया। ये डेटा दिखाता है कि उत्तरी गोलार्ध में वायु मंडल के सबसे निचले स्तर में पाए जाने वाले बादल 2003 के बाद से तेजी से कम परावर्तक होते गए हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# एमपी के 122 अफसरों की मसूरी में ट्रेनिंग-एसआईआर के बीच 39 कलेक्टरों का भी सिलेक्शन, चीफ सेक्रेट्री को लिखा पत्र

39 कलेक्टरों का सिलेक्शन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग के लिए किया गया, इसमें उज्जैन संभागायुक्त के अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, रीवा जैसे बड़े शहरों के कलेक्टर शामिल हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसआईआर को लेकर चुनाव आयोग की सख्ती के बीच लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी ने मोहन सरकार के 39 कलेक्टरों, एक संभागायुक्त समेत 122 आईएएस अफसरों को 5 जनवरी से 30 जनवरी तक मसूरी में प्रशिक्षण के लिए तलब किया है। इसको लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इन अधिकारियों का समय से रजिस्ट्रेशन कराने और रिलीव करने की बात कही गई है। हालांकि इन 122 अफसरों में से 39 कलेक्टरों का ट्रेनिंग में नहीं जाना भी तय माना जा रहा है क्योंकि चुनाव आयोग के निर्देशों का पालन सरकार की पहली प्राथमिकता है।

इसलिए इन्हें मिड करियर ट्रेनिंग के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रदेश के 39 कलेक्टरों का सिलेक्शन लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशिक्षण अकादमी मसूरी में मिड करियर ट्रेनिंग के लिए किया गया है। इसमें उज्जैन संभागायुक्त के अलावा भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, सागर, रीवा जैसे बड़े शहरों के कलेक्टर शामिल हैं। इसके साथ ही मंत्रालय और अलग-अलग विभागों में विभाग प्रमुख के उप सचिव और सचिव के रूप में काम करने वाले आईएएस अधिकारियों को भी ट्रेनिंग के लिए सिलेक्ट किया गया है।

## 2016 बैच के अधिकारियों के लिए यह आखिरी मौका

24 वें मिड करियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के शेड्यूल जारी करते हुए मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पांच जनवरी 2026 से 30 जनवरी 2026 तक चलने वाले मिड करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम के फेज थ्री के लिए 2010 बैच के अधिकारियों का चयन मामला दर मामला के आधार पर किया गया है जबकि 2016 बैच के अधिकारियों के लिए यह तीसरा और अंतिम अवसर है। 2017 बैच के अफसरों के लिए दूसरा और वर्ष 2018 बैच के अफसरों के लिए पहला प्रशिक्षण अवसर है।

### ये कलेक्टर ट्रेनिंग के लिए चयनित

जिन कलेक्टरों का चयन ट्रेनिंग के लिए किया गया है उसमें भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ग्वालियर कलेक्टर रुचिका चौहान, धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, खरगोन कलेक्टर भव्या मित्तल, बड़वानी कलेक्टर जयति सिंह, झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना, आलीराजपुर कलेक्टर नीतू माथुर, खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता, बुरहानपुर कलेक्टर हर्ष सिंह, उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह शामिल हैं।

### पहली बार बने कलेक्टर भी ट्रेनिंग में होंगे शामिल

साथ ही देवास कलेक्टर ऋतु राज, शाजापुर कलेक्टर रिजु बाफना, आगर मालवा कलेक्टर प्रीति यादव, मंदसौर कलेक्टर अदिति गर्ग, नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, दतिया कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े, मुरैना कलेक्टर लोकेश रामचंद्र जांगिड़, श्योपुर कलेक्टर अर्पित वर्मा को भी ट्रेनिंग के लिए चुना गया है। इसके अलावा रीवा कलेक्टर प्रतिभा पाल, सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस, अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, उमरिया कलेक्टर धरणेंद्र कुमार जैन, हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन, बैतूल कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी, नरसिंहपुर कलेक्टर रजनी सिंह, छिंदवाड़ा कलेक्टर हरेंद्र नारायण, सिवनी कलेक्टर शीतला पटले, बालाघाट कलेक्टर मृणाल मीना और पांढुर्णा कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ का भी चयन किया गया है।

### 12 दिसंबर तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा

इसमें कहा गया है कि ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए सिलेक्ट किए गए अधिकारियों का रजिस्ट्रेशन 12 दिसंबर तक ऑनलाइन कराने की कार्रवाई कराएं। साथ ही अधिकारियों से कहा गया है कि 19 दिसंबर तक प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए संबंधित अधिकारियों के नामांकन की स्वीकृति भेजें। सभी अफसरों को 4 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी मसूरी के लिए भेजना सुनिश्चित करें। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए उन अधिकारियों का चयन किया गया है जो 31 दिसंबर 2029 के पहले सेवानिवृत्त नहीं हो रहे हैं।

### भोपाल कलेक्टर, उज्जैन कमिश्नर को भी बुलाया

मिड करियर ट्रेनिंग के लिए 2010 बैच के एमपी कैडर के दो आईएएस अधिकारी चुने गए गए हैं। इनमें भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह शामिल हैं। सागर कलेक्टर संदीप जी आर, दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल, निवाड़ी कलेक्टर जमुना भिडे, सीहोर कलेक्टर बालागुरु के, रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, राजगढ़ कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा, विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना को भी बुलाया गया है।

---

बिहार चुनाव में जीत, चलते चुनाव में छुट्टी पर जाने वालों के लिए सबक, बोले सीएम डॉ यादव

# बिहार चुनाव के दौरान कहीं भी देखने को नहीं मिला उपद्रव, न हुई बूथ केप्चरिंग, न ही हिंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सीएम डॉ. यादव ने बिहार जीत पर कहा कि यह कुशल नेतृत्व की जीत है। साथ ही कहा कि बिहार चुनाव में जीत, चलते चुनाव में छुट्टी पर चले जाने वालों के लिए सबक है। प्रधानमंत्री के 2014 के बाद एनडीए के नायक के रूप में कमान संभालने के बाद हमने सबने देखा है कि देश में किस तरह से सुशासन के मापदंड स्थापित हो रहे हैं।

यह बिहार चुनाव में कहीं भी उपद्रव, हिंसा नहीं हुई। कहीं बूथ कैप्चरिंग नहीं हुई। साथ ही सीएम ने सीएम नीतीश कुमार को भी बधाई दी है। सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे के करीब सीएम का विमानतल पर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री का एयरपोर्ट पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं एवं विधायकों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। एयरपोर्ट से लेकर कार्यक्रम स्थल दीनदयाल नगर तक पुलिस के जवान तैनात रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सीएम एयरपोर्ट से विवाह स्थल तक पहुंचे, लेकिन उससे पहले एयरपोर्ट पर वह मीडिया से रूबरू हुए हैं।

### बिहार जीत पर जताई खुशी, नीतीश को दी बधाई

सीएम ने कहा कि एनडीए ने गैर कांग्रेसी पूर्ण बहुमत की सरकार तीन बार बनाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में हम धीरे-धीरे कई प्रदेश में आगे बढ़ रहे हैं। यह लोकतंत्र की खूबसूरती का समय है, जब दुनिया हमारी तरफ देख रही है। प्रधानमंत्री की विजय यात्रा आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री सिर्फ कहते नहीं है कि सबका साथ सबका विकास बल्कि सब विकास समानता के लिए, जातिवाद के लिए सबके विकास को साथ लेकर चल रहे हैं। बिहार जीत में प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष व नीतीश कुमार को बधाई देता हूं।

### राहुल गांधी पर कसा तंज

एयरपोर्ट पर बातचीत करते हुए सीएम ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी का नाम लिए बिना ही उन पर तंज कसा है। सीएम ने कहा कि बिहार चुनाव की जीत, चलते चुनाव में छुट्टी मनाने जाने वालों के लिए भी सबक है। बता दें कि बिहार चुनाव के बीच में राहुल गांधी ने छुट्टी मनाई थी। इससे पहले रविवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी समारोह में शामिल होने आए थे। दो दिन से लगातार मध्य प्रदेश शासन के मंत्री व संगठन के नेताओं का आना-जाना जारी है।

सिंहस्थ-2028 से जुड़ी तैयारियों एवं परियोजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री डॉ. खट्टर से की सौजन्य भेंट



केन्द्रीय मंत्री डॉ खट्टर से मुख्यमंत्री डॉ यादव ने की सौजन्य भेंट।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने रविवार की शाम नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री डॉ मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की। इस दौरान डॉ यादव ने केन्द्रीय मंत्री डॉ खट्टर को सिंहस्थ-2028 आयोजन से जुड़ी तैयारियों एवं अन्य प्रमुख परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ क्षेत्र में अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों और इसके विस्तार प्रस्तावों, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, शुचिता, नदी संरक्षण, पेयजल व्यवस्था, अस्थायी आवास निर्माण आदि विषयों के संबंध में केंद्रीय मंत्री को विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 को अंतरराष्ट्रीय स्तर का सर्वोत्कृष्ट आयोजन बनाने के लिए राज्य सरकार विभिन्न बहुआयामी योजनाओं पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं स्वच्छ भारत अभियान, अमृत मिशन, स्मार्ट सिटी पहल और शहरी आधारभूत ढांचे से संबंधित अन्य योजनाओं की प्रगति की भी जानकारी दी। बैठक में अपर मुख्य, मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, केंद्रीय विद्युत, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के प्रमुख अधिकारी तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

8.57 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर धरातल पर काम है जारी

# बायो-टेक्नालॉजी सेक्टर में है बड़ा स्कोप, इस दिशा में आगे बढ़ें: सीएम

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के संदर्भ में लिए निर्णयों एवं विभागवार मिले निवेश प्रस्तावों की समीक्षा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की पुण्यधरा में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में सरकार को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इन सभी निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के लिए निवेशकों से सतत संवाद करें, उनके प्रश्नों का समाधान करें, जिससे वे जल्द से जल्द अपने निवेश प्रस्ताव को जमीन पर अमलीजामा पहनाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिसम्बर में वर्तमान सरकार के दो वर्ष पूरे हो रहे हैं। इसलिए नवम्बर माह अंत तक अधिक से अधिक औद्योगिक निर्माण इकाइयों का सामूहिक भूमिपूजन कराएं। उन्होंने कहा कि दो से ढ़ाई लाख करोड़ रुपए के कामों के एक साथ भूमिपूजन से प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य तेजी से बदलेगा। बैठक में फरवरी 2025 में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त निवेश प्रस्तावों के संबंध में राज्य सरकार द्वारा लिये गए निर्णयों एवं विभागवार मिले निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन की अद्यतन प्रगति की गहनता से विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने समिट के दौरान प्राप्त निवेश प्रस्तावों, एमओयू के क्रियान्वयन और वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में प्राप्त उत्साहजनक निवेश प्रस्तावों से मध्यप्रदेश में उद्योग और अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिलेगी और हमारा राज्य तेज गति से प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि निवेश से जुड़े सभी महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स की समय-सीमा निर्धारित कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार निवेशकों को सुरक्षित, पारदर्शी और उद्योगों के अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक विकास को गति मिले। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि जिन निवेश प्रस्तावों पर काम प्रारंभ हो चुका है, उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाए।



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में निवेशकों के साथ बैठक करते सीएम डॉ यादव

### विभागों को आपस में समन्वय बनाने के लिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने निवेश प्राप्त करने वाले सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश पर्यटन (एमपीटी) अब एक ब्रांड बन चुका है। इसका लाभ प्रदेश में उद्योग -धंधों और पर्यटन के विकास पर भी लिया जाए। उन्होंने कहा कि सम्पर्ण पर्यटन क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देने की दिशा में आगे बढ़ें, इससे पर्यटन क्षेत्र में कोई बड़ा निवेश आने पर सरकार निवेशक को उद्योग विभाग द्वारा दी जा रही सब्सिडी प्रोत्साहन योजना का भी लाभ दे सकेगी।

---

9 लाख 25 हजार रुपए की नकदी जब्त

# क्राइम ब्रांच ने पकड़ी जुए की बड़ी फड़




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

सिटी कोतवाली और क्राइम ब्रांच पुलिस ने जुआ का बड़ा फड़ पकड़ा है। पुलिस ने जुआ खेल रहे 39 लोगों को गिरफ्तार किया है।

वहीं जुए में लगाए गए 9 लाख 25 हजार नगदी रुपए जब्त किया है। दुर्ग कोतवाली थाना क्षेत्र के गया नगर में भागवत देशमुख अपने घर में जुए का फड़ चला रहा था। 18 नवंबर अलसुबह पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली। गया नगर कोस्टा तालाब के पास दुर्ग में कुछ लोग ताश पत्ती से रूपये पैसे से हार जीत का दाव लगाकर जुआ खेल खेल रहे हैं। सूचना पर उप पुलिस अधीक्षक एलेक्जेंडर किरो के हमराह कोतवाली और एसीसीयू की टीम रवाना हुई।

विज्ञान भवन नई दिल्ली में राष्ट्रपति ने कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को दिया पुरस्कार

# बालोद जिले को बेस्ट फरफॉर्मिंग के लिए मिला प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले ने जल संचय, जन भागीदारी (जेएसजेबी 1.0) अभियान के तहत पूर्वी जोन में बेस्ट परफॉरमिंग जिले का प्रथम स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर गौरव अर्जित किया है। लिहाजा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित 6वें राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय, जन भागीदारी अवार्ड समारोह में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बालोद जिले को यह महत्वपूर्ण सम्मान प्रदान किया।

जिले की ओर से कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिले को 2 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी प्रदान की गई। समारोह में केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल और राज्य मंत्री वी सोमन्ना सहित कई



वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय समग्र जिले वासियों को दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के साथ-साथ सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और जिले की जनता के अथक प्रयासों एवं सक्रिय सहभागिता के फलस्वरूप ही बालोद जिला यह मुकाम हासिल कर पाया है।

### जल संरक्षण और संवर्धन में विशेष उपलब्धि

बालोद जिले ने इस अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। भारत सरकार के मानकों के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त करने में इन कार्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई विभिन्न योजनाओं के माध्यम से 1 लाख 6 हजार 677 नवीन जल संरचनाओं का निर्माण किया गया। सामूहिक श्रम के द्वारा पूर्व निर्मित 30 हजार 849 जल स्त्रोतों की मरम्मत और साफ-सफाई की गई। और वन क्षेत्र में मृदा एवं जल संरक्षण के तहत 3 लाख 88 हजार पौधों का रोपण किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 10 हजार वाटर रिचार्ज पिट और कुल 44 हजार 49 वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण किया गया। कलेक्टर ने बताया कि ग्रामीणों ने स्वप्रेरणा और निजी राशि से 27 हजार से अधिक घरों में सोकपिट संरचनाओं का निर्माण किया।

### कल अंबिकापुर आएंगी राष्ट्रपति

पहली महिला जनजातीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 20 नवंबर को आगमन होगा। द्रौपदी मुर्मू पहली महिला राष्ट्रपति है जो सरगुजा जिला के अंबिकापुर आएंगी। इसके पूर्व 1952 में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पंडों जनजाति की दशा का प्रत्यक्ष अध्ययन करने पहुंचे थे सरगुजा के पंडों नगर पहुंचे थे। उनकी इस यात्रा की स्मृति में आज भी सरगुजा में देश का एकमात्र ग्रामीण राष्ट्रपति भवन स्मारक मौजूद है। 73 वर्ष बाद, सरगुजा एक बार फिर वही गौरवशाली क्षण जीने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अंबिकापुर आगमन को लेकर उमंग और गर्व का वातावरण निर्मित है। जनजातीय समुदाय इस अवसर को अपने इतिहास और सम्मान से जुड़े नए अध्याय के रूप में देख रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि 1952 ने सरगुजा को राष्ट्रीय पहचान दी थी, और 2025 यह गौरव पुनः स्थापित करेगा।

---

सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देश, एमपी कैडर के आईएएस कर सकेंगे आवेदन

# आईएएस अफसरों को यूपीएस चुनने का एक और मौका- 30 नवंबर तक नेशनल पेंशन स्कीम के बजाए यूनिफाइड पेंशन स्कीम चुन सकेंगे अधिकारी

मोहन यादव सरकार ने इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया है, पर इसे राज्य के कर्मचारियों के लिए लागू नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का लाभ लेने के लिए 30 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। सामान्य प्रशासन विभाग ने इसको लेकर नए निर्देश जारी कर आईएएस अफसरों को इस योजना से जुड़ने का मौका दिया है। पूर्व में इसके लिए 30 जून की तारीख तय की गई थी। वर्ष 2005 से एमपी कैडर में सेवा देने आए आईएएस अफसरों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम के स्थान पर अब यूनिफाइड पेंशन स्कीम मंजूर करने का विकल्प केंद्र और राज्य सरकार ने दिया है। यह विकल्प अखिल भारतीय सेवा के अफसरों के लिए ही है। अभी मोहन यादव सरकार ने इसको लेकर एक कमेटी का गठन किया है, पर इसे राज्य के कर्मचारियों के लिए लागू नहीं किया है। इसी तारतम्य में केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने एमपी कैडर के आईएएस अफसरों के लिए यूपीएस चुनने का एक और मौका दिया है। जीएडी द्वारा इसको लेकर जारी निर्देश में कहा गया है कि जो आईएएस अधिकारी यूपीएस चुनना चाहते हैं, उन्हें रिटायरमेंट पर अंतिम वेतन के 50 प्रतिशत के बराबर मासिक पेंशन मिलने की सुविधा मिलेगी। यूपीएस चुनने के लिए जीएडी को संबंधित अधिकारी फिजिकली तीन कॉपी में आवेदन देंगे।



### सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी के पोर्टल होगा दर्ज

यह विकल्प केंद्र सरकार के सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी के पोर्टल पर भी ऑनलाइन दिया जा सकता है। एक बार इसे स्वीकार करने के बाद इसे बदला नहीं जा सकेगा। पहले इसके लिए केंद्र के निर्देश पर राज्य शासन ने 30 जून 2025 की समय-सीमा तय की थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर तीस नवम्बर तक कर दिया गया है। यानी अगले 13 दिनों में इस विकल्प का चयन कर आईएएस अधिकारी एनपीएस से यूपीएस का चयन कर सकेंगे।

# अलाव की चपेट में आए बुजुर्ग की झुलसने से हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

जिले के करतला थानांतर्गत ग्राम बडमार में मंशीदास महंत 72 वर्ष निवास करता था। उसके साथ ही सात पुत्र व पत्री भी रहते थे। वे प्रतिदिन ठंड से बचने घर में ही अलाव लगाते आ रहे थे। उन्होंने रविवार को भी अलाव जलाया था। वे सभी देर शाम तक अलाव तापते रहे. इसके बाद अपने अपने कमरे में चले गए। मंशीदास अलाव के समीप ही जमीन चटाई बिछाकर कंबल ओढ सो गया। रात करीब 12 बजे मंशीदास की चीख पकार सुनकर परिजनों की नींद खल गईं। वे बाहर निकले तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। अलाव के आग ने बुजुर्ग को पूरी तरह चपेट मेंले लिया था। वह कंबल सहित जल रहा था। परिजनों ने चादर की मदद से किसी तरह आग को बुझाने में सफलता पाई, तब तक बुजुर्ग करीब 80 फीसदी झुलस चुका था। परिजनों ने प्राथमिक उपचार के बतौर शरीर में स्याही लगाया।

## नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा

# कल्याण के मार्ग का पथ प्रदर्शक प्राप्त कराती है शिव कथा : द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज

जबलपुर। संस्कारधानी के घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ श्री शिव महापुराण कथा के द्वितीय दिवस मंगलवार को परम पूज्य अनन्तश्री विभूषित पश्चिमाम्नाय द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का मंगलवार को कथा स्थल पर पर्दापर्ण हुआ। श्री शिव महापुराण कथा समिति के मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज एवं सुरेन्द्रानंद महाराज, चंदकिरण महंत दयानंद गिरि जी जनपद अध्यक्ष ने उनका स्वागत किया। इसके बाद पादुका एवं पोथी का पूजन मुख्य यजमान पं. देवेन्द्र पचौरी, यज्ञ मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी, कार्यवाहक समायोजक चित्रा देवी जी नवनीत माहेश्वरी जी, विभव माहेश्वरी, प्रभव माहेश्वरी जी, कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित राममूर्ति मिश्रा, कार्यवाह समायोजक पं. हरकृष्ण पचौरी, पुष्पा पचौरी, आयोजन के प्रभारी बलराम यादव हरगोविंद सिंह, पुर्विया राजा भैया, पवन दुबे, महामंत्री कौशल यादव, भंडारा प्रमुख मुकेश ठाकुर द्वारा किया गया। श्री गिरि बापू जी का सत्कार शिव भक्त देवेन्द्र पटेल, मनोज पटेल, नीरज कुचिया व श्रीमति सरला दुबे, पंडित पूर्णनंद कुमार श्रोती, संतोष धुर्वे, कौशलेन्द्र महाजन जी ने माल्यापर्ण कर किया।कथा पर अपने आशीर्वचन प्रदान करते हुए श्री महाराज श्री ने कहा शिव कथा कल्याण के मार्ग का पथ प्रदर्शक प्राप्त



कराती है। शिव का नाम ही कल्याण है इसलिए स्तुति की जाती है। रूद्र सुप्त में प्रार्थना है कि मेरे मन को शिव संकल्प वाला बना दिया। देवाधि महादेव हमारे मन को शिव संकल्प वाला बना दें। मन शिव संकल्प वाला बन जाता है। इंद्रियों का सारथी मन है, जब और सारथी ही सत्य पथ प्रदर्शक शिव संकल्पित हो तो इंद्रिया कुमार्ग पर नहीं जा सकती है। उन्होंने कहा वेद से सारे प्रमाण सिद्ध हो जाते हैं। मां नर्मदा के संरक्षण को लेकर उन्होंने कहा जिस तरह से गौरक्षा के लिए अभियान चला है उसी तरह मां नर्मदा के संरक्षण के लिए भी अभियान चलना चाहिए। पहले की अपेक्षा समाज में जागरुकता आई है, लेकिन हिंदुओं और हिंदुओं की सरकार को भी जगाना पड़ता है। मां नर्मदा में गंदगी न मिले यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। बांधों का भी हम लोग समर्थन नहीं करते हैं। पहले बांध को रोकने के लिए गुरु जी जगद्गुरु शंकराचार्य ने बहुत आंदोलन किए प्रयास किए। भेड़ाघाट में कारखाने से निकल नर्मदा में मिलने वाले गंदगी को रोकने के लिए भी आंदोलनों को चलाया। प्रजा का मौन समर्थन हिंदुओं के लिए कष्टदायी है। हमें कहां और किस सीमा तक सहन करना है उसकी सीमा होती है। अधर्म का विरोध नहीं करेंगे तो उसकी वृद्धि होने लगेगी। धर्म के पालन का मार्ग चुनना चाहिए। मां के संरक्षण के लिए एक जुट होकर संकल्पित होकर काम करने की जरूरत है। कथा श्रवण में आनंद मोहन पलहा, ठाकुर देवेन्द्र सिंह, मनोज पटेल, रामप्रकाश शर्मा, अवधेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### सभी पितरों को तृप्त करने वाले महादेव है : गिरि बापू जी महाराज

अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरिबापू जी महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए कहा जो कथा श्रवण करेगा उसे भगवान महादेव सर्व इच्छा को पूर्ति करते हैं। भगवान महादेव की कथा की प्रीति बहुत सौभाग्यशाली लोगों को होती है।
हमारी सनातनी परंपरा में बहुत से भगवान है, लेकिन जिन्हें जगत पिता सम्मान भगवान शिव है। इसमें कोई भेद नहीं है। शिव महाग्रंथ में कहा है कि जो मनुष्य महादेव की आराधना करते हैं उनके पितृ अतृप्त नहीं रहते हैं। सभी पितरों को तृप्त करने वाले महादेव है। जिनकी भक्ति में महादेव है उनका जीवन धन्य है। जिन्होंने महादेव का जलाभिषेक कर दिया उनके पितृ तृप्त होते है। भगवान व्यास जी ने कहा शिव हम सबके पिता हैं हम आपकी वंदना करते हैं। हम भगवान व्यास जी प्रसाद ग्रहण करते हैं। विश्व का कोई भी देव महादेव की महिमा नहीं गा सकता है। विश्व में किसी के पास महादेव के गुणों का विस्तार करने का सामर्थ्य नहीं है।




# कोहरे के दौरान रेलों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए

**संरक्षा समीक्षा बैठक में महाप्रबंधक के निर्देश**

**जबलपुर**। पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में मंगलवार को सेफ्टी रिव्यु मीटिंग आयोजित की गई। बैठक में संरक्षा, समयपालनता, स्टेशन पुनर्विकास, अधोसंरचना निर्माण कार्यो एवं रेलवे के सेफ्टी अनुक्षण जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा रेल कर्मियों को सर्दियों के मौसम में कोहरे के समय सेफ्टी अनुरक्षण के दौरान मिलने वाली सुविधाओं एवं सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय एवं रेलगाड़ियों के संरक्षित परिचालन पर जोर देने की बात कही गई। बैठक की शुरुआत में महाप्रबंधक श्रीमती बंदोपाध्याय ने कहा कि संरक्षित एवं सुरक्षित रेल संचालन हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अधोसरंचना कार्यो की समीक्षा के निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने शर्दियों के मौसम में कोहरे के दौरान समयपालनता एवं ट्रेन परिचालन की निरंतर मॉनेटरिंग तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्देशित संरक्षा नियमों को सुनिश्चित करने हेतु आयश्यक दिशा निर्देश दिए।। इसके आलावा रेलवे में तेजी से चल रहे स्टेशन पुनर्विकास के कार्य और अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और तीनों मण्डल के सम्बंधित अधिकारियों को काम में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार सुश्री मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक मनीष तिवारी, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# कंप्यूटर पर यूनिकोड का प्रयोग पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर**। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग एवं रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ावा देने तथा अधिकारियों, कर्मचारियों को दैनिक सरकारी कामकाज राजभाषा हिंदी में करने के दौरान आने वाली कठिनाईयों को दूर करने के उद्देश्य से श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय, महाप्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल के संरक्षण और मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी एम.एस.हाशमी के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक कार्यालय,पमरे के विभिन्न विभाग में कार्यरत संपर्क राजभाषा अधिकारियों एवं



कर्मचारियों के लिए ₹कंप्यूटर पर यूनिकोड का प्रयोग₹ विषय पर एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानकर्ता घनश्याम प्रसाद नामदेव ने कार्यशाला के दौरान कंप्यूटर पर यूनिकोड का प्रयोग की सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक कठिनाइयों पर चर्चा कर तत्काल समस्याओं का समाधान किया। इस हिंदी कार्यशाला में 08 रेल अधिकारियों एवं 36 कर्मचारियों सहित कुल 44 प्रशिक्षार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# विद्यार्थियों ने ओलंपियाड के माध्यम से दिखाई अपनी प्रतिभा

## 26 हजार 367 विद्यार्थियों ने की उत्साहपूर्वक सहभागिता

**जबलपुर**। राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देश अनुसार जिले के 63 जनशिक्षा केन्द्रों में शासकीय स्कूलों के कक्षा 2 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। कुल पंजीकृत 28 हजार 827 विद्यार्थियों में से 26 हजार 367 विद्यार्थियों ने जन शिक्षा केंद्र स्तर की ओलंपियाड परीक्षा में उत्साह पूर्वक सहभागिता की। यह परीक्षा कक्षा 2- 3, 4-5, एवं 6 से 8 स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। यह परीक्षा ओएमआर शीट पर आधारित होती है जिससे बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सहायता मिलती है। इस ओलंपियाड परीक्षा के पश्चात विद्यार्थियों को भोजन भी कराया गया। यह ओलंपियाड



परीक्षा कक्षा 2 -3 के विद्यार्थियों के लिए हिन्दी, गणित, अंग्रेजी,कक्षा 4-5 के विद्यार्थियों के लिए हिंदी, गणित, अंग्रेजी,पर्यावरण, तथा कक्षा 6 से 8 के लिए सामान्य ज्ञान, हिंदी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, अंग्रेजी विषयों पर आधारित है. शाला स्तर से पंजीकृत छात्र-छात्राओं ने जनशिक्षाकेंद्र स्तर पर सहभागिता की. इसके पश्चात जनशिक्षा केंद्र स्तर से चयनित छात्र-छात्रायें जिला स्तर की ओलंपियाड परीक्षा में सहभागिता करेंगें. ओलंपियाड परीक्षा आयोजन का उद्देश्य शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं में चिंतन, तार्किक क्षमता,सामाजिक, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित कर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा ने ओलंपियाड परीक्षा केंद्रो सेंटनॉर्बट स्कूल, पंडित लज्जा शंकर झा मॉडल हाई स्कूल, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पनागर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एपीसी राजेश तिवारी, बीएसी अजय रजक भी साथ थे।



# सकारात्मक सोच से ही समाज में सम्मान है

**जबलपुर**। रिटायर्ड साथियों की मासिक बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के रक्षा संस्थान, आयुध निर्माणी की महत्वपूर्ण यूनिट जीआईएफ से सेवा निवृत राजपत्रित अधिकारी प्रमोद दुबे, ओम प्रकाश सिंह, सपन कुमार सरकार, प्रण नाथ झा, गुरमुख दास तलरेजा व अनिल कुमार शुक्ला ने अपने–अपने जीवन के अनुभव, कार्यकाल की स्मृतियाँ और वर्तमान जीवनशैली से जुड़ी बातों को एक-दूसरे के साथ साझा किया। मित्रों ने एक दूसरे को बताया कि रिटायरमेंट के बाद का वक्त स्वास्थ्य, सकारात्मक सोच और सामाजिक जुड़ाव के साथ अधिक आनंदमय बनाया जा सकता है। साथियों ने अपनी कार्यप्रणाली, सेवा काल की नैतिक जिम्मेदारी व मधुर यादों, परिवार के प्रति जिम्मेदारियों और समाज के लिए किए जा रहे छोटे–बड़े योगदानों पर भी आत्मिक चर्चा की। अनिल शुक्ला ने बताया कि बैठक में यह विशेष महसूस किया गया कि नियमित संवाद, मित्रता और अनुभवों का आदान–प्रदान जीवन को साहसी व समृद्ध बनाता है तथा नई पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनता है। इस खास मौके पर रिटायर्ड पर्सनल सैकेट्री एस के सरकार के जन्मदिन को यादगार बनाते हुए प्रमोद दुबे, ओ पी सिंह, पी एन झा, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला ने मोतियों की माला पहनाकर स्वागत कर हमेशा स्वस्थ और दीर्घायु की शुभकामनाएं देते हुए उपहार भेंट किया।

### नर्मदा सौंदर्य प्रतियोगिता के निर्णय लिफाफे में बंद

**जबलपुर**। कार्तिक पूर्णिमा को निकाली गई नर्मदा पंचकोषी परिक्रमा के दौरान नर्मदा सौंदर्य प्रतियोगिता के तहत छायाकारो ने 150 सौ से अधिक फोटो जमा किए। इनमें से सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन करने के लिए वरिष्ठ जानकार निर्णायक के रुप में उपस्थित हुए और अपना निर्णय लिफाफा में बंद कर दिया। फोटो का जजमेंट केके अग्रवाल सुरेंद्र महीधर नीरज बेगड ने किया, जिसमें प्रथम पुरस्कार द्वितीय एवं तृतीय एवं 11 सांत्वना पुरस्कार का निर्णय किया जिसका बंद



लिफाफा निर्णायक अपने साथ ले गए। पुरस्कार वितरण 23 नवंबर रविवार को आर्य समाज भवन में सुबह 10:00 बजे किया जाएगा। प्रथम पुरुस्कार 11 हजार, द्वितीय पुरस्कार 5 हजार और तृतीय पुरस्कार 3 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा। सांत्वना पुरुस्कार के रुप में 1-1 हजार रुपए की राशि दस लोगों को प्रदान की जाएगी। उपस्थिति की अपील संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट प्रणव अग्रवाल सीए दीपक असरानी आदि ने की है।

# पमरे ने नशा मुक्त भारत अभियान के आयोजन में दिलाई शपथ



**जबलपुर**। नशा मुक्त भारत अभियान के आयोजन के 5 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समापन समारोह का आयोजन मंगलवार को पश्चिम मध्य रेल की सभी इकाईयों पर किया गया। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार के मार्गदर्शन में मुख्यालय सहित सभी इकाईयों पर नशा मुक्ति की शपथ ली गई। आयोजित कार्यक्रम से मुख्यालय सहित पश्चिम मध्य रेल की सभी इकाईया ऑनलाइन माध्यम से जुड़ीं। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ऑनलाइन माध्यम से भी नशा मुक्ति की शपथ लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त किया।




# रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से लगा "रायन वेलनेस कैम्प"

**जबलपुर**। रायन इंटरनेशनल स्कूल, शांतीनगर में अपोलो हॉस्पिटल के सहयोग से रायन वेलनेस कैम्प का सफल आयोजन किया गया। इस कैम्प का उद्देश्य विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सभी तक पहुँचाना रहा।कैम्प के दौरान अपोलो हॉस्पिटल की टीम द्वारा स्वास्थ्य संबंधी प्राथमिक जाँच, बीपी व शुगर टेस्ट, स्वास्थ्य परामर्श, पोषण मार्गदर्शन तथा स्वस्थ जीवनशैली पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। अभिभावकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और विद्यालय की इस पहल की सराहना की।यह आयोजन विद्यालय की इस प्रतिबद्धता को दर्शाता है कि वह शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों और अभिभावकों के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण पर भी विशेष ध्यान देता है।

### बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने उठाया शिविर का लाभ

# एमपी ट्रांसको में लगाया गया डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर

जबलपुर।

भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए 18 नवंबर को जबलपुर में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल मेहरोत्रा ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई



गई, जिससे उपस्थित पेंशनर्स को आधुनिक डिजिटल सुविधाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ।शिविर का मुख्य उद्देश्य पेंशनर्स को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जनरेट करने की सरल एवं त्वरित प्रक्रिया से अवगत कराना और उन्हें एक ही स्थान पर सहज सेवाएँ उपलब्ध कराना था।

शिविर को सफल बनाने में संयुक्त निदेशक पेंशन एसजी हीरेमठ, उपनिदेशक पेंशन यदुराज राय, उपनिदेशक टर्मिनल बेनिफिट ट्रस्ट एवं नवीन पेंशन योजना मिस नेहा गुप्ता तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में पेंशनर्स ने भाग लिया और सुविधाओं का लाभ उठाया। एमपी ट्रांसको द्वारा भविष्य में भी पेंशनर्स के लिए ऐसी उपयोगी एवं सहायक गतिविधियाँ निरंतर आयोजित करने की योजना है।

# केंद्र व राज्य आत्मनिर्भरता की दिशा में कर रही काम: डॉ. जामदार

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में मातृ शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका

**जबलपुर**। आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा महिला सम्मेलन का आयोजन जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ नेता डॉ जितेंद्र जामदार, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, महामंत्री रजनीश यादव, पंकज दुबे, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्रीमती अश्वनी पराँजपे, वरिष्ठ नेत्री श्रीमती सुषमा जैन, जिला मंत्री डिम्पी विश्वकर्मा, रेनू कोरी, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित किया गया।आत्मनिर्भर भारत अभियान के संयोजक डॉ जितेंद्र जामदार ने सम्मलेन को सम्बोधित करते हुये कहा 2047 में भारत विश्व का नेतृत्व करें और एक विकसित भारत बनेगा यह संकल्प हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है और विकसित भारत के इस संकल्प को पूरा करने हमें आत्मनिर्भर भारत बनना होगा और




आत्मनिर्भर भारत तब बनेगा जब हम स्व निर्मित वस्तुओं का उपयोग प्रारम्भ करेंगे।डॉ जामदार ने कहा हमारी सरकारे चाहे केंद्र की हो या राज्यों की दोनों आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कार्य कर रही है। भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने उपस्थित मातृ शक्ति को स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने सम्मलेन को सम्बोधित करते हुये कहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियंता जो पं दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती 25 सितम्बर से प्रारम्भ हुआ और 25 दिसंबर पं अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती तक चलेगा।सम्मलेन को विधायक अशोक रोहाणी ने सम्बोधित करते हुये कहा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में देश की महिलाओ का महत्पूर्ण योगदान है देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मातृ शक्ति के उत्थान के जितनी योजनाएं हमारी सरकारों ने लागू की उतनी पूर्व में कभी नहीं हुई और हमें आत्मनिर्भर और विकसित भारत यदि हमें बनाना है तो उसमे सबसे पहली भूमिका हमारी माताओ बहिनों की ही होंगी। महिला सम्मलेन की शुभारम्भ वन्दे मातरम गान एवं महापुरुषों पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती रूपा राव एवं आभार महानगर महामंत्री श्रीमती रीना राय ने व्यक्त किया।

महिला सम्मलेन में वरिष्ठ नेत्री प्रीति वाजपेयी, रत्ना श्रीवास्तव, महिला मोर्चा महामंत्री रीना राय, मधुबाला राजपूत, अर्चना अग्रवाल, कल्पना तिवारी, नीता रजक, श्वेता सिंह, दीपमाला केसरवानी, सुमन यादव, पार्षद लवलीन आंनद, अंशुल यादव, प्रिया तिवारी, सोनिया सिंह, प्रतिभा भापकर, अर्चना सिसोदिया, वर्षा सेन नूपुर लखेरा, पूनम प्रसाद, अर्चना यादव, कुसुम चौबे, मोना साहू के साथ बड़ी संख्या में मातृ शक्ति उपस्थित थी।

In The Court Of XXIX Civil Judge, Class-I, District Court,Jabalpur
Presiding Officer: शुभांगी पालो दत्त
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCS A/0001301/2025)
आनंद कुमार मिश्रा.....................वादी
Vs श्रीमान कलेक्टर महोदय.......प्रतिवादी
Process Id-/2025
पेशी दिनांक :- 12/12/2025
प्रेषिती-
(1) आम जनता पता - जिला जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी आनंद कुमार मिश्रा ने आपके विरूद्ध आरसीएसए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 13 November 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायाधीश
मुद्रा (श्रीमती शुभांगी पालो दत्त)
उन्तीसवें व्यवहार न्यायाधीश
(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी पेशी दिनांक पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

नाम सुधार
मैं, आर्मी नंबर 15778442K रैंक-पूर्व हवलदार, नाम-निलेश कुमार मिश्रा पिता दिनेश कुमार मिश्रा निवासी मकान नंबर 665/B, गली नंबर 12, सदर बाजार, कैंट, जबलपुर मप्र-482001 आधार कार्ड संख्या 3298 3786 0562 मुझ शपथकर्ता के भारतीय सेना के दस्तावेजिक रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम नैन्सी दर्ज हो गया है जो कि गलत व असत्य नाम हैं। मुझ शपथकर्ता की पुत्री के जन्म प्रमाण, शैक्षणिक दस्तावेज, आधार कार्ड के अनुसार मेरी पुत्री का सही व सत्य नाम नैन्सी मिश्रा है। अतः मुझ शपथकर्ता की पुत्री का सही व सत्य नाम नैन्सी मिश्रा को मेरे भारतीय सेना के दस्तावेजिक रिकार्ड में दर्ज करे। शपथ पत्र दिनांक - 18/11/2025 समक्ष पब्लिक नोटरी महोदय रामदास शर्मा मप्र उच्च न्यायालय जबलपुर मप्र।
सही नाम-नैन्सी मिश्रा
गलत नाम-नैन्सी

नाम परिवर्तन सूचना
मैं मेघना रमन रैकवार पति श्री राजेश रमन रैकवार, निवासी- 125, रॉयल स्टेट कटंगी रोड माढोताल, जबलपुर म.प्र. 482002 आधार नं. 5395 0073 7904 शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मैं उक्त पते पर निवास करती हूँ। मेरे आधार कार्ड 5395 0073 7904 में मेरा नाम मेघना रमन रैकवार पति श्री राजेश रमन रैकवार दर्ज है जो कि सही व सत्य है। मेरे 10वीं एवं 12वीं की अंक सूचि में मेरा नाम मेघना विश्वकर्मा पिता हरि शंकर विश्वकर्मा दर्ज था। मेघना रमन रैकवार एवं मेघना विश्वकर्मा दोनों नाम मेरे हैं, एवं उक्त दोनों नामों से मैं, जानी, पढ़ी व पहचानी जाती हूँ। मेरा विवाह होने के बाद आज से मुझे मेरा नाम मेघना रमन रैकवार पति श्री राजेश रमन रैकवार के नाम से जाना जाये, एवं मेरे सभी दस्तावेजों में मेघना रमन रैकवार पति श्री राजेश रमन रैकवार दर्ज किया जाये। अतः मेरे द्वारा उपर दी गयी जानकारी सत्य व सही है। BV-055036

नाम परिवर्तन सूचना
मैं भारती तिवारी वर्ष 32 पति श्री सचिन कुमार द्विवेदी निवासी मकान नंबर 229, जय प्रकाश वार्ड, छोटी खेरमाई, पनागर, जिला जबलपुर शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर स्थाई रूप से निवास करती हूँ। मेरी शादी दिनांक 07/12/2015 को दोनों परिवार की सहमति से हिन्दू रीति रिवाज के अनुसार श्री सचिन कुमार द्विवेदी पिता श्री सुरेश प्रसाद द्विवेदी के साथ संपन्न हो चुकी है। शादी के पूर्व मेरा नाम भारती तिवारी पिता श्री दयानंद तिवारी था जो कि मेरे समस्त शिक्षा प्रमाण पत्रों मे दर्ज है। शादी के बाद भारती तिवारी पिता श्री दयानंद तिवारी की जगह मेरा नाम श्रीमति भारती द्विवेदी पति श्री सचिन कुमार द्विवेदी पढ़ा एवं लिखा जावे। भारती तिवारी एवं श्रीमति भारती द्विवेदी ये दोनों नाम एक ही महिला के याने कि मेरे हैं। अतः जानकारी बावत शपथ-पत्र प्रस्तुत है।
CN-345933 शपथकर्ता